संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 08 अप्रैल 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 95 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने अंतरिक्ष संस्कृति विकसित करने पर जोर दिया।

# शेयर मार्केट में आया भूचाल, 19 लाख करोड़ डूबे

● स्टॉक मार्केट में ''ब्लैक मंडे'' से हाहाकार, शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में जबरदस्त गिरावट, कई साल बाद शेयर बाजार में ब्लैक मंडे बनने की आशंका बन गई

**पैसे डूबे**

**▶▶ निफ्टी 980.60 अंक की कमजोरी के साथ 21,923.85 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था**






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** अमेरिका की नई ट्रेड पॉलिसी के कारण दुनिया भर के बाजारों में मचे हड़कंप का असर घरेलू शेयर बाजार पर भी आज साफ-साफ नजर आया। स्टॉक मार्केट शुरूआती कारोबार में ही 4 प्रतिशत से भी अधिक की गिरावट का शिकार हो गया। जिससे कई साल बाद शेयर बाजार में ब्लैक मंडे बनने की आशंका बन गई। कारोबार की शुरूआत जबरदस्त कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर सेंसेक्स और निफ्टी को सहारा देने की कोशिश भी की। इस लिवाली से बाजार की स्थिति में सुधार जरूर हुआ, लेकिन पहले 15 मिनट के कारोबार के बाद ही बाजार में बिकवाली शुरू हो गई, जिससे दोनों सूचकांक में एक बार फिर गिरावट का रुख बन गया। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 4.03 प्रतिशत और निफ्टी 4.28 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से कोई भी शेयर चौतरफा बिकवाली के दबाव के कारण हरे निशान में कारोबार नहीं कर रहा था। दूसरी ओर ट्रेंट लिमिटेड, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, ओएनजीसी और एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयर 16.55 प्रतिशत से लेकर 6.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,531 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से सिर्फ 97 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 2,434 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से कोई भी शेयर हरे निशान में नहीं था। इस सूचकांक के सभी 30 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से भी सभी शेयर लाल निशान में ही कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स 3,914.75 अंक टूट कर 71,449.94 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के थोड़ी देर बाद खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक ओपनिंग लेवल से करीब 1,700 अंक उछल कर 73,149.12 अंक तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिससे इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 3,040.87 अंक फिसल कर 72,323.82 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 1,146.05 अंक की जबरदस्त गिरावट के साथ 21,758.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के कुछ मिनट बाद ही खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया और आक्रामक अंदाज में लिवाली शुरू कर दी, जिससे पहले 15 मिनट के कारोबार में ही यह सूचकांक ओपनिंग लेवल से 431.60 अंक उछल कर 22,190 अंक के स्तर तक पहुंचने में सफल रहा। हालांकि बाजार की ये तेजी अधिक देर तक नहीं टिक सकी। सुबह 9:30 बजे के बाद बिकवाली शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 980.60 अंक की कमजोरी के साथ 21,923.85 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टीम ने टैरिफ का बचाव किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाशिंगटन:** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शीर्ष सहयोगी शनिवार को विभिन्न मीडिया आउटलेट्स पर पहुंचे और टैरिफ का बचाव किया। कुछ ने कहा कि उन्होंने पहले ही विदेशी देशों की प्रतिक्रिया सुनी। यह देश अब सौदा करने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप के शीर्ष आर्थिक सलाहकारों ने दुनिया भर के वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल को खारिज कर दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह व्यापार युद्ध अंततः अमेरिका के आर्थिक भाग्य को बेहतर बनाएगा। न्यूयॉर्क टाइम्स के विश्लेषण में कहा गया कि ब्रेक्सिट की तरह ट्रंप के टैरिफ ने स्थापित व्यवस्था पर बड़ा प्रहार किया है। वैश्विक वाणिज्य के आधार के रूप में यूएस की स्थिति का मतलब है कि ट्रंप के कदम का व्यापक प्रभाव पड़ रहा है। हालांकि ब्रेक्सिट की तरह अंतिम परिणाम भी अनिश्चित हैं। ट्रंप अभी भी अपने फैसले को उलट सकते हैं। आशावादी बताते हैं कि




यूरोपीय संघ ब्रिटेन के जाने के बाद भी नहीं टूटा। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि अर्थशास्त्रियों ने कहा कि मुक्त व्यापार का उदय अपरिवर्तनीय हो सकता है। इसके लाभ इतने शक्तिशाली हैं कि बाकी दुनिया इस प्रणाली को जारी रखने का कोई रास्ता खोज सकती है। कई लोगों का मानना है कि टैरिफ दर अपेक्षा से कहीं अधिक है और इसने अमेरिका के कारपोरेट जगत को अराजकता में डाल दिया। वॉल स्ट्रीट अभी भी पिछले सप्ताह के नतीजों से उबर नहीं पाया है। सीएनएन की खबर के अनुसार, इस टैरिफ से शेयर बाजार में बिकवाली और मंदी की आशंका पैदा हो गई है। ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने रविवार को टेलीविजन नेटवर्क पर राष्ट्रपति के व्यापक टैरिफ का बचाव किया। अधिकारियों ने तर्क दिया कि आयात कर पहले से ही दर्जनों देशों को सौदेबाजी की मेज पर आने के लिए मजबूर कर रहे हैं। कृषि सचिव ब्रुक रोलिंस ने कहा कि 50 देशों ने इस मसले पर राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत करने के लिए इच्छुक हैं। उनके फोन व्हाइट हाउस में घनघना रहे हैं।

## ग्लोबल मार्केट से जबरदस्त गिरावट के संकेत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** ग्लोबल ट्रेड वॉर की आशंका के कारण दुनिया भर के बाजारों में कोहराम मचा हुआ है। ग्लोबल मार्केट से आज जबरदस्त कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बड़ी गिरावट का शिकार होकर बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज जबरदस्त कमजोरी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में भी पिछले सत्र के दौरान 5 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। एशियाई बाजार में भी आज चौतरफा सुनामी का माहौल बना हुआ है। अमेरिका की नई



टैरिफ पॉलिसी के कारण दुनिया भर के शेयर बाजारों में मचे हड़कंप के आने वाले दिनों में भी जारी रहने के आसार हैं। पिछले सत्र के कारोबार के दौरान अमेरिकी बाजार में चौतरफा बिकवाली होती रही। बिकवाली के दबाव का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सिर्फ दो दिन के कारोबार में ही अमेरिका में निवेशकों को 5 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हो चुका है। पिछले सत्र के दौरान एसएंडपी 500 इंडेक्स 322.44 अंक यानी 5.97 प्रतिशत टूट कर 5,074.08 अंक के स्तर पर बंद हुआ। नैस्डेक ने 948.58 अंक यानी 5.73 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 15,602.03 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल 1,021.62 अंक यानी 2.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ 37,293.24 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

## यूरोपीय बाजार में भी लगातार दबाव बना रहा

**अमेरिका** की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 419.76 अंक यानी 5.21 प्रतिशत फिसल कर 8,054.98 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 324.03 अंक यानी 4.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,274.95 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 1,075.67 अंक यानी 5.21 प्रतिशत की जबरदस्त कमजोरी के साथ 20,641.72 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में भी आज निराशा का माहौल बना हुआ है।

एशिया के 9 बाजारों में से 7 के सूचकांक गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। थाईलैंड और इंडोनेशिया के स्टॉक एक्सचेंज में छुट्टी होने की वजह से सेट कंपोजिट इंडेक्स और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। गिफ्ट निफ्टी फिलहाल 837 अंक यानी 3.65 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,122 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 117.69 अंक यानी 4.77 प्रतिशत टूट कर 2,347.73 अंक के स्तर तक पहुंच गया है।

## ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी से क्रिप्टो मार्केट भी गिरा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण दुनिया भर के स्टॉक मार्केट में हलचल मचने के साथ ही क्रिप्टो करेंसी मार्केट में भी जबरदस्त गिरावट आ गई है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की कीमत लगातार गिरती जा रही है। जनवरी में 1,09,000 डॉलर के स्तर को पार करने वाला बिटकॉइन के कारोबार में 76,753 डॉलर के स्तर तक गिर चुका है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव प्रचार के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में स्ट्रैटेजिक क्रिप्टो रिजर्व बनाने और क्रिप्टो से जुड़े नियमों में ढील देने की बात कही थी। इसी वजह से चुनाव परिणाम आने के बाद बिटकॉइन की कीमत में जोरदार तेजी दर्ज की गई थी। चुनाव परिणाम आते ही 6 नवंबर, 2024 को इस क्रिप्टो करेंसी ने पहली बार 75 हजार डॉलर के आंकड़े को पार किया था। इसके बाद लगातार तेजी दिखाते हुए ये क्रिप्टो करेंसी 20 जनवरी, 2025 को अपने सर्वोच्च स्तर 1,09,114.88 डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच गई। बिटकॉइन में आई इस तेजी के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ का राग छेड़ना शुरू कर दिया, जिससे ग्लोबल ट्रेड वॉर शुरू होने की आशंका बन गई। इस वजह से स्टॉक मार्केट की तरह ही क्रिप्टो करेंसी मार्केट में भी दबाव बन गया, जिससे बिटकॉइन की चाल में भी गिरावट आने लगी। फिलहाल डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी लागू होने के बाद इस क्रिप्टो करेंसी की चाल में जोरदार गिरावट दर्ज की गई है। बिटकॉइन फिलहाल अपने ऑल टाइम हाई लेवल से 29 प्रतिशत से अधिक की गिरावट का शिकार हो चुका है। आज के कारोबार में ये क्रिप्टो करेंसी लुढ़क कर 76,753.35 डॉलर के स्तर तक गिर चुकी है। बिटकॉइन की तरह ही दूसरी प्रमुख क्रिप्टो करेंसीज भी अमेरिका की नई ट्रेड पॉलिसी की वजह से बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। बिटकॉइन के बाद मार्केट कैप के लिहाज से दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम 14.05 प्रतिशत की गिरावट का शिकार होकर 1,554.08 डॉलर के स्तर पर आ गई है। इसी तरह डॉगकॉइन की कीमत में भी 15.20 प्रतिशत की कमजोरी दर्ज की गई है।

**आदर्श विचार**



कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता है। - भगवत गीता

**मन की बात**



सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं। -स्वामी विवेकानंद

## शिक्षा व्यवस्था को नष्ट करने की साजिश चल रही है: ममता बनर्जी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों से मुलाकात की। ममता बनर्जी ने कहा, 'शिक्षा व्यवस्था को नष्ट करने की साजिश चल रही है। 9वीं, 10वीं, 11वीं, 12वीं के शिक्षक उच्च शिक्षा के प्रवेश द्वार हैं। कई शिक्षक स्वर्ण पदक विजेता हैं, उन्होंने अपने जीवन में बेहतरीन परिणाम हासिल किए हैं। आप उन्हें चोर कह रहे हैं। आप उन्हें अक्षम कह रहे हैं। आपको यह अधिकार किसने दिया कौन यह खेल खेल रहा है नौकरी खोने वाले लोगों को संबोधित करते हुए ममता ने कहा, 'कृपया यह न समझें कि हमने इसे स्वीकार कर लिया है। हम पत्थर दिल नहीं हैं और ऐसा कहने के लिए मुझे जेल भी हो सकती है, लेकिन मुझे इसकी परवाह नहीं है।

नौकरी खो चुके सैकड़ों लोगों ने ममता बनर्जी से मुलाकात की।

## सीडीएस ने दिया अंतरिक्ष संस्कृति विकसित करने पर जोर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने अंतरिक्ष संस्कृति विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मानवता एक ऐसे युग के मुहाने पर है जहां अंतरिक्ष युद्ध के एक नए क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। इसलिए अंतरिक्ष संस्कृति को विकसित किया जाए। इसमें सिद्धांत, शोध और समर्पित युद्ध विद्यालय शामिल किए जाएं।

दिल्ली में भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी के तीसरे संस्करण के उद्घाटन के दौरान सीडीएस अनिल चौहान ने कहा कि भविष्य में सेनाओं के पास अपने स्वयं के अंतरिक्ष युद्ध विद्यालय भी होंगे।

## वक्फ कानून के खिलाफ होगी सुनवाई

**मांग**

**▶▶ क्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट केजज को केरल हाईकोर्ट भेजने की सिफारिश की है। अब सरकार की मंजूरी का इंतजार है। देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता में कॉलेजियम की बीते महीने दो बैठकें हुईं और तीसरी बैठक बीती 3 अप्रैल को हुई।

**वक्फ विधेयक के खिलाफ याचिकाओं की सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने सहमति जताई**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वक्फ



(संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जल्द सुनवाई करने की सहमति जताई है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने जमीयत उलमा- ए- हिंद की ओर से पक्ष रखने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की याचिकाओं को जल्द सुनने की बात पर सहमति दी है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मैं आज दोपहर तक पत्र को देखता हूं फिर निर्णय लूंगा।

## उपभोक्ता फोरम गिरफ्तारी का वारंट जारी नहीं कर सकता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में कहा है कि उपभोक्ता फोरम गिरफ्तारी का वारंट जारी नहीं कर सकता है, और यह केवल नागरिक जेल में हिरासत में रखने का आदेश दे सकता है। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने यह अहम टिप्पणी की।

## घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 50 रुपए बढ़े

**लाभार्थी**

**▶▶ नई कीमतें आज से लागू होंगी, दिल्ली में अब 853 रुपए का मिलेगा, उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को भी झटका**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** घरेलू गैस सिलेंडर 50 रुपए महंगा हो गया है। यानी, सोमवार 7 अप्रैल को पेट्रोल मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इसकी जानकारी दी। अभी दिल्ली में गैस सिलेंडर 803 रुपए में मिलता है। दाम बढ़ने के बाद कीमत 853 रुपए हो जाएगी। वहीं उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के गैस सिलेंडर की कीमत 500 से बढ़कर 550 रुपए हो जाएगी। आखिरी बार सरकार ने 8 मार्च 2024 को महिला दिवस पर सिलेंडर के दामों में 100 रुपए की



कटौती थी। तब दिल्ली में सिलेंडर 903 रुपए का था। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा- ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को लागत से कम कीमत पर सिलेंडर बेचने के कारण लगभग 41,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इस घाटे को कम करने के लिए कीमतें बढ़ाने का फैसला लिया गया। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 1 अप्रैल को 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम 44.50 तक घटाए थे। दिल्ली में इसकी कीमत 41 घटकर 1762 हो गईं।

## अर्धसैनिक बलों की 'ओपीएस' की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अलॉइंस ऑफ ऑल एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान केंद्रीय बलों में ओपीएस बहाली सहित दूसरी लंबित पड़ी मांगों को पूरा करने के लिए सरकार से आग्रह किया गया। एसोसिएशन की ओर से इस बाबत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन स्थल पर देश के लिए जान कुर्बान करने वाले जवानों के आश्रितों, वीरांगनाओं/वीर नारियों का सम्मान किया गया। शहीद हुए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों की याद में दो मिनट का मौन रख



कर उनकी शहादत को नमन किया गया। अलॉइंस के अध्यक्ष पूर्व एडीजी एचआर सिंह ने पुरानी पेंशन बहाली, अर्ध सैनिक झंडा दिवस कोष व राज्यों में अर्धसैनिक कल्याण बोर्डों की मांग दोहराई। पैरा मिलिट्री सर्विस पे और वन रैंक वन पेंशन देने के लिए प्रधानमंत्री से गुहार लगाई। तेलंगाना, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश से आए प्रतिनिधियों ने सीआईएसएफ जवानों को सीएलएमएस मदिरा सुविधा देने की मांग उठाई। केंद्रीय बलों के जवानों और उनके परिजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए जिला स्तर पर डिस्पेंसरी खोलने की मांग की गई।

**सौगात** प्राकृतिक खेती से उगाई गई हल्दी की सरकारी खरीद के लिए पंजीकरण प्रपत्र जारी किया

## 90 रुपये प्रति किलो की दर से हल्दी खरीदेगी सुक्खू सरकार

**उचित मूल्य**

**▶▶ दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य में भी बीते दो वर्षों में 21 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को किसानों को एक और बड़ी सौगात देते हुए प्राकृतिक खेती से उगाई गई हल्दी की सरकारी खरीद के लिए पंजीकरण प्रपत्र जारी किया। इसके साथ ही किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार ने एक और ठोस कदम बढ़ाया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में राज्य सरकार ने प्राकृतिक पद्धति से उगाई गई हल्दी को 90 रुपये प्रति किलो के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर



खरीदने का निर्णय लिया है। यह कदम किसानों की आर्थिकी को मजबूत करने के साथ-साथ प्रदेश में जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देगा। सरकार द्वारा किसानों का पंजीकरण कृषि विभाग के माध्यम से किया जाएगा, साथ ही उन्हें प्राकृतिक खेती से जुड़ा प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि पंजीकृत किसानों से खरीदी गई कच्ची हल्दी का प्रसंस्करण हमीरपुर स्थित स्पाइस पार्क में किया जाएगा। प्रोसेस्ट हल्दी को ह्यहिमाचल हल्दीह्न ब्रांड के तहत बाजार में उतारा जाएगा, जिससे उत्पाद की गुणवत्ता और पहचान दोनों को बल मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहली बार है जब राज्य सरकार किसानों से सीधे कच्ची हल्दी खरीदेगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को न केवल आजीविका के अवसर मिलेंगे, बल्कि स्थानीय आर्थिकी को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के अपने प्रयासों के तहत सरकार पहले ही गेहूं को 60 रुपये प्रति किलो और मक्की को 40 रुपये प्रति किलो की दर से खरीद रही है। इसके अतिरिक्त, दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य में भी बीते दो वर्षों में 21 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है।

# कर्नाटक सरकार के वाटरशेड विकास अधिकारियों के लिए छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** आईसीएआर-केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान (सीएसएसआरआई), करनाल द्वारा आज कर्नाटक सरकार के वाटरशेड विकास अधिकारियों के लिए छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। समस्या युक्त मृदाओं का सुधार एवं प्रबंधन विषय पर आधारित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य मृदा क्षरण से जुड़ी चुनौतियों के समाधान हेतु तकनीकी क्षमताओं को सुदृढ़ करना है। इस प्रशिक्षण में कर्नाटक के आठ जिलों बेंगलुरु, बेलगावी, बागलकोट, चित्रदुर्ग, धारवाड़, कोप्पल,



विजयपुरा एवं मैसूरु से वाटरशेड विकास विभाग के कुल 30 अधिकारी (संयुक्त निदेशक, उपनिदेशक, सहायक निदेशक, एवं कृषि अधिकारी) भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान सोडिक, लवणीय एवं जलभरित मृदाओं की पहचान, विशेषताएं एवं प्रबंधन, निम्न गुणवत्ता वाले सिंचाई जल का उपयोग, भूजल पुनर्भरण एवं तटीय लवणता प्रबंधन जैसे विविध विषयों को सम्मिलित किया जाएगा। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता आईसीएआर-सीएसएसआरआई के निदेशक डॉ. राजेन्द्र कुमार यादव ने की, जो इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भी रहे। अपने संबोधन में डॉ. यादव ने 1969 में संस्थान की स्थापना के बाद से देशभर में 22.2 लाख हेक्टेयर सोडिक भूमि के सुधार में संस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने संस्थान के तीन प्रमुख नवाचारों को विशेष रूप से रेखांकित किया, जो टिकाऊ कृषि के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुए हैं। सोडिक भूमि के सुधार हेतु जिप्सम तकनीक, (जलभरित लवणीय मृदाओं के प्रबंधन हेतु उप सतही जल निकासी) एवं लवणता सहनशील फसल किस्मों का विकास। इन नवाचारों ने लवण प्रभावित क्षेत्रों में कृषि उत्पादकता एवं ग्रामीण आजीविका को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षण समन्वयक डा. सुरेश कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की एवं मृदा अपरदन तथा रासायनिक क्षरण की चुनौतियों से निपटने में वाटरशेड विकास अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने ज्ञान विनिमय, व्यवहारिक प्रशिक्षण, एवं कौशल विकास के लिए प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की संस्थान की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ संकाय सदस्य एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. राज कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. कैलाश प्रजापत, प्रशिक्षण सह-समन्वयक एवं जन संपर्क अधिकारी डॉ. आरके फगोडिया की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. कैलाश प्रजापत द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन वैज्ञानिक इंजीनियर अशलम पठान द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिन्होंने कार्यक्रम के आयोजन में योगदान देने वाले सभी सहयोगियों का आभार प्रकट किया। आईसीएआर-सीएसएसआरआई की यह पहल क्षमता निर्माण, सतत मृदा प्रबंधन एवं भारत के विभिन्न भागों में क्षतिग्रस्त परिदृश्यों की पुनर्स्थापना के लिए कार्यरत क्षेत्रीय अधिकारियों के सशक्तिकरण के प्रति उसकी सतत प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

## माता प्रकाश कौर श्रवण निशक्त जन कल्याण केंद्र में हुआ हवन यज्ञ का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। चेयरपर्सन मेघा** भंडारी के नेतृत्व में माता प्रकाश कौर श्रवण एवं निशक्त जन कल्याण केंद्र, करनाल में नए शिक्षण सत्र 2025-26 की शुरूआत पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। आर्य समाज द्वारा करवाए गए हवन यज्ञ में सभी की आहुति से वातावरण पवित्र और मंगलमय बना। इस अवसर पर करनाल की महापौर रेनू बाला गुप्ता और वार्ड नंबर 8 से नगर निगम पार्षद संकल्प भंडारी, केंद्र के सहायक निदेशक दिनेश सिंह, आर्य समाज सेक्टर 6 के प्रधान आनंद, योगेश, आर्य समाज महिलाएं व सभी अध्यापक स्टाफ और बच्चे भी मौजूद रहे।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अफजल, पुत्र इकबाल, निवासी मकान नं. 58 एल-ब्लॉक, नंद नगरी दिल्ली** ने **FIR No. 804/2021, U/s 379/34 IPC, पुलिस थाना नंद नगरी** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अफजल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अफजल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना नंद नगरी** के अभियुक्त **अफजल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.06.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी.– 03,
कमरा नं. 19
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/4358/NE/2025


# अवैध हथियार रखने के तीन मामलों में4 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** थाना सदर की पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर अब्दुल्लापुर से आरोपी प्रणव पुत्र संजीव निवासी गांव रावर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल व 7 कारतूस बरामद किए गए। दूसरे मुकदमे में जिला पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर गंदा नाला पुलिया करनाल से आरोपी विशाल पुत्र सतपाल निवासी गांव गोंदर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल और एक कारतूस बरामद किया गया। तीसरे मामले में जिला पुलिस थाना बुटाना के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी नीलोखेड़ी की पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर हिलमैन होटल नीलोखेड़ी से दो आरोपियों राजन दास पुत्र राकेश निवासी गांव बजीदपुर सबोली सोनीपत और शुभम पुत्र सतीश निवासी गांव सीकरी बुटाना को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से एक रिवाल्वर व छह कारतूस बरामद किए गए।
इस संबंध में अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि आरोपियों को गहनता से पूछता हेतु अदालत में पेश किया गया है व इस मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है। आरोपियों को आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामले दर्ज कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## 51 सौ रुपये की कुश्ती तिलोड़ी के कालू के नाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। गांव बलायचा** स्थित बाबा ब्रह्मचारी आश्रम पर रामनवमी के उपलक्ष्य पर मेले व भंडारे का आयोजन हुआ। बाबा ब्रह्मचारी आश्रम सेवा समिति के प्रेस प्रवक्ता जुगल किशोर ने बताया कि बाबा के धाम पर श्रीराम चरित्र मानस का अखंड पाठ हुआ व देसी घी का भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस दौरान लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में रामपुरा बेरी की संगीता प्रथम व छवि दूसरे स्थान पर रही।


### उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना सं.:** AGC / Br/L/2025-26/01 **दिनांकः** 05.04.2025

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

उप मुख्य इन्जी/ब्रिज/लाइन/उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 29.04.2025** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैः-

| | |
|---|---|
| **निविदा नं.:** Br-AGC-2025-01 | **अनुमानित मूल्य (रू.):** ₹ 37371256.05 |
| **कार्यों का विवरणः** परखम स्टेशन पर रैम्प और सीढ़ी सहित 3 मीटर चौड़े एफओबी का प्रावधान। | |
| **बोली प्रतिभूति (रू.):** ₹ 336900.00 | **कार्य समापन की अवधिः** 10 माह |
| **निविदा खुलने की तिथि :** 29.04.2025 | |

**सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधारः** स्टील पुल/फुट ओवर ब्रिज का फैब्रिकेशन और इरेक्शन/लॉन्चिंग। **नोटः-** (1) ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क निर्गत किये जायेंगे। (2) उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **समय 15:00 बजे** तक निविदा खुलने की निर्धारित तिथि तक उपलब्ध है। (3) उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I. T. Act. 2000 के अन्तगर्त C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (4) निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटरहेड पर यदि सलंग्न है, तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। (5) निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर प्रमाण-पत्र, जैसा निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। (6) माल एवं/अथवा सेवाओं के सप्लायर/ठेकेदार समय-समय पर निर्धारित जी. एस. टी. एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होंगे। (7) संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। (8) निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर भी अपलोड कर दिया गया है। (9) बयाने की राशि केवल नेटबैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। (10) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। (11) आनलाइन निविदा निविदा खुलने की निर्धारित तिथि को **समय 15.00 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। (12) निविदादाता को आई.आर.जी.सी.सी. 2022 (वर्कस मैटर) भाग-I के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी। **619/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# श्री अग्रवाल सभा ने आयोजित किया कवि सम्मेलन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करनाल में श्री** अग्रवाल सभा सैक्टर-सात द्वारा कर्णेश्वर मंदिर में समाजिक मिलन कार्यक्रम के तहत कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कवि सम्मेलन में वीर रस के राष्ट्र कवि हरिओम पंवार ने कविताओं के माध्यम से लोगों में औज भर दिया। उन्होंने समाजिक और राजनीतिक विसंगतियों पर कड़े प्रहार किए। उन्होंने कारगिल के शहीदों पर कविता पढकर लोगों की आांखों को नम कर दिया। उन्होंने आम आदमी की आवाज को अपनी जन कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। उनकी कविता से समाज की पीढ़ा झलक रही थी।
इस कवि सम्मेलन में अनिल अग्रवंशी और दिनेश बाबरा ने



अपनी हास्य कविताओं से ज्वलंत मुदुदों पर कड़ा प्रहार किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक जगमोहन आंनद रहे। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर करनाल की मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, लिबर्टी के एमडी शम्मी बंसल, माडर्न डेयरी के डा. पीके जैन, प्रकाश चंद्र बंसल, सुशील गर्ग, अजय गुप्ता, डा. तरूण गोयल, विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थितजनों का स्वागत सभा के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल, योगेश गोयल, नीरज अग्रवाल, संजीव गुप्ता, अनिल गोयल, विकास गुप्ता सतबीर मित्तल ने किया। रात के शांत वातावरण में कवियों ने अपनी कविता पढ़ीं। राष्ट्र कवि हरिओम पंवार ने सभी को बांधकर रखा। उन्होंने अपनी कविता के माध्यम से सासंदों और विधायकों के निधि बंद करने को कहा। उन्होंने कवियों के पूंजीवाद का विरोध किया। हरिओम पंवार ने कविता के माध्यम से कह दिया कि उस कवि का मर जाना बेहतर है, जो खुद्दार नहीं। उन्होंने अपनी कविता के माध्यम से कहा कि अब कविता नहीं तालियां बिकती हैं। उन्होंने साहित्य पर पूंजीवाद के प्रभाव को चित्रित किया। लोकनायक जयप्रकाश के आंदोलन से पैदा हुआ बागी कवि हरिओम पंवार का जोश उम्र के आठवें दशक में भी बरकरार दिखाई दिया। सत्ता की आंखों में आंख डाल कर काव्यपाठ करने वाले कवि हरिओम पंवार ने कहा कि पचास साल से जल रही जलती लपटों का नाम हरिओम पंवार हैं।


### उत्तर मध्य रेलवे

**ई-टेन्डर नं0:** पीआरवाईजे-सिग-203-2025-26 **दिनांकः** 03.04.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/समन्वय/प्रयागराज द्वारा ई-टेन्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली निविदा, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को **12.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।**

| | |
|---|---|
| **कार्य का विवरणः** प्रयागराज मण्डल के कानपुर-भदान खण्ड के सीनियर डी. एस. टी. ई. कानपुर के खण्ड में लगे हुए हिताची मेक ई आई सिगनलिंग इंटरलॉकिंग सिस्टम का तीन वर्ष के लिये समग्र (काम्प्रहेन्सिव) अनुरक्षण अनुबंध। | |
| **अनुमानित मूल्य (₹) :** ₹ 51764878.08 | **बिड सिक्योरिटी (₹) :** ₹ 408800/- |
| **कार्य समापन की अवधिः** 36 माह | **निविदा खुलने की तिथि :** 29.04.2025 |

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धताः** निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **निविदा खुलने का समय, तिथि तथा स्थानः** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को **12.30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। **611/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित, पुत्रः श्री मुकेश, पताः 7, ब्लॉक-सी, कमल विहार, बुराड़ी, नॉर्थ दिल्ली** ने **FIR No. 150/2021, U/s 188 IPC, पुलिस थाना सनलाइट कॉलोनी, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रोहित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रोहित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 150/2021, U/s 188 IPC, पुलिस थाना सनलाइट कॉलोनी, नई दिल्ली** के अभियुक्त **रोहित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.05.2025 को 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अदिति राव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07
दक्षिण–पूर्व जिला, कमरा नं. 508
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली
DP/4290/SE/2025



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शनि पुत्र** ईश्वर, **निवास** बी-1, शनि बाज़ार के नज़दीक, जौहरीपुर, दिल्ली ने **FIR.No. 329/22 U/s 380/411 IPC, थानाः करावल नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शनि** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शनि** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR.No. 329/22 U/s 380/411 IPC, थानाः करावल नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शनि** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार इसरा ज़ैदी
जेएमएफसी-04, कोर्ट नं. 64 चौथा तल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/4304/NE/2025
(Court Matter)


## दिव्यांग होने पर दी जाती है आर्थिक सहायता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। डीसी उत्तम** सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) लागू की गई है। इसके तहत प्रदेश के गरीब परिवारों में 6 से 60 साल की आयु तक के किसी व्यक्ति की मृत्यु होने अथवा दिव्यांग होने पर आर्थिक मदद दी जा रही है। इस योजना के दायरे में एक लाख 80 हजार रुपये तक की आय वाले परिवार आएंगे।


### अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 84 बीएनएसएस देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि चार अभियुक्त **1. जितेंद्र गुप्ता पुत्र अशोक कुमार 2. दिवाकर भारती पुत्र अशोक कुमार 3. शिखा भारती पुत्री अशोक कुमार 4. गीता देवी पत्नी अशोक कुमार पताः मकान नं सी-613, सेक्टर-1, अवंतिका रोहिणी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 04/2018 धारा 498ए/406/34 भा.द.स. के तहत** थानाः विजय विहार, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. जितेंद्र गुप्ता 2. दिवाकर भारती 3. शिखा भारती 4. गीता देवी** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. जितेंद्र गुप्ता 2. दिवाकर भारती 3. शिखा भारती 4. गीता देवी** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 04/2018 धारा 498ए/406/34 भा.द.स. के तहत थाना विजय विहार, दिल्ली के उक्त 1. जितेंद्र गुप्ता 2. दिवाकर भारती 3. शिखा भारती 4. गीता देवी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ऐश्वर्या शर्मा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
(महिला कोर्ट-01) नॉर्थ/वेस्ट
कमरा नं.106, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
DP/4262/RD/2025



## एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं जो की धर्मबीर पुत्र जिले सिंह निवासी गांव बजाना खुर्द तहसील गन्नौर जिला सोनीपत ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र रवि मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है। मैं रवि को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और संबंध विच्छेद करता हू आज के बाद अगर कोई भी रवि से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी वह मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# प्राइवेट स्कूलों में फीस बढ़ने से मचा हाहाकार, विपक्ष ने सरकार को घेरा

**विपक्ष हमलावर**

**सीएम रेखा गुप्ता को चिट्ठी लिख आतिशी ने उठाया निजी स्कूलों में फीस वृद्धि का मुद्दा**





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने निजी स्कूलों में फीस वृद्धि का मुद्दा उठाया है। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने इस बाबत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि 10 साल तक केजरीवाल सरकार में निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए फीस बढ़ोतरी से पहले ऑडिट अनिवार्य था। आतिशी ने सोमवार को डिजिटल प्रेसवार्ता में कहा कि दिल्ली में निजी स्कूलों में फीस वृद्धि को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में स्कूल के गेट के बाहर खड़े होकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, फीस वृद्धि के खिलाफ नारे लगा रहे हैं। आतिशी ने आरोप लगाया कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्राइवेट स्कूलों को पैरेंट्स को लूटने की खुली छूट मिल गई है। रोज दिल्ली के किसी न किसी निजी स्कूल में फीस वृद्धि और पैरेंट्स के धरने प्रदर्शन की खबर आती है। आतिशी ने मुख्यमंत्री गुप्ता के समक्ष कुछ मांगें रखी हैं। निजी स्कूलों में बढ़ी हुई फीस पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाई जाए। फीस बढ़ाने वाले सभी निजी स्कूलों की तत्काल सीएजी इंपैनल्ड ऑडिटर्स से ऑडिट कराया जाए। इस ऑडिट के बाद ही किसी स्कूल को बढ़ी हुई फीस लेने का अधिकार होना चाहिए। अगर ऑडिटर कहेगा कि स्कूल मुनाफाखोरी नहीं कर रहा है तभी स्कूलों को 1-2 फीसद फीस बढ़ाने का अधिकार दिया जाए।

**'शिक्षा माफिया या अभिभावक' किसके साथ है भाजपा सरकार : आतिशी**

आतिशी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, "दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस बढ़ने से हाहाकार मचा हुआ है। स्कलों के बाहर माता-पिता प्रोटेस्ट कर रहे हैं। इस पर भाजपा सरकार ने चुप्पी साधी हुई है। मैंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर मांग की है। अब मुख्यमंत्री क्या एक्शन लेती हैं, इससे पता चलेगा कि भाजपा सरकार एजुकेशन माफिया के साथ हैं या अभिभावकों के साथ।"

आतिशी ने की ये तीन मांगे
बढ़ी हुई फीस को तुरंत प्रभाव से रोका जाये।
सभी स्कूलों का ऑडिट करवाया जाये।
एक से दो प्रतिशत फीस बढ़ाने की अनुमति उन स्कूलों को दी जाए जिनकी फीस वृद्धि जायज है।

## छात्रों ने फीस बढ़ोतरी को लेकर जताया विरोध

**उधर,** ओखला स्थित जीबी पंत इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी, डीएसईयू में सोमवार को छात्रों ने फीस बढ़ोतरी और असुविधाओं को लेकर विरोध जताया। छात्रों का आरोप है कि प्रबंधन ने बिना किसी पूर्व सूचना के बीटेक डिग्री और डिप्लोमा
कोर्सों में 25 से 30 फीसदी तक फीस बढ़ा दी है।
इस बारे में छात्रों की ओर से संस्थान के निदेशक से लेकर शिक्षा मंत्री तक को मांगपत्र भेजा जा चुका है।



छात्रों की मांग है कि प्रोस्पेक्टस में निर्धारित फीस के आधार पर ही उनसे फीस ली जाए। उधर, प्रबंधन ने 1 हजार रुपये शुल्क के साथ 11 अप्रैल तक फीस जमा करने के आदेश जारी कर दिए हैं जिससे गुस्साए छात्रों ने कॉलेज के बाहर प्रदर्शन किया।



दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने तिरुपति में भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए।

## जमाअत-ए-इस्लामी ने वक्फ कानून को काला अध्याय बताया

**नई दिल्ली। जमाअत-ए-इस्लामी** हिंद के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने संसद में वक्फ संशोधन कानून 2025 के पारित होने की कड़ी निंदा करते हुए इसे देश में अल्पसंख्यक अधिकारों के लिए एक काला अध्याय बताया है।
जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के मुख्यालय में सोमवार को मासिक प्रेस कांफ्रेंस में जमाअत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वक्फ कानून धार्मिक स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों पर सीधा हमला है। यह कानून इसलिए भेदभावपूर्ण है, क्योंकि यह मुसलमानों के धर्मदान प्रबंधन में स्वायत्तता को खत्म करता है, जबकि अन्य समुदायों के धार्मिक ट्रस्ट स्वायत्त हैं।

## लड़की पर चाकू से कई वार, फिर खुद को भी किया घायल

**जांच जारी**

**सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को पास के डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैंट इलाके में रविवार रात एक सिरफिरे युवक ने विवाद होने पर युवती को चाकू गोद दिया और पेट में चाकू मारकर खुद को घायल कर लिया। शुरूआती जांच में पता चला है कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था और किसी बात पर मनमुटाव में होने पर एक साल से बातचीत नहीं हो रही थी। घटना के वहां अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को पास के डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। घायल युवक की पहचान दिल्ली कैंट निवासी अमित (20) के रूप में हुई है। युवती की पहचान नांगल निवासी विजय लक्ष्मी (19) के रूप में हुई है।
दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि रविवार देर रात पुलिस को दिल्ली कैंट के क्रिबी प्लेस के पास एक युवती पर चाकू से हमला किए जाने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती सहित हमला करने वाले युवक को भी घायल अवस्था में पाया।

## वीके के आपराधिक मानहानि मामले में दोषी करार मेधा ने कोर्ट का रुख किया

**सुनवाई**

**मेधा 8 अप्रैल को सशरीर पेश नहीं हो सकतीं, वे वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश हो सकती हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप-राज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से दाखिल आपराधिक मानहानि के मामले में दोषी करार नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर ने दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है। जस्टिस शलिंदर कौर की बेंच ने इस मामले पर अगली सुनवाई 19 मई को करने का आदेश दिया। आज इस मामले की सुनवाई के दौरान मेधा पाटकर की ओर से पेश वकील ने कहा कि ट्रायल कोर्ट का आदेश उसके क्षेत्राधिकार के बाहर का है। उसके बाद कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश की प्रमाणित प्रति दाखिल करने का आदेश दिया। मेधा के वकील ने कहा कि इस मामले में ट्रायल कोर्ट ने याचिकाकर्ता को सशरीर पेश होने का आदेश दिया था, ताकि सजा पर सुनवाई की जा सके। ट्रायल कोर्ट के समक्ष 8 अप्रैल को सुनवाई होनी है, लेकिन मेधा 8 अप्रैल को सशरीर पेश नहीं हो सकतीं, वे वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश हो सकती हैं।

## निर्माण स्थल पर लापरवाही, दीवार ढहने से श्रमिक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कीर्ति नगर थाना इलाके के सरस्वती गार्डन इलाके में एक मार्च को निर्माण कार्य के दौरान अचानक एक दीवार ढह गई, जिसके नीचे दबकर एक श्रमिक की जान चली गई। मृतक की पहचान बसई दारापुर के महेंद्र यादव के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में इस घटना ने ठेकेदार की लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी की बात सामने आई है। कीर्ति नगर थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सरस्वती गार्डन इलाके में मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। यहां पर काम कर रहे श्रमिक महेंद्र यादव पर अचानक दीवार गिर गई और वह उसके नीचे दब गए।

## सफाई के लिए अब सीवर में नहीं उतरेंगे श्रमिक

**ट्रायल किया**

**मुंबई से अत्याधुनिक रि-साइक्लर मशीन मंगवाई है। ग्रेटर कैलाश में सफल ट्रायल किया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** सफाई के लिए अब श्रमिकों को सीवर में नहीं उतरना पड़ेगा। इसके लिए दिल्ली सरकार ने मुंबई से अत्याधुनिक रि-साइक्लर मशीन मंगवाई है। इसका रविवार को ग्रेटर कैलाश में सफल ट्रायल किया गया। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सीवर की सफाई के लिए एक-एक मशीन रखी जाएगी। मानसून से पहले जलभराव की समस्या से निपटने और सीवर की सफाई को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मंत्री प्रवेश वर्मा ने भी मशीन का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मानसून में दिल्ली की सड़कें पानी में डूब जाती हैं और कई बार बरसाती पानी लोगों के घरों में भी घुस जाता है। इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि सीवर और नालों की डीसिल्टिंग 10-20 साल से नहीं हुई है। मानसून से पहले इस समस्या के समाधान के लिए अत्याधुनिक मशीनें मंगवाने की शुरूआत की गई है। सरकार का प्रयास है कि किसी भी श्रमिक को सीवर में न उतरना पड़े। इसके लिए देश-दुनिया से जो भी अत्याधुनिक तकनीक की जरूरत होगी उसे लाएंगे। मुंबई में ऐसी 100 मशीनें काम कर रही हैं और गुजरात में भी 30 मशीनें उपयोग में हैं। दिल्ली में पहली बार ऐसा किया जा रहा है। इसके अलावा पिछले हफ्ते 32 सुपरसकर मशीनों (वैक्यूम ट्रक) की खरीद के आदेश दिए गए हैं।

**मशीन की विशेषताएं**

सीवर से कीचड़ और गंदे पानी को एक साथ खींचती है
खींचे गए पानी को मशीन में ही शुद्ध किया जाता है और जेटिंग के लिए दोबारा इस्तेमाल किया जाता है पानी की खपत कम होती है और अतिरिक्त पानी के टैंकरों की जरूरत नहीं पड़ती
मशीन एक ही यूनिट में फिट हो जाती है, जिससे संचालन के लिए कम जगह की जरूरत पड़ती है
पूरी प्रक्रिया तेज, सटीक और पर्यावरण के अनुकूल हो जाती है
तिमारपुर क्षेत्र में सीवर लाइन का सही तरह से रखरखाव न होने पर जल बोर्ड के मुख्य अभियंता सहित तीन अधिकारियों को निलंबित किया गया है।


## बेटी से झूठा पॉक्सो मुकदमा लिखाने पर पिता के खिलाफ एफआईआर के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** साकेत कोर्ट ने पुलिस को एक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है, जिसने अपनी नाबालिग बेटी पर दबाव डाल कर अपनी पत्नी और ससुराल वालों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट का झूठा मामला दर्ज कराया था।
मामला दक्षिण-पूर्व जिला के जैतपुर थाने का है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) अनु अग्रवाल ने कहा कि समय आ गया है कि शिकायतकर्ता के पिता जैसे वादियों से सख्ती से निपटा जाए, जो कानून के प्रावधानों का निजी फायदे के लिए दुरुपयोग करते हैं।



ऐसे वादियों के कारण ही आम जनता वास्तविक मामलों को भी संदेह की नजर से देखती है। न्यायाधीश ने कहा कि जांच अधिकारी ने एक क्लोजर रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें ऑडियो और वीडियो फाइलों वाली कई कॉल रिकॉर्डिंग शामिल थीं, जो दिखाती हैं कि लड़की ने अपने पिता के कहने पर झूठा मामला दर्ज करवाया था। इसलिए, कोर्ट ने जैतपुर थाना के एसएचओ को आरोपी पिता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और 9 अप्रैल को अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। तीस हजारी कोर्ट ने दुष्कर्म मामले में झूठा बयान देने का अपराध करने के आरोप में एक महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का निर्देश दिया है।
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) अनुज अग्रवाल ने आरोपी को बरी करते हुए कहा कि रिकॉर्ड से स्पष्ट है कि शिकायतकर्ता ने कोर्ट में झूठा बयान दिया और दुष्कर्म व धमकी के आरोप की झूठी कहानी गढ़ी। इसलिए अदालत ने अभियोजन पक्ष के झूठे बयान को देखते हुए आरोपी को बरी कर दिया। फैसला सुनाते हुए अदालत ने कहा कि प्रतिष्ठा बनाने में पूरा जीवन लग जाता है, लेकिन इसे नष्ट करने के लिए कुछ झूठ ही काफी होते हैं। इसलिए, केवल बरी होने से आरोपी की पीड़ा की भरपाई नहीं हो सकती, जिसे यौन उत्पीड़न की झूठी कहानी के आधार पर ऐसे जघन्य अपराधों के लिए मुकदमे के आघात से गुजरना पड़ा। उन्होंने कहा कि हालांकि यह कहना गलत होगा कि यदि अभियोक्ता की गवाही विश्वसनीय और भरोसेमंद पाई जाती है तो उसे किसी स्वतंत्र पुष्टि की आवश्यकता नहीं होती। अदालत ने स्वीकार किया कि झूठे दुष्कर्म के मामले ने आरोपी को पीड़ित बना दिया।



# भगवान राम हमारी संस्कृति और भारतीयता के प्रतीक: मुख्यमंत्री




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ : हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारी संस्कृति, परंपरा और भारतीयता के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें सत्य, धर्म, कर्तव्य और मयार्दा का मार्ग दिखाता है। वे हमारे प्रेरणा के स्रोत हैं। मुख्यमंत्री ने राम नवमी के अवसर पर फ्रांस के पेरिस में प्रवासी हरियाणवी समुदाय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया। यह कार्यक्रम हरियाणा सरकार के विदेश सहयोग विभाग द्वारा आयोजित किया गया । मुख्यमंत्री ने इस पावन पर्व पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि पूरा देश भगवान राम के नाम से गुंजायमान है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक श्रीराम जन्मोत्सव की धूम है। चारों ओर भक्ति का अद्भुत वातावरण है। श्रीराम नाम की धुन और भजनों की गूंज हर दिशा में सुनाई दे रही है। केवल भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी करोड़ों श्रद्धालु इस पर्व को उत्साह और उमंग से मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि राम नवमी हमें मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों और जीवन मूल्यों को याद करने का अवसर देती है। भगवान राम से हम यह भी सीखते हैं कि अपने जन्मस्थान से जुड़े रहना चाहिए। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी कैसे धैर्य रखते हुए सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चला जाए। उनका व्यक्तित्व हमें पारिवारिक और सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना सिखाता है। उनके आदर्श हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनकी जन्मभूमि अयोध्या हर भारतीय के लिए ऊर्जा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में निर्मित भव्य, दिव्य और नव्य श्रीराम मंदिर भारत का गौरव है और देशवासियों की आस्था का केंद्र है।मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें अभी भी 22 जनवरी 2024 के वे दृश्य याद हैं, जब अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के समय पूरा देश दिवाली मना रहा था। यह हमारे पुण्य कर्मों का ही फल है कि हम उस क्षण के साक्षी बने। राम नवमी का यह पर्व केवल भगवान राम के जन्म का उत्सव नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि सत्य के मार्ग पर चलने वालों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन अंततः जीत सत्य की ही होती है। श्रीराम के आदर्श न केवल हमारे व्यक्तिगत जीवन में, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण में भी मार्गदर्शक हैं। आज जब हम "विकसित हरियाणा-विकसित भारत" के निर्माण की दिशा में अग्रसर हैं, तो हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का मंत्र भी रामराज्य के आदर्शों को साकार करने का प्रयास है। यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री 14 अप्रैल को हिसार स्थित महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट से श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के लिए हवाई सेवा का भी उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राम नवमी पर हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम अपने समाज और राज्य में शांति, समृद्धि और सद्भाव के वातावरण को बरकरार रखेंगे।
इस संवाद कार्यक्रम में विदेश सहयोग विभाग में सलाहकार पवन कुमार चौधरी, पेरिस में फर्स्ट सेक्रेटरी (समुदाय एवं छात्र कल्याण) वर्षा निम्बालकर, विश्व हिंदू परिषद फ्रांस के अध्यक्ष ललित शर्मा, विश्व हिंदू परिषद (अंतरराष्ट्रीय) के संयुक्त महासचिव और प्रमुख समन्वयक स्वामी विज्ञानानंद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पंवार ने मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर कार्यक्रम स्थल का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ :** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने सोमवार को यमुनानगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर कार्यक्रम स्थल का दौरा कर प्रबंधों का जायजा लिया। इसके साथ ही प्रबंधों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यमुनानगर में थर्मल पावर प्लांट की तीसरी यूनिट की आधारशिला रखेंगे। इस कार्यक्रम में भारी भीड़ उमड़ेगी और इसके लिए सभी प्रकार की व्यवस्था समय से पूरी करना अति आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम में आने वाली जनता के लिए पीने का साफ पानी, शौचालय, पार्किंग स्थल, सुरक्षा एवं बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ कार्यक्रम स्थल व आसपास

**व्यवस्था**

**इस कार्यक्रम में भारी भीड़ उमड़ेगी और इसके लिए सभी प्रकार की व्यवस्था समय से पूरी करना अति आवश्यक है**

साफ-सफाई के प्रबंध समय रहते पूरे करने के निर्देश दिए ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हों। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यमुनानगर में प्रधानमंत्री 800 मेगावाट क्षमता की थर्मल की तीसरी यूनिट की आधारशिला रखेंगे। इसके निर्माण पर 7 हजार 272 करोड़ रुपये की लागत आएगी व इस यूनिट का कार्य वर्ष 2028 के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा।
सुमन बहमनी, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### फिर झूठ साबित हुए बीजेपी के गेहूं, सरसों खरीद के दावे- हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ :** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि हर एक फसली सीजन की तरह इस बार भी बीजेपी के वादे और दावों की पोल खुल गई है। एक बार फिर किसान को एमएसपी और मंडियों में सुविधा देने में बीजेपी पूरी तरह विफल साबित हुई है। सरसों के बाद अब गेहूं के किसानों को भी प्राइवेट एजेंसियों के हाथों लुटवाने की प्लानिंग शुरू हो गई। फसल की खरीद करना तो दूर, सरकार अब तक मंडी में पीने के पानी की व्यवस्था और फसल उठान के लिए टेंडर तक नहीं कर पाई। ऐसा लगता है कि किसानों को लूटना और उनको बेवजह परेशान करना, बीजेपी की नीति बन गई है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि मंडियों में गेहूं की आवक जारी है। लेकिन खरीद उस गति से नहीं हो रही। प्रदेशभर से किसानों की शिकायतें आ रही हैं कि कहीं नमी का बहाना बनाकर, तो कहीं एजेंसी नहीं पहुंचने के चलते किसानों को इंतजार करवाया जा रहा है। सरसों के किसान तो एमएसपी से लगभग 500 रुपये कम रेट में फसल बेचने को मजबूर हैं। इतना ही नहीं, फसल लेकर पहुंच रहे किसानों की सुविधा का भी कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा। किसानों को उठान के टेन्डर में देरी, बारदाना ना होने, आधी-अधूरी सफाई और वाटर कूलर खराब होने जैसी अनगिनत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई जिलों में तो अब तक खरीद भी शुरू नही की गई है। हुड्डा ने कहा कि सरकार ने 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू करने का ऐलान किया था। लेकिन हमेशा की तरह सरकारी लेटलतीफी के चलते कहीं उठान के लिए टेंडर नहीं किए गए तो कहीं अढ़तियों को बारदाना नहीं दिया गया। उठान नहीं होने के चलते हर बार मंडियों में फसल का अंबार लग जाता है। किसानों को अपनी फसल रखने की जगह तक नहीं मिलती। उठान में देरी के चलते किसानों की पेमेंट में भी देरी की जाती है। लेकिन किसानों से एक-एक मिनट का ब्याज लेने वाली सरकार, कई-कई दिन और कई-कई महीनो तक पेमेंट में देरी के बावजूद किसानों को एक पैसा ब्याज नहीं देती।भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हर सीजन में जानबूझकर फसल खरीद शुरू करने में देरी की जाती है और तय की गई तारीख से भी खरीद शुरू नहीं की जाती। कई-कई दिनों तक इंतजार के बाद ज्यादातर किसानों को प्राइवेट एजेंसी को एमएसपी से बेहद कम रेट पर अपनी फसल बेचनी पड़ती है।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई एचपीपीसी और एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक

चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी), विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (डीएचपीपीसी) तथा हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में लगभग 2330 करोड़ रुपये से ज्यादा करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रैक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 106 करोड़ रुपये की बचत की गई है। बैठक में नूंह जिले के शहीद हसन खां मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड़ में गैर-आवासीय भवनों के शेष कार्य की विशेष मरम्मत को भी मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि कॉन्ट्रेक्टर द्वारा यह कार्य अधूरा छोड़ा गया है और जितना कार्य किया है, उसकी गुणवत्ता भी ठीक नहीं है। इस पर मुख्यमंत्री ने सख्त आदेश देते हुए संबंधित अधिकारी तथा संबंधित कॉन्ट्रेक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।
मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में गुणवत्ता के मामले में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रत्येक कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में फरीदाबाद में बी.के. (सिविल) अस्पताल के परिसर में मातृ एवं शिशु अस्पताल के निर्माण तथा करनाल के असंध में 100 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा, पलवल जिले के गांव भैंडोली में सरकारी कॉलेज का निर्माण, झज्जर जिले में झज्जर डीघल रेलवे लाइन (झज्जर-धौर रोड) पर एलसी 26-सी पर 2 लेन आरओबी के अप्रोच मार्गों का निर्माण को भी स्वीकृति दी गई। बैठक में कैथल जिले के मुंधरी में महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय में कन्या तथा लड़कों का छात्रावास के निर्माण, रोहतक और गुरुग्राम क्षेत्र में 66 केवी और 132 केवी कम्पोजिट ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण, पानीपत में एचएसवीपी क्षेत्र के औद्योगिक सेक्टर-25,28,29 और 30 में सड़कों के अपग्रेडेशन और इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी), सोहना में 24 रेडी-बिल्ड फैक्ट्रियों का निर्माण को भी मंजूरी दी गई।

# प्रदेश मे नई उद्योग पॉलिसी बनाने की दिशा में किया जा रहा कार्य: राव नरबीर



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रदेश मे नई उद्योग पॉलिसी बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस पॉलिसी में उद्योगों के लिए जमीन देने वाले किसानों को भी हिस्सेदारी देने का प्रावधान किया जाएगा। आईएमटी रोजका मेव में नए-नए व बड़े उद्योग स्थपित हो रहे हैं। बड़े उद्योगों के साथ छोटे-छोटे उद्योगों का कलस्टर भी स्थापित होगा, जिसके बाद जिला नूंह में रोजगार की नई संभवानाएं व अवसर उत्पन होंगे। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह सोमवार को नूंह में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकरी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा में आ रहे हैं। इस दिन वे हरियाणा के हिसार स्थित एयरपोर्ट में नए टर्मिनल व यमुनानगर में 800 मेगावाट क्षमता की थर्मल यूनिट का शिलान्यास कर प्रदेशवसियों के लिए बड़ी सौगातें देंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने एक और बड़ा फैसला लिया है कि अग्निवीर जवानों को चार साल की नौकरी के बाद हरियाणा पुलिस में 20 प्रतिशत का आरक्षण देकर पुनः नौकरी दी जाएगी। इसके साथ ही अग्रिवीरों को वन व अन्य विभागों सहित प्राइवेट सेक्टरों में भी नौकरियां देने का प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला नूंह के कई गांवों व खेतों में जलभराव की जो समस्या है, उसका स्थाई समाधान करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में मंडल आयुक्तों व जिला उपायुक्तों की मीटिंग हो चुकी है। इसके लिए संबंधित विभागों व एनएचएआई के अधिकारियों के साथ जल्द ही स्थाई व उचित समाधान किया जाएगा।

## हरियाणा शिक्षा बोर्ड ने लागू किया त्रि-भाषाई सूत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ :** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी ने सम्बद्धता प्राप्त सभी सरकारी व गैर-सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9वीं व 10वीं में त्रि-भाषाई सूत्र लागू करने का निर्णय लिया है। इस बारे में जानकारी देते हुए बोर्ड के अध्यक्ष प्रो० (डॉ०) पवन कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत अब कक्षा 9वीं व 10वीं के विद्यार्थियों को छह अनिवार्य और एक वैकल्पिक विषय सहित सात विषय पढ़ने होंगे। उन्होंने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा नौवीं व दसवीं में क्रमशः शैक्षिक सत्र 2025-26 व 2026-27 से त्रि-भाषाई सूत्र लागू करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि कक्षा नौवीं में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को पूर्व में लागू दो अनिवार्य भाषा हिन्दी व अंग्रेजी के अतिरिक्त तृतीय भाषा के रूप में संस्कृत/उर्दू/पंजाबी में से किसी एक भाषा को अनिवार्य भाषा के रूप में चयन करना आवश्यक होगा। इस प्रकार अब विद्यार्थियों को छः अनिवार्य विषयों एवं एक वैकल्पिक विषय सहित कुल सात विषयों का अध्ययन करना होगा। वहीं अगले शैक्षिक सत्र 2026-27 से कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को भी एक अतिरिक्त अनिवार्य विषय की पढ़ाई करनी होगी।

# प्रधानमंत्री 14 अप्रैल को हरियाणा को देंगे बड़ी सौगात : श्याम सिंह राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ : हरियाणा** के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को हरियाणा की जनता को बड़ी सौगात देंगे। इस दिन प्रधानमंत्री यमुनानगर में 800 मेगावाट क्षमता की थर्मल यूनिट का शिलान्यास और हिसार में नए एयरपोर्ट का उद्घाटन व टर्मिनल का शिलान्यास करेंगे। यह हरियाणा के लिए गर्व का क्षण होगा। यमुनानगर में शुरू होने वाली थर्मल यूनिट का निर्माण भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

**शिलान्यास**

**थर्मल यूनिट का शिलान्यास और हिसार में नए एयरपोर्ट का उद्घाटन व टर्मिनल का शिलान्यास करेंगे**

(बीएचईएल) द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी परियोजनाएं प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। कृषि मंत्री ने बताया कि इन परियोजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन के अवसर पर यमुनानगर और हिसार में आयोजित होने वाली महारैलियों में लाखों लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यमुनानगर में 12 जिलों से और हिसार में 15 जिलों से जनता पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह दौरा हरियाणा के विकास के लिए ऐतिहासिक होगा।
रादौर विधानसभा क्षेत्र से भी हजारों लोग मोदी जी को सुनने पहुंचेंगे। श्याम सिंह राणा ने यह भी कहा कि हरियाणा में सरसों और गेहूं की फसल एमएसपी पर खरीदी जा रही है। इस बार फसल की राशि सीधे किसानों के खाते में जमा की जा रही है।

## नशे के खिलाफ सबको मिलकर लड़नी होगी लड़ाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार द्वारा युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए चलाये गए साइक्लोथॉन कार्यक्रम में लोग बढ़चढ़ कर भाग ले रहे हैं और यह कार्यक्रम एक अभियान का रूप ले चुका है। युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी सोच के साथ प्रदेश सरकार नशे के खिलाफ कार्य कर रही है और लोगों को जागरूक करने के लिए ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन के दूसरे संस्करण को चलाया जा रहा है।

# एमडीयू में एनीमिया मुक्त पोषण युक्त कैंपस अभियान शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ :** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में एनीमिया के प्रति जागरूकता फैलाने तथा इसके प्रभावी इलाज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में "एनीमिया मुक्त पोषण युक्त" कैंपस अभियान का शुभारंभ हुआ। एनीमिया उन्मूलन को समर्पित इस अभियान में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के साथ स्वास्थ्य विभाग, पं भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विवि तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने एकजुट होकर समाज से एनीमिया को मुक्त करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। एमडीयू के इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंसेज तथा छात्र कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में चिकित्सकों की 17 टीमें विश्वविद्यालय की लगभग 7500 छात्राओं, महिला शिक्षकों, महिला कर्मियों व कैंपस में रहने वाले महिला समुदाय के रक्त की जांच करेंगी।
विश्वविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल के बाद राधाकृष्णन सभागार में एनीमिया मुक्त पोषण युक्त कैंपस अभियान बारे विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।
भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा डा. शरणजीत कौर तथा पं भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विवि के कुलपति प्रो. एच.के. अग्रवाल ने कन्या छात्रावास परिसर

**अभियान**

**एनीमिया उन्मूलन को एमडीयू के साथ एकजुट हुए हेल्थ विवि, स्वास्थ्य विभाग तथा आईएमए**

में भागीरथी गर्ल्स हास्टल में- एनीमिया मुक्त पोषण युक्त कैंपस अभियान का उद्घाटन किया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा सीएमओ डा. रमेश चन्द्र आर्य व आईएमए प्रेसिडेंट डा. आरती साहू ने बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। मुख्यातिथि डा. शरणजीत कौर ने कहा कि स्वस्थ भविष्य, स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण के लिए स्वास्थ्य बारे जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि एनीमिया से मुक्ति के लिए प्रभावित लोगों को सही जानकारी और उपचार उपलब्ध कराना आवश्यक है। पं भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विवि के कुलपति प्रो. एच.के. अग्रवाल ने कहा कि एमडीयू ने एनीमिया मुक्त पोषण युक्त कैंपस अभियान के जरिए सामाजिक चेतना एवं स्वास्थ्य का बड़ा बेड़ा उठाया है। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य ही स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र का आधार है।

# हरियाणा में हर 10 किलोमीटर पर होगा मॉडल संस्कृति स्कूल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि राज्य सरकार ने निजी और सरकारी स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता के अंतर को दूर करने के लिए मॉडल संस्कृति व सार्थक मॉडल स्कूलों पर ध्यान केंद्रित किया है। इसी कड़ी में सरकार की योजना 25 और नए मॉडल संस्कृति स्कूल खोलने की है। राज्य सरकार प्रदेश में हर 10 किलोमीटर पर एक मॉडल संस्कृति स्कूल खोलने के लिए प्रयासरत है। मुख्य सचिव ने यह बात जिला पंचकूला के बरवाला ब्लॉक के गांव बतौड़ में पीएम श्री राजकीय

**गुणवत्ता**

**मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने पीएम स्कूल को अपने वेतन से दिए 51 हजार रुपये**


मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों के साथ परस्पर संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कही। उन्होंने इस मौके पर, नवाचार संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीएम श्री राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बतौड़ को अपने वेतन से 51 हजार रुपये देने की भी घोषणा की। श्री रस्तोगी ने कहा कि इन स्कूलों के पीछे सरकार का उद्देश्य कम पैसों में ग्रामीण व शहरी आंचल के विद्यार्थियों को निजी स्कूलों से भी बेहतर शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि कई बार कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ नहीं पाते और उनकी प्रतिभा दबी रह जाती है। सरकार ने उस प्रतिभा को निखारने के लिए और बच्चों को शिक्षा का अच्छा प्लेटफॉर्म देने के लिए मॉडल संस्कृति व सार्थक मॉडल स्कूलों का निर्माण किया है ताकि बच्चे निजी स्कूलों की बजाय सरकारी स्कूलों में आकर अपना भविष्य बना सकें। मुख्य सचिव ने जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों से आए विद्यार्थियों से संवाद किया और बेहद सरल तरीके से विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब दिए। उन्होंने बताया कि वे स्वयं भी सरकारी स्कूल से पढ़कर आईएएस बने हैं और आज मुख्य सचिव के पद तक पहुंच पाए हैं। उन्होंने शिवानी द्वारा पूछे गए प्रश्न, आईएएस बनने के लिए क्या तैयारी करें, के जवाब में कहा कि परिवार व अध्यापकों की प्रेरणा, आत्मविश्वास और एकाग्रता से पढ़ाई करके विद्यार्थी किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

# हिसार एयरपोर्ट का नाम डॉ. भीमराव अम्बेडकर के नाम पर रखने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) हिसार शाखा की बैठक मुल्तानी चौक वाल्मीकि धर्मशाला में हुई। इसमें मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष वीर गगनदीप चंडालिया उपस्थित हुए जबकि विशिष्ट अतिथि मुकेश कोच, सन्नी बादल प्रदेश सचिव, जेपी बागड़ी मीडिया प्रभारी हरियाणा रहे। बैठक की अध्यक्षता शहरी अध्यक्ष वीरश्रेष्ठ अशोक सुनसुना अनार्य ने की। सोमवार को बैठक की शुरूआत में संविधान निमार्ता विश्व रत्न जरनल ऑफ नॉलेज बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्म दिवस केक काटकर मनाया। बैठक का मुख्य एजेंडा मेंबरशिप अभियान और 24 मई को आदि महापर्व अमृतसर तीर्थ है, उस विषय पर विचार गोष्ठी की गई और आदि महापर्व प्रोग्राम का पोस्टर जारी किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपील की गई कि 14 अप्रैल को हिसार आगमन पर हिसार एयरपोर्ट का नाम बाबा साहब के जन्म दिवस पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर के नाम पर रखने की घोषणा करें।इस अवसर पर प्रदीप कांगड़ा व देवीलाल न्याणा को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। महिला हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष दीपमाला कांगड़ा ने रेनू चौहान, मधुबाला, शालू बिड़लान वीर भारत टांक, वीर अमित ढिल्लों को भी सदस्यता ग्रहण करवाई। इस विशेष मौके पर भावाधस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य वीर सतवीर कांगड़ा, युवा प्रदेश प्रचार मंत्री वीर मुकेश उर्फ बिल्लू, जिला प्रभारी वीर दिनेश सारसर, जिला अध्यक्ष वीर चेतन डुलगच, जिला उपाध्यक्ष वीर बलराम चौहान, युवा जिलाध्यक्ष वीर सुनील चिंडालिया, युवा जिला उपाध्यक्ष वीर बिक्रम भादड़, शहरी प्रचार मंत्री वीर विशाल कांगड़ा, वाल्मीकि मौहल्ला अध्यक्ष गौरव कांगड़ा, बलराम चिंडालिया, सोनू कांगड़ा, रवि घारु, शम्मी टांक के अलावा सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मोगा सेक्स स्कैंडल मामले में चार पुलिस अफसरों को पांच पांच साल की कैद

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ :** पंजाब के 18 साल पुराने मोगा सेक्स स्कैंडल मामले में मोहाली स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने 4 पुलिस अधिकारियों को 5-5 साल की सजा सुनाई है। इनमें तत्कालीन एस एस पी दविंदर सिंह गरचा, पूर्व एस पी हेडक्वार्टर मोगा परमदीप सिंह संधू, मोगा सिटी थाने के पूर्व प्रभारी रमन कुमार और मोगा के सिटी पुलिस स्टेशन इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह शामिल हैं।
कोर्ट ने इन पर 2-2 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पुलिस इंस्पेक्टर रमन को एक अन्य धारा में 3 साल की सजा और एक लाख जुमार्ना भी लगा है। कोर्ट के निर्णय के बाद शिकायतकर्ता



रणजीत सिंह ने कहा कि फैसला बहुत बढ़िया आया है। वह फैसले से संतुष्ट हैं। कोर्ट ने 29 मार्च को इस मामले में चारों आरोपियों को दोषी ठहराया था। जबकि, अकाली नेता तोता सिंह के बेटे बरजिंदर सिंह उर्फ ??मक्खन बराड़ और सुखराज सिंह को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया । सीबीआई कोर्ट ने देविंदर सिंह गरचा और पीएस संधू को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1)(डी) के साथ धारा 13(2) के तहत दोषी पाया था। रमन कुमार और अमरजीत सिंह को भी भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की इन्हीं धाराओं और भारतीय दंड संहिता की धारा

**सजा का ऐलान**

**कोर्ट ने पर 2-2 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। रमन को एक अन्य धारा में 3 साल की सजा हुई**

384 (जबरन वसूली) के तहत दोषी ठहराया गया था। अमरजीत सिंह को अतिरिक्त रूप से धारा 384 के साथ धारा 511 भादस के तहत भी दोषी पाया गया था।
यह मामला 2007 में उस समय सामने आया था, जब राज्य में अकाली-भाजपा सरकार थी। मोगा के थाना सिटी ने जगराओं के एक गांव की लड़की की शिकायत पर गैंगरेप का मामला दर्ज किया था। इसके बाद पीड़ित लड़की के धारा-164 के बयान दर्ज किए। इसमें उसने करीब 50 अज्ञात लोगों पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। आरोप है कि पुलिस अधिकारियों ने इस केस की जांच में ब्लैकमेलिंग करनी शुरू कर दी थी। उन्होंने केस में कई व्यापारियों और राजनेताओं के नाम शामिल करने शुरू कर दिए।
इसी दौरान मोगा के भागी के गांव के रंजीत सिंह ने एसएचओ अमरजीत सिंह द्वारा 50 हजार रुपए मांगने की ऑडियो रिकॉर्ड कर ली। उसके धमकी दी गई थी कि भुगतान न करने की स्थिति में महिला मनप्रीत कौर की शिकायत में दर्ज कर बलात्कार के मामले में उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# इंद्री विधायक ने किया अटल किसान मजदूर कैंटीन का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा विधानसभा** के चीफ व्हिप एवं इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने नई अनाज मंडी कुंजपुरा में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा खोली गई अटल किसान मजदूर कैंटीन का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मार्किट कमेटी की सरिता चौधरी व भाजपा के कार्यकताओं ने मुख्य अतिथि को फूल माला पहनाकर व बुके देकर सम्मानित किया। इस कैंटीन का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जाएगा। विधायक ने दूसरे लोगों के साथ मिल बैठकर इस कैंटीन में बने भोजन का स्वाद चखा और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बनाए गए भोजन की प्रशंसा की। रामकुमार कश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच है कि हर वर्ग के साथ-साथ किसान-मजदूर व जरूरतमंदों को किसी न किसी रूप में लाभ मिलें। इसी कड़ी में मार्किट कमेटी के



सहयोग से अनाज मंडी में आने वाले किसान, मजदूर व अन्य गरीब लोगों को मात्र 10 रुपये प्रति थाली के हिसाब से भोजन उपलब्ध करवाया जाएगा, ताकि अनाज मंडी में गांवों से आने वाले किसानों एवं मंडी में कार्य करने वाले मजदूरों व अन्य लोगों को सस्ती दरों पर भोजन दिया जा सकें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व कृषि मंत्री ने इस योजना को अमलीजामा पहनाने का कार्य किया है और लगभग हरियाणा के सभी जिलों में यह कैंटीन खोली गई है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार ने विशेष कदम उठाए है। मुख्यमंत्री ने गत दिनों प्रदेश के बजट सत्र में घोषणा की है कि 6 महीनें के अन्दर-अन्दर प्रदेश की सभी सडकों का सुधारीकरण कर दिया जाएगा और कोई भी सडक टूटी हुई नहीं मिलेगी। मुख्यमंत्री की इस घोषणा के तहत इन्द्री हलके की सभी सडकों का सुधारीकरण करके उन्हें चकाचक कर दिया जाएगा। विधानसभा के चीफ व्हिप एवं इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने बताया कि इस कैंटीन में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा शुद्ध व पौष्टिक भोजन तैयार किया जाएगा और इस कैंटीन में 50-60 व्यक्तियों के एक साथ

**सम्मान**

**सरिता चौधरी व भाजपा के कार्यकताओं ने मुख्य अतिथि को फूल माला पहनाकर व बुके देकर सम्मानित किया**

खाना खाने की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने बताया कि किसान, मजदूर व गरीब व्यक्तियों को 10 रुपये थाली के हिसाब से भोजन दिया जाएगा, जिसमें दाल, सब्जी, चार चपाती व चावल होगें। उन्होंने बताया कि कैंटीन सुबह 11 बजे से सांय 3 बजे तक खुली रहेगी। इस कैंटीन में कोई भी किसान-मजदूर व अन्य कोई भी व्यक्ति आकर भोजन ग्रहण कर सकता है।

**प्रधानमंत्री डा.भीमराव अम्बेडकर जंयती पर प्रदेश की जनता को देगे बड़ी सौगात**

विधायक रामकुमार कश्यप ने बताया कि 14 अप्रैल को यमुनानगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डॉ.भीमराव अम्बेडकर.जंयती के उपलक्ष में प्रदेश की जनता को बड़ी सौगात देने हरियाणा पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री इस दिन यमुनानगर में 800 मेगावाट क्षमता की थर्मल यूनिट का शिलान्यास और हिसार में एयरपोर्ट का उद्घाटन व नए टर्मिनल का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री की इस महारैली में हलका इन्द्री से भारी संख्या में जनता पहुंचकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री को विचारों को सुनेगी। इस अवसर पर मार्किट कमेटी के एक्सईएन विजेन्द्र सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता ईलम सिंह, बीपीएम अशीष नैन, मंडी सचिव सरिता चौधरी, पूर्व चेयरमैन ईलम सिंह, ब्लाक इंचार्ज सुनीता, महेन्द्र फौजी, सुशील राणा, सतीश राणा, निशांत बावा, मंडी प्रधान सुनील, पूर्व प्रधान योगेश, घीड मंडी प्रधान देसराज, महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य मोनिका, ममता, बबली, रेखा, पूजा सहित मार्किट कमेटी के अधिकारीगण, कर्मचारी व भाजपा के नेतागण व कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# हकेवि स्वयंसेवकों ने साइक्लोथॉन 2.0 में लिया हिस्सा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के विद्यार्थियों ने सोमवार को स्वास्थ्य, पर्यावरण चेतना और स्वयंसेवा की भावना को केंद्र में रखते हुए राज्यव्यापी पहल साइक्लोथॉन 2.0 में प्रतिभागिता की। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), इकाई के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने युवाओं को उत्साहवर्धन किया और उन्हें नशा मुक्त स्वस्थ जीवनशैली की शपथ दिलाई। राज्यव्यापी इस अभियान को लेकर माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं को संबोधित करते हुए ह्यपेडल फॉर ए कॉजह्य की थीम के अंतर्गत आयोजित साइक्लोथॉन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अभियान के अंतर्गत सम्मिलित हकेवि के स्वयंसेवकों को कुलपति ने शुभकामनाएं देते



हुए उनके प्रयासों की सराहना की और एनएसएस को इस आयोजन के लिए बधाई दी। कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि साइक्लोथॉन 2.0 जैसे आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का निर्माण करते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में एकता, उद्देश्य और जिम्मेदारी की भावना भी पैदा करते हैं। विश्वविद्यालय में एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलम ने इस ह्लसाइक्लोथॉन 2.0ह्ल का समन्वयन किया तथा उन्होंने समाज से नशे की लत के उन्मूलन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं में नशे की लत तेजी से बढ़ रही है। जो स्वस्थ समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। उन्होंने बताया कि एनएसएस स्वयंसेवकों ने नशा उन्मूलन अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए बाघोत से शुरू हुई साइकिल रैली में भाग लिया। यह रैली जिसका उद्घाटन महेंद्रगढ़ जिले के विधायक श्री कवर सिंह यादव ने किया। विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों ने उल्लेखनीय उत्साह और अनुशासन का प्रदर्शन किया। आयोजन में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा, एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रदीप, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलम, डॉ. मुकेश और डॉ. युधवीर उपस्थित रहे।

# बेटे ने पिता को सडक पर सुलाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के गांव घीड़** में रहने वाले 68 वर्षीय बुजुर्ग ने अपने बेटे, पत्नी व अन्य आरोपियों पर सडक पर सोने को मजबूर करने समेत घर में जबरन घुसकर मारपीट करने, तोडफोड़ और कोर्ट के आदेश की अनदेखी करने का गंभीर आरोप लगाया है। बुजुर्ग की शिकायत पर कुंजपुरा थाने में नई धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। शिकायतकर्ता लखपत राय ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी कुसुम और बेटे सुरेश को संपत्ति से बेदखल कर दिया था। कोर्ट ने बीती 29 मार्च को आदेश दिया था कि लखपत राय, कुसुम को 4000 रुपए मासिक किराया देंगे। लेकिन कोर्ट के इस आदेश की अनदेखी करते हुए 4 अप्रैल को सुरेश और कुसुम ने दुकान और घर का शटर तोड? की



कोशिश की। पुलिस को सूचना देने पर उन्हें रोका गया, लेकिन आरोपियों ने खुलेआम धमकी दी कि अगली बार जान से मार देंगे। लखपत राय ने अपनी शिकायत में बताया कि अगले दिन यानी 5 अप्रैल की देर शाम को सभी आरोपी फिर से एकजुट होकर घर में जबरदस्ती घुस आए। शटर और दरवाजा तोडकर अंदर घुसे और लाठियों-डंडों से बुरी तरह मारपीट की। आरोप है कि उन्होंने घर में जमकर तोडफोड़ भी की। इस दौरान पास में रहने वाले सुखदेव ने बड़ी मुश्किल से लखपत राय को हमलावरों से बचाया। पुलिस को फोन करने पर सुरेश को मौके से पकड़ लिया गया, जबकि पवन और अन्य आरोपी भाग गए।

लखपत राय ने बताया कि इससे पहले 2 सितंबर 2024 को भी बेटे और बहू ने मारपीट कर उन्हें घर से निकाल दिया था। वह सर्दियों में सडकों पर रात गुजारते रहे। कई बार उनके ऊपर ठंडा पानी फेंका गया। इलाज के लिए उन्होंने सद्भावना अस्पताल में भी भर्ती कराया था।

# सडक दुर्घटना में व्यक्ति की मौत, दूसरा घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के कस्बा** घरौंडा नेशनल हाईवे पर आज सुबह-सुबह भीषण सडक हादसा हो गया। राजेंद्र ढाबे के सामने खड़ी कंबाइन से दूध सप्लाई करने वाली टाटा 407 गाड़ी टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी के अंदर बैठे दोनों युवक बुरी तरह फंस गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ी के शीशे तोडकर दोनों को बाहर निकाला और एम्बुलेंस से तुरंत घरौंडा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। लेकिन तब तक कंडक्टर की मौत हो चुकी थी, जबकि ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों पानीपत के सौदापुर गांव के रहने वाले थे और दोस्त थे। हादसे के वक्त वे दिल्ली में दूध सप्लाई करने जा रहे थे। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# गन्नौर से पुगथला रोड वाया खुबडू सड़क पर बिछी डामरी की परत

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। गन्नौर से पुगथला** रोड वाया खुबडू सड़क का निर्माण होने से वाहन चालकों को राहत मिली है। सड़क पर लोक निर्माण विभाग द्वारा डामर की पहली परत बिछा दी गई है। जिससे वाहन चालाकों के लिए इस सड़क से आवाजाही शुरू हो गई है। सड़क को विभाग द्वारा पिछले साल उखड़वा दिया था, लेकिन उसके बाद रोक दिया गया। विभाग के अधिकारियों की मानें तो पहले ठंड और फिर वर्षा होने के बाद काम शुरू नहीं किया जा सका। अब विभाग द्वारा सड़का नवनिर्माण कर दिया गया है। 16.70 किलोमीटर इस लंबी सड़क पर कुल 11 करोड़ 61 लाख रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। शहर को वाया खुबडू से शाहपुर एनएच 71ए से जीटी रोड से जोड़ने वाली सड़क का



जीर्णोद्धार कई वर्षों से नहीं हुआ था। यह सड़क पिछले कई वर्षों से सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी है और क्षेत्र के लोग रोड के निर्माण की बाट जोह रहे थे।

**जल्द बिछाई जाएगी दूसरी परत**

लोक निर्माण विभाग के जेई नवनीत कुमार ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य अभी चल रहा है। अभी सड़क पर डामर की पहली परत बिछा दी गई है। जिससे अब यहां यातायत सुगम हो गया है। जल्द ही डामर की दूसरी परत भी बिछा दी जाएगी। अगले 10 दिनों में सड़क निर्माण का कार्य पूरा हो जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मंत्री रणबीर गंगवा करेंगे बैठक की अध्यक्षता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 9 अप्रैल को दोपहर 12 बजे पंचायत भवन करनाल में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा करेंगे। बैठक में मंत्री के समक्ष विभिन्न विभागों से संबंधित मामले रखे जाएंगे। बैठक में कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य तथा सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित होंगे।

### डेरा बाबा भभूतनाथ का दान पात्र चोरी, घटना सीसीटीवी में हुई कैद

**गन्नौर। पांची जाटान गांव** स्थित डेरा बाबा भभूतनाथ से चोर दान पात्र चोरी कर ले गए। चोरी की घटना डेरे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें गांव के ही दो युवक दान पात्र चोरी कर ले जाते दिखाई दे रहे हैं। डेरा के महंत ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में डेरा बाबा भभूतनाथ पांची जाटान के महंत बाबा प्रकाशनाथ ने बताया कि 4 अप्रेल को रात करीब 12 बजे दान पात्र चोरी हो गया। जिसके बाद उन्होंने डेरे पर लगे कैमरों की फुटेज देखी तो गांव के ही कुछ व्यक्ति दान पत्र को ले जाते हुए दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि चोरी करने वालों में गांव के ही भोलू और विकास हैं। पुलिस ने शिकायत पर भोलू व विकास के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जाट धर्मशाला सभी की नई कार्यकारिणी का चुनाव 20 अप्रैल को

**गन्नौर। खेड़ी रोड स्थित जाट** धर्मशाला की कार्यकारिणी का त्रिवार्षिक चुनाव रविवार 20 अप्रैल को होगा। यह जानकारी जाट धर्मशाला सभा के महासचिव रमेश नैन व कोषाध्यक्ष भूप सिंह राठी ने संयुक्त रूप से दी। प्रधान विरेन्द्र राठी ने बताया कि धर्मशाला सभा के सदस्यों से अपील है कि वे चुनाव प्रक्रिया में भाग ले। उन्होंने बताया कि इसी दिन कार्यकारिणी के वार्षिक क्रिया-कलाप का ब्यौरा, नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण व कार्यभार ग्रहण का कार्यक्रम भी होगा।

### स्कूल में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

**गन्नौर। हैप्पी चाइल्ड** इंटरनेशनल स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य संबंधी विचार भाषण, नृत्य और एक्ट के माध्यम से प्रस्तुत किए। उन्होंने फास्ट फूड के दुष्प्रभावों को



उजागर करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक सुनील नागपाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या उषा मलिक ने विद्यार्थियों को बताया कि यह दिवस पूरे विश्व में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करता है। उन्होंने संतुलित आहार व दिनचर्या में बदलाव पर जोर दिया।

# कचरे से कला बनाने की गतिविधियों में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। चाइल्ड केयर** इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को विभिन्न कक्षाओं के छात्रों की रोमांचक और शैक्षिक गतिविधियाँ आयोजित की। जिनका उद्देश्य रचनात्मकता और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देना था। छात्रों को कला और पुनःचक्रण सामग्रियों का उपयोग करके अपनी नवाचारी क्षमताओं को व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया गया। कक्षा पांचवी तक के छोटे छात्रों ने चित्रकला गतिविधि में भाग लिया, जिसमें विभिन्न थीम्स पर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। गतिविधि में छात्रों को रंग, आकार और विभिन्न माध्यमों का उपयोग करके कागज पर अपनी कल्पनाओं को जीवंत करने के लिए प्रकृति से प्रेरित चित्र और अमूर्त चित्र शामिल थे।

कक्षा छटी से दसवीं के छात्रों ने पुराने समाचार पत्र, कार्डबोर्ड, प्लास्टिक की बोतलें, बोतल के ढक्कन और कपड़ों के टुकड़ों जैसी सामग्रियों का उपयोग करके अभिनव स्कल्पचर्स, मॉडल बनाए। स्कूल के निदेशक अजय यादव व उप प्राचार्य अरुण गौतम ने छात्रों के उत्साह और उनके कार्यों की गुणवत्ता की सराहना की।

# हकेवि में सामाजिक विज्ञान के लिए अनुसंधान पद्धति पाठ्यक्रम की हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के मनोविज्ञान विभाग द्वारा ह्यसामाजिक विज्ञान के लिए अनुसंधान पद्धति पाठ्यक्रमह्ल पर केंद्रित दस दिवसीय कार्यशाला की सोमवार से शुरूआत हो गई। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य युवा शोधकताओं और शिक्षाविदों को सामाजिक विज्ञान में उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान के लिए आवश्यक पद्धतिगत उपकरणों से अवगत कराना है। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कार्यप्रणाली और अंतर्विषयक अनुसंधान के महत्व पर बल दिया। उन्होंने इस



आयोजन के लिए मनोविज्ञान विभाग की सराहना की। कुलपति ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विश्वविद्यालय के शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार के मिशन के अनुरूप हैं। आयोजन में पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. विष्णु नारायण कुचेरिया ने कार्यक्रम के उद्देश्य और संरचना के बारे में जानकारी दी। उद्घाटन सत्र में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने ह्यसामाजिक विज्ञान में अनुसंधान का महत्वह्य विषय पर केंद्रित व्याख्यान देते हुए शोधकताओं को अनुसंधान प्रक्रियाओं, प्रोटोकॉल और नैतिक विचारों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की और आलोचनात्मक सोच एवं पद्धतिगत सटीकता के विकास पर बल दिया। उद्घाटन सत्र के समापन पर विश्वविद्यालय की मानविकी और सामाजिक विज्ञान पीठ की अधिष्ठाता व पाठ्यक्रम की सह-निदेशक प्रो. पायल कंवर चंदेल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने इस पाठ्यक्रम के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि ऐसे प्रयास शोधकताओं को व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर मजबूत शैक्षणिक आधार प्रदान करने में मदद करते हैं। प्रो. पायल चंदेल ने आईसीएसएसआर का भी आभार व्यक्त किया। दस दिनों की इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को उन्नत अनुसंधान तकनीकों, मात्रात्मक और गुणात्मक डेटा विश्लेषण, रिपोर्ट लेखन और अनुसंधान नैतिकता में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम में देश भर के अनुभवी शिक्षाविदों और शोधकताओं द्वारा विशेषज्ञ व्याख्यान, समूह चर्चा और व्यावहारिक सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

# मन्नत हवेली में चार दिवसीय आन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम में भाग लिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुज्जर से टूरिज्म व हास्पिटैलिटी के विद्यार्थियों ने मन्नत हवेली में चार दिवसीय आन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम में भाग लिया। प्रशिक्षण दल को विद्यालय के प्राचार्य डा. ईश्वर सिंह ने रवाना किया। इस अवसर पर शिक्षिका ज्योति, शशिबाला, कुसुम व निकिता भी विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहीं। मन्नत हवेली में सीईओ हर्ष चुघ ने सभी का स्वागत किया। प्रबंधक महेश पहल ने विद्यार्थियों को हास्पिटैलिटी क्षेत्र की विभिन्न गतिविधियों की



विस्तृत जानकारी दी तथा इस क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी इस क्षेत्र में कार्य करते हुए पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक व आर्थिक उन्नति कर सकते हैं। प्रशिक्षण के अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। प्राचार्य डा. ईश्वर सिंह ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई दी।

# हवन यज्ञ के करके पीएम श्री राजकीय स्कूल में सत्र का शुभारम्भ



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** पी. एम. श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दातौली के प्रांगण में प्रवेश-उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम कक्षा छठी के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और फूलमाल पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात हवन में प्रधानाचार्य विवेक शर्मा, शिक्षकों व छात्रों ने हवन में आहुति डाली। हवन के पश्चात प्रसाद वितरण हुआ। छात्राओं ने मंच पर सुन्दर नृत्य प्रस्तुति दी। लघु नाटिका के माध्यम से विद्यार्थियों ने विद्यालय में दाखिला लेने के लिए प्रोत्साहित किया। अभिभावकों व ग्रामीणों से अपने बच्चों का सरकारी विद्यालय में दाखिला कराने का अनुरोध किया।

# बकाया कर चुकाने में राहत देने के लिए उद्योगपतियों को योजना की दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। एमएसएमई औद्योगिक वेलफेयर एसोसिएशन के** कार्यालय में सोमवार को आबकारी एवं कराधान विभाग की तरफ से जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में आबकारी एवं कराधान विभाग के उपायुक्त नील रतन व जिला कराधान निरीक्षक अजय सरोहा ने शिरकत की। उपायुक्त नील रतन व जिला कराधान निरीक्षक अजय सरोहा का एसोएिसशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक, महासचिव हरप्रीत सिंह, उपाध्यक्ष संजय मित्तल, निशांत छौक्कर ने बुके भेंट कर स्वागत किया। शिविर में हरियाणा एकमुश्त समाधान योजना की जानकारी दी गई। उपायुक्त नील रतन ने बताया कि यह योजना 1 अप्रैल से शुरू होकर 180 दिनों तक लागू रहेगी। योजना का उद्देश्य करदाताओं को बकाया कर चुकाने में राहत प्रदान करना है। यह योजना महाराष्ट्र मूल्य वर्धित कर अधिनियम, केंद्रीय बिक्री कर अधिनियम, एंट्री टैक्स अधिनियम, एलएडीटी अधिनियम, एंटरटेनमेंट ड्यूटी अधिनियम, हरियाणा सामान्य बिक्री कर अधिनियम और लक्जरी टैक्स अधिनियम पर लागू होती है। जिला कराधान निरीक्षक अजय सरोहा ने बताया कि योजना के तहत बकाया करों पर ब्याज और जुमार्ने की पूरी माफी दी जाएगी। यदि बकाया राशि 10 लाख तक है, तो 1 लाख की छूट के साथ कुल बकाया का 40 प्रतिशत भुगतान करना होगा। जबकि 10 लाख से 10 करोड़ तक के बकाया पर 50 प्रतिशत भुगतान अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि एक बार कर मामला निपट जाने के बाद उसे दोबारा नहीं खोला जाएगा। शिविर के बाद आबकारी एवं कराधान विभाग के उपायुक्त नील रतन व जिला कराधान निरीक्षक अजय सरोहा ने गुरू नानक पार्क में पौधारोपण भी किया।

## संपादकीय

# ट्रंप का टैरिफ वार बनाम वर्ल्ड वॉर

**डोनाल्ड** ट्रंप जब दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए थे और उन्होंने अपना सहयोगी सलाहकार एलन मस्क को बनाया था तब लगा सचमुच दुनिया की आर्थिक व्यवस्था में काफी सुधार आएगा दूसरी तरफ ट्रंप ने विश्व युद्ध रोकने की जोरदार मुहिम की शुरूआत की थी लेकिन ट्रंप के टैरिफ हाइक ने भारत के साथ यूरोपीय देशों और नाटो देशों के व्यापार जगत में हड़कंप मचा दिया है। भारत में ही सेंसेक्स 3000 अंक में उछाल ला दिया है और निफ्टी में 850 अंक की बढ़ोतरी हुई है। दूसरी तरफ अमेरिका में ही महंगाई 10% का उछाल आया है। अमेरिका ने सभी देशों पर 25 से 35% तक मंहगा कर दिया है जिससे अमेरिका में ही महंगाई का हड़कंप मच हुआ है। ट्रंप की इस मनमानी पर 50 राज्यों में 150 महत्वपूर्ण समूह ने उग्र प्रदर्शन कर दिया है डोनाल्ड ट्रंप के साथ सहयोगी एलन मस्क का भी जबरदस्त विरोध शुरू हो गया। टैरिफ में जबरदस्त बढ़ोतरी, कर्मचारियों में भारी कटौती एवं अर्थव्यवस्था में तेजी से गिरावट के कारण हजारों-हजार नागरिकों और व्यापारिक समूह ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

वैश्विक युद्ध की संभावना को रोकने के लिए डोनाल्ड ट्रंप ने पुतिन और जेलेन्सकी की से वार्ता शुरू की जिससे संभावना बन रही थी कि रूस-यूक्रेन युद्ध और इजरायल-पिलिस्तिनी युद्ध में रोक लगेगी पर ऐसा हुआ नहीं। ट्रंप ने एलन मस्क की सलाह पर टैरिफ बढाकर वैश्विक व्यापार युद्ध को न्योता दे दिया है। विश्व युद्ध रोकने की जगह अब अब व्यापारिक युद्ध का ऐलान हो गया जिससे वर्तमान में अमेरिका में विपक्ष की मुहिम के तहत हुए प्रदर्शनों में 150 से अधिक समूह शामिल रहे इसमें नागरिक अधिकार संगठन श्रमिक संघ एवं वकालत करने वाले समूह बुजुर्ग तथा चुनावी सुधारो में वकालत करने वाले समूह शामिल हो गए हैं। कैलिफोर्निया, मैनहटन से लेकर अलास्का तक देश भर के शहरों में लाखों प्रदर्शनकारियों ने सरकार द्वारा छटनी तथा अर्थव्यवस्था, आवर्जन व मानवअधिकारों पर ट्रंप तथा उनके सहयोगी अरबपति एलन मस्क की कार्रवाई की आलोचना कर खुलकर प्रदर्शन किया जा रहा है। अमेरिका में ही पोर्टलैंड ओरेगॉन और लॉस एंजेल प्रदर्शन कार्यो ने बड़ी-बड़ी रैलियां निकाली है। अमेरिकी राष्ट्रीय आर्थिक परिषद के निर्देशक केबिन हैसेट ने बताया कि व्हाइट हाउस में लगभग 50 देश देश के प्रतिनिधियों से संपर्क कर टैरिफ पर अपनी बात रखी है। प्रदर्शनकारी 150 समूहों ने आरोप लगाया है की ट्रम्प और एलन मस्क अपने आमिर साथियों को फायदा पहुंचाने के लिए नए-नए कदम उठाए हैं जिससे उन्हें ज्यादा से ज्यादा मुनाफा हो सके और इसका ही खुलकर वहां की आम जनता एवं अन्य समूह विरोध कर रहे हैं। भारत के संदर्भ में भारत के निर्यात पर 25% से 27% टैरिफ लगाने से भारत में भी निर्यात पर महंगाई काफी बढ़ जाएगी एवं इसका असर भारत के घरेलू उत्पाद पर भी पड़ेगा। वरोध प्रदर्शन में जाने माने उद्योगपति बाल्टीमोर निवासी रॉब अपने बेटों तथा पत्नी कैथरीन के साथ वाशिंगटन में विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए उन्होंने प्रदर्शन करते हुए शेयर बाजार सूचकांक में गिरावट को दशार्ते हुए ग्राफ के साथ एक साइन बोर्ड लगाया था उस पर लिखा गया क्या हमने इसी बात के लिए हमने आपको वोट दिया था हम इस बात का खुलकर विरोध करते हैं।

# जंगलों पर छाया इंसानों का आतंक: एक अनदेखा संकट

–प्रियंका सौरभ

> वन विभाग अक्सर संसाधनों और जनबल की कमी से जूझता है। इसके अलावा, जब विकास परियोजनाओं और वन्यजीव संरक्षण में टकराव होता है, तो अक्सर विकास को तरजीह दी जाती है, भले ही उसके दीर्घकालिक परिणाम विनाशकारी हों। इस संकट से उबरने के लिए केवल नीतियाँ नहीं, बल्कि सोच का परिवर्तन जरूरी है। कुछ संभावित उपाय इस प्रकार हैं: शहरी नियोजन में हरित क्षेत्र सुनिश्चित किया जाए – पार्क, बाग-बगिचे, और वृक्षारोपण को केवल सजावटी पहलू नहीं, बल्कि पारिस्थितिकी के हिस्से के रूप में देखा जाए। वन्यजीव गलियारे (६'ि्रेी्ङ्म११ङ्क्षि१२) विकसित किए जाएँ – जिससे जानवरों को सुरक्षित आवागमन का रास्ता मिले। कचरा प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाए – ताकि जानवर शहरी कूड़े पर निर्भर न हों

**हाल** ही में एक प्रमुख अखबार की हेडलाइन ने ध्यान खींचा–शहर में बंदरों और कुत्तों का आतंक। यह वाक्य पढ़ते ही एक गहरी असहजता महसूस हुई। शायद इसलिए नहीं कि खबर गलत थी, बल्कि इसलिए कि वह अधूरी थी। सवाल यह नहीं है कि जानवर शहरों में क्यों आ गए, बल्कि यह है कि वे जंगलों से क्यों चले आए? हम जिस आतंक की बात कर रहे हैं, वह वास्तव में प्रकृति का प्रतिवाद है–उस दोहरी मार का नतीजा जो हमने जंगलों और वन्यजीवों पर एक लंबे अरसे से चलाया है। विकास के नाम पर हमने जंगलों को काटा, नदियों को मोड़ा, और पहाड़ों को तोड़ा। वन्यजीवों के लिए न तो रहने की जगह छोड़ी, न भोजन का साधन। जब उनका प्राकृतिक निवास उजड़ गया, तब वे हमारी बस्तियों की ओर बढ़े। और अब, जब वे हमारी छतों, गलियों और पार्कों में दिखते हैं, तो हम उन्हें ह्यआतंकीह्न करार देते हैं। यह नजरिया न केवल नैतिक दृष्टि से अनुचित है, बल्कि हमारी नीति और प्राथमिकताओं में गहरी खामी को भी उजागर करता है। विकास और संरक्षण को एक-दूसरे के विरोधी खेमों में खड़ा कर देने का नतीजा यह है कि न तो सही मायनों में विकास हो पा रहा है, न ही प्रकृति का संतुलन बच पा रहा है। हाल ही में एक अखबार की प्रमुख हेडलाइन पढ़ी–शहर में बंदरों और कुत्तों का आतंक। यह वाक्य महज एक खबर नहीं, बल्कि हमारे सोचने के तरीके का प्रतिबिंब था। हमने जानवरों के शहर में आने को आतंक करार दिया, लेकिन कभी यह सवाल नहीं पूछा कि वो शहर में आए ही क्यों? जब कोई बंदर किसी कॉलोनी की छत पर उछलता है, या कोई कुत्ता कूड़े के ढेर में भोजन तलाशता है, तो वह कोई स्वाभाविक प्रक्रिया नहीं होती। यह उस संकट का संकेत होता है जिसे हम–मनुष्य–ने स्वयं गढ़ा है। जंगल, जो कभी इन जीवों का घर थे, अब रियल एस्टेट की परियोजनाओं, खनन कार्यों, सड़कों और डैमों की बलि चढ़ चुके हैं। आज अगर कोई सच में आतंक फैला रहा है, तो वह है इंसानी लालच और विकास का अंधा मॉडल।

**प्राकृतिक आवासों पर हमला**

भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में है जहाँ जैव विविधता की अद्भुत संपदा है। लेकिन यही भारत आज अपने ही जंगलों को खा रहा है। 2021 की ऋ्ङ्मी२३



प्रतीकात्मक फोटो

र४१५ी८ ङ्म क्ल्र्ल्र रिपोर्ट बताती है कि भारत ने पिछले चार वर्षों में 1,100 वर्ग किलोमीटर से अधिक वनक्षेत्र खो दिया है। हरियाणा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा जैसे राज्यों में यह गिरावट विशेष रूप से चिंताजनक रही है। वन कटान केवल पेड़ों का नुकसान नहीं है। यह पूरी एक पारिस्थितिकी व्यवस्था का ध्वंस है। जब हम पेड़ काटते हैं, हम न सिर्फ ऑक्सीजन के स्रोत मिटाते हैं, बल्कि हजारों पशु-पक्षियों के घर उजाड़ देते हैं। यही कारण है कि आज हमें गाँवों और शहरों के आसपास बाघ, हाथी, भालू और यहाँ तक कि तेंदुए भी दिखने लगे हैं।

**शहरों में जानवरों की बढ़ती उपस्थिति: एक चेतावनी**

बंदरों का शहरों में आना आज एक आम दृश्य बन गया है। दिल्ली, वाराणसी, जयपुर, और देहरादून जैसे शहरों में बंदरों की आबादी तेजी से बढ़ी है। कारण स्पष्ट हैं–कम होती हरियाली, अधिक होता कूड़ा, और बिगड़ता पारिस्थितिक संतुलन। इसी तरह, आवारा कुत्तों की संख्या भी शहरों में नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। हङ्ख१'ि्ली'३ँ ड२ॅल्ल९३ङ्गल्ल के अनुसार भारत में लगभग 3.5 करोड़ आवारा कुत्ते हैं, और हर साल हजारों लोग कुत्तों के काटने के शिकार होते हैं। मगर यह समस्या केवल स्वास्थ्य या सुरक्षा की नहीं है; यह समस्या हमारे कुप्रबंधन और लापरवाह विकास की है। हमने कूड़ा फेंकने के तरीकों को सुधारा नहीं, सार्वजनिक पशु-नियंत्रण कार्यक्रमों को प्राथमिकता नहीं दी, और अब जब जानवर हमारी बस्तियों में दिखते हैं, तो उन्हें संकट कह कर खुद को निर्दोष साबित करने की कोशिश करते हैं।

**मीडिया की भूमिका और भाषा का प्रभाव**

जब कोई अखबार लिखता है कि बंदरों का आतंक, तो वह केवल सूचना नहीं दे रहा होता, बल्कि एक धारणा गढ़ रहा होता है। यह धारणा कि जानवर आक्रमणकारी हैं, और हम पीड़ित। मीडिया की यही भाषा यह छिपा लेती है कि असल में हम ही उनके घरों में घुसे थे, उनकी जमीन छीनी, और अब जब वो अपनी जगह पाने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें दोषी ठहराते हैं। यह भाषा केवल संवेदनहीन नहीं, बल्कि खतरनाक भी है, क्योंकि इससे संरक्षण के प्रति समाज की समझ और सहानुभूति दोनों कमजोर पड़ती हैं।

**वन्यजीव संघर्ष-क्यों बढ़ रहा है?**

एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर साल औसतन 100 से अधिक लोग हाथियों के हमलों में मारे जाते हैं, और दर्जनों बाघअंतिम बातः इंसान अकेला नहीं है इस धरती पर हमें यह स्वीकार करना होगा कि यह धरती केवल हमारी नहीं है। जंगलों, नदियों, पहाड़ों, और समंदरों के साथ-साथ हर जीव-जंतु का इस पर उतना ही अधिकार है जितना हमारा। जब हम शहरों का विस्तार करते हैं, जब हम मॉल और एक्सप्रेसवे बनाते हैं, तब हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि किसी न किसी की जमीन छीनी जा रही है–कभी किसी हिरन की, कभी किसी हाथी की। हम अगर प्रकृति से लड़ते रहेंगे, तो अंततः हार हमारी ही होगी–क्योंकि प्रकृति को हराया नहीं जा सकता, बस अस्थायी रूप से दबाया जा सकता है। बंदरों का आतंक एक समाचार की हेडलाइन हो सकती है, लेकिन असल हेडलाइन यह होनी चाहिए थी–जंगलों पर इंसानों का आतंक। इस सच्चाई को स्वीकार करना कठिन है, लेकिन जरूरी है। अगर हम वास्तव में एक संतुलित, सुरक्षित और संवेदनशील समाज की ओर बढ़ना चाहते हैं, तो हमें प्रकृति से नहीं, अपने अहंकार से संघर्ष करना होगा।

---मानव संघर्ष की घटनाएँ सामने आती हैं। मगर इन घटनाओं के पीछे की सच्चाई यह है कि वन्यजीवों का घर सिकुड़ता जा रहा है। जंगलों में भोजन और पानी की कमी उन्हें मानव बस्तियों की ओर खींचती है। कभी-कभी वे रास्ता भटक जाते हैं, तो कभी उन्हें मजबूरी में खेतों और घरों में घुसना पड़ता है। यह संघर्ष उनके लिए भी घातक है–हर साल सैकड़ों जानवर इंसानी जवाबी हिंसा में मारे जाते हैं।

**क्या हो सकता है समाधान?**

उनके लागू करने में अनेक समस्याएँ हैं। वन विभाग अक्सर संसाधनों और जनबल की कमी से जूझता है। इसके अलावा, जब विकास परियोजनाओं और वन्यजीव संरक्षण में टकराव होता है, तो अक्सर विकास को तरजीह दी जाती है, भले ही उसके दीर्घकालिक परिणाम विनाशकारी हों। इस संकट से उबरने के लिए केवल नीतियाँ नहीं, बल्कि सोच का परिवर्तन जरूरी है। कुछ संभावित उपाय इस प्रकार हैं: शहरी नियोजन में हरित क्षेत्र सुनिश्चित किया जाए – पार्क, बाग-बगिचे, और वृक्षारोपण को केवल सजावटी पहलू नहीं, बल्कि पारिस्थितिकी के हिस्से के रूप में देखा जाए। वन्यजीव गलियारे (६'ि्रेी्ङ्म११ङ्क्षि१२) विकसित किए जाएँ – जिससे जानवरों को सुरक्षित आवागमन का रास्ता मिले। कचरा प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाए – ताकि जानवर शहरी कूड़े पर निर्भर न हों। मीडिया और शिक्षा में संवेदनशीलता लाई जाए – जानवरों को 'आतंकवादी' बताने के बजाय उनके संघर्ष को समझने और सहानुभूति की भाषा अपनाई जाए। स्थानीय समुदायों को शामिल किया जाए – उन्हें संरक्षण के साझेदार बनाना होगा, विरोधी नहीं।

## कविता

**रिश्तों की चिता..**

कभी एक आँगन था...
जहाँ माँ की साड़ी की
ओट में
दुनिया छुप जाया करती
थी।
अब उसी आँगन में,
सीमा रेखा खींची गई है...
जमीनी नक्शे से रिश्तों का
नापा जा रहा है!

कभी जो थाली में एक
साथ खाते थे–
अब हिस्से गिने जाते हैं...
और थाली से ज्यादा
बयान
महत्त्वपूर्ण हो गए हैं।
भाई नहीं बोलते अब– वो
वकील से बात करते हैं।

माँ की रुलाई अब दीवार
के उस पार नहीं सुनाई
देती,
क्योंकि कानों पर कानूनी
हेडफोन चढ़ा है...
और दिल... दिल तो अब
स्टाम्प पेपर से ज्यादा
मुलायम नहीं रहा।

जायदादें क्या बाँटी यारों...
बँट तो हम गए थे उस
दिन,
जब पहली बार मेरा
और तेरा
घर के भीतर बोला गया
था।
वो पहला शब्द ही अंतिम
वार था – भाईचारे पर।

कभी जिस जमीन पर
हमारे पाँवों के निशान थे,
अब उस पर जूते चलते
हैं...
और दस्तखतों से तय
होता है,
कौन किसका, कितना
अपना है।

अब भी अगर पूछो –
क्या मिला इस जायदाद
से?
तो जवाब बस इतना है:
एक दीवार, चार हिस्से,
और अनगिनत रिश्तों की
चिता...

जायदादें कहाँ बँटी थीं...
जायदादों में बँट गए भाई।

–प्रियंका सौरभ

# अयोध्या के राम एक बार फिर निशाने पर

**राकेश अचल**

**अयोध्या** के राम एक बार फिर निशाने पर है। पूरे 45 साल पहले राम नाम को चुनावी बाजार में उतारने वाली भाजपा देश के शेष 10 राज्यों पर सत्तारूढ़ होने के लिए एक बार फिर रामायुध लेकर निकल पड़ी है। इस बार भाजपा का लक्ष्य दक्षिण के साथ पूरब का बंगाल जीतने का भी है। भाजपा ने अपने वानर-भालू इन दोनों ही दिशाओं में तैनात कर दिए हैं। रामनवमी से ये अभियान शुरू हो गया है।सत्तारूढ़ होने के लिए राम को साधन और साध्य बनाने वाली भाजपा का दुस्साहस देखिये कि वो एक और बंगाल में तृणमूल कांग्रेस से मोर्चा ले रही है तो दक्षिण में तमिलनाडु में मुख्यमंत्री स्टालिन से भाषा के मुद्दे पर मोर्चा खोल चुकी है। सबसे पहले बंगाल की बात करते है। बंगाल में रामनवमी जो कुछ दिखा, वह ममता की धड़कनें बढ़ाने वाला है। भाजपा नेता अब खुलेआम 70 फीसदी हिन्दू राम की सेना की बातें करने लगे हैं। उधर, आरएसएस और विश्व? हिन्दू परिषद भी अब सिर्फ बंगाल ही बंगाल का जाप कर रही है है. भाजपा चौतरफा जोर लगाकर बंगाल में सत्ता का खेल बदलने की तैयारी में है। भाजपा हमेशा से ध्रुवीकरण को जीत का अमोघ अस्त्र मानती है। रामनवमी पर भाजपा ने , आरएसएस और वीएचपी के साथ मिलकर पूरे बंगाल में 2000 से ज्यादा शोभायात्राएं निकालीं। भाजपा का दावा है कि इस बार एक करोड़ से ज्यादा लोग सड़कों पर उतरे. यह हिंदू ध्रुवीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है, आपको ज्ञात ही होगा कि पश्चिम बंगाल की आबादी में हिंदुओं की हिस्सेदारी करीब 70 प्रतिशत है, जबकि मुस्लिम आबादी लगभग 27 प्रतिशत है। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 38.15 प्रतिशत वोट मिले थे और उसने 77 सीटें जीती थीं. वहीं टीएमसी ने 48 फीसदी वोटों के साथ 215 सीटों पर कब्जा किया था। वोट शेयर में दोनों पार्टियों के बीच करीब 10 प्रतिशत का अंतर है। . भाजपा का मानना है कि अगर वह हिंदू वोटरों के अतिरिक्त 5-7 प्रतिशत को अपने पक्ष में कर ले, तो खेल बदल सकता है,यानि खेला हो सकता है। इसी एजेंडे के तहत पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने रविवार को रामनवमी के अवसर पर पूर्वी मेदिनीपुर के सोनचूरा में राम मंदिर की आधारशिला रखी। यह मंदिर नंदीग्राम में बनाया जाएगा। सुवेंदु अधिकारी नंदीग्राम से ही भाजपा विधायक हैं। 2007 में तृणमूल कांग्रेस ने ममता बनर्जी के नेतृत्व में भूमि अधिग्रहण के खिलाफ नंदीग्राम में ही बड़ा आंदोलन किया था।.6 जनवरी 2007 को भूमि अधिग्रहण आंदोलन के दौरान सोनाचुरा गांव में गोली लगने से सात लोगों की जान गई थी। आइये अब आपको तमिलनाडु ले चलते है। रामनवमी को ही तमिलनाडु में प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी ने रामेश्वरम में नए पंबन ब्रिज का उद्घाटन किया और 8,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली अन्य विकास योजनाओं का शुभारंभ किया। लेकिन मुख्यमंत्री स्टालिन मोदी जी के इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए।

## विचार

# अरस्तू और प्लेटो पर भारतीय दर्शन का प्रभाव

**आशीष राजपूत**

**प्राचीन** इतिहास को भुलाकर भारत प्रगति तो कर सकता है परंतु बौद्धिक स्तर पर पश्चिम के पिछलग्गू छवि को नहीं तोड़ सकता। ब्रिटिश राज में भारत में थोपी गई शिक्षा नीति नें भारतीयों को अपनी ही विरासत और ज्ञान पर स्वाभिमान न करना सीखा दिया। इसी नीति का परिणाम है कि न सिर्फ हमनें अपने ज्ञान की ज्योति को पश्चिमी चिरागों से कमतर आँका बल्कि हमारी ही रोशनी से प्रज्वलित पश्चिमी चिरागों की रोशनी वापस भारत आई तो उसकी प्रशंसा करने लगे और श्रेष्ठ समझने लगे। अपनी मातृभूमि को बौद्धिक स्तर पर पिछड़ा समझने का महापाप भी भारत की संतानों ने किया। आज विकसित भारत का लक्ष्य तय कर चुका यह राष्ट्र अपने अमृत काल की यात्रा में है। यह कालखंड सिर्फ नवीन लक्ष्यों को प्राप्त करने तक सीमित नहीं है बल्कि इतिहास में जो कुछ हम भूल चुके उन्हें प्राप्त करने को लेकर भी है। आज की पीढ़ी को विदेशी दृष्टि के बंधन से मुक्त होकर यह समझना पड़ेगा कि कैसे भारतीय ज्ञान नें विश्व को प्रभावित किया। जो हमारे ग्रंथ हजारों वर्षों से कहते आ रहे हैं उसी को दुनिया नें अपने अपने शब्दों में परिवर्तित कर पुनः विश्व के सामने रखा। पश्चिमी चिंतन की आधारशिला प्लेटो और अरस्तू के चिंतन पर रखी हुई है जबकि ये दोनों चिंतकों के विचारों में भारतीयता स्पष्ट नजर आती है।

प्लेटो ने रूप के सिद्धांत को प्रतिपादित किया है। गुफा में बंद कैदियों के माध्यम से जिस रूप के सिद्धांत को प्लेटो समझाता है वह वही है जिसे उपनिषद बार बार कह रहा है। प्लेटो बताता है कि कुछ तत्व हैं जो सच्चे, शाश्वत और अपरिवर्तनीय हैं जबकि दुनिया उनकी छाया मात्र है परंतु लोग इसे ही यथार्थ सत्य समझ बैठते हैं। इन तत्वों को उसने रूप कहा है जोकि वास्तविक ज्ञान के विषय हैं और समस्त यथार्थ का स्त्रोत भी। यही बात उपनिषद बार बार दोहराता है जैसे छांदोग्य उपनिषद 6.1.4 में सर्वं खल्विदं ब्रह्म अर्थात यह सम्पूर्ण ब्रह्म ही है। भारतीय चिंतन कहता है कि यह दुनिया एक माया मात्र है जबकि परम सत्य तो ब्रह्म है। प्लेटो ने अपने संवाद और आत्मा के पुनर्जन्म और उसके पूर्व कर्मों से जुड़ाव की अवधारणा पर चर्चा की है। उनके अनुसार आत्मा का अगला जन्म उसके पिछले जीवन में किए गए आचरण और कर्मों पर निर्भर करता है। प्लेटो के चिंतन में आत्मा की अमरता और पुनर्जन्म में विश्वास दिखता है और वो कहते हैं कि आत्मा अपने कर्मों और स्वभाव के अनुसार विभिन्न शरीरों में पुनर्जन्म लेती है। यह सिद्धांत स्पष्ट रूप से भारतीय प्रभाव को दशार्ता है और आत्मा, पुनर्जन्म और कर्मों के आधार पर जन्म मिलने के सिद्धांत पूरे विश्व में भारत से गए, इसको प्रमाणित करता है। भारतीय ग्रंथों में यह चिंतन हजारों वर्षों से लिखा है उदाहरणतः ऋग्वेद 10.16.3 जहां आत्मा के कर्म अनुसार अलग अलग योनियों में जाने की बात करता है तो वहीं बृहदारण्यक उपनिषद् 4.4.3 में आत्मा का एक शरीर को छोड़ पुराने शरीर को ग्रहण करने, छांदोग्य उपनिषद श्लोक 5.10.7 कहता है कि जिन्होंने इस जन्म में अच्छे कर्म किए हैं, वे उसी के अनुसार अच्छे जन्म यानि वे ब्राह्मण, क्षत्रिय या वैश्य के रूप में जन्म लेते हैं। लेकिन जिन्होंने इस संसार में बुरे कर्म किए हैं, वे उसी के अनुसार बुरे जन्म जैसे कुत्ता, सुअर या जातिहीन व्यक्ति के रूप में जन्म लेते हैं। भगवदगीता तो स्पष्ट रूप से यह कहती ही है। प्लेटो द्वारा द रीपब्लिक में वर्णित आदर्श दार्शनिक राजा की अवधारणा भी हिंदू ग्रंथों में प्रतिपादित राजधर्म की संकल्पना से अत्यंत समानता रखती है। ज्ञान, संयम, धर्मनिष्ठा, न्यायप्रियता और लोक कल्याण के प्रति समर्पण, सभी गुण प्लेटो के आदर्श राजा में भी दिखाई देते हैं जोकि भारतीय परंपरा में प्राचीन काल से राजा से जोड़कर देखे जाते रहें हैं। दरअसल प्लेटो कोई पूर्णतः नई अवधारणा प्रस्तुत नहीं कर रहे, बल्कि वे उन शिक्षाओं को अपने शब्दों में व्यक्त कर रहे हैं जो सदियों से भारतभूमि पर राजधर्म और शासक की नैतिक ज़िम्मेदारियों के रूप में स्थापित रही हैं। शुक्रनीति और महाभारत अनुसार सच्चा शासक वह है जो आत्मज्ञान प्राप्त कर चुका हो, इंद्रियों का संयमी हो, और जनकल्याण को ही अपना सर्वोच्च कर्तव्य माने। इस प्रकार, प्लेटो का दार्शनिक-राजा भारतीय राजधर्म की विचारधारा की एक प्रतिध्वनि मात्र है, जिसे उन्होंने ग्रीक सांस्कृतिक और दार्शनिक परिप्रेक्ष्य में ढाला। अगर अरस्तू की बात करें तो उन्होंने जिस तर्कशास्त्र को दुनिया के सामने रखा वो भारत से प्रभावित दिखता है। जर्मन दार्शनिक आर्थर शोपेनहावर अपनी प्रसिद्ध कृति ह्यद वर्ल्ड एज विल एंड रिपरिजेंटेशनह्न में विलियम जोन्स के अवलोकनों को आधार बनाकर भारतीय तर्कशास्त्र और अरस्तू तर्कशास्त्र में समानता सिद्ध की है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# पंजाब में आप सरकार के तीन वर्षों का सफर

**सुभाष आनंद**

पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर उसके द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियां के जो दावे किए हैं उसके बारे में पूरी गंभीरता से विश्लेषण किए जाने की जरूरत है।

आम आदमी पार्टी ने सरकार में आने से पहले अपने चुनावी घोषणा पत्र में जो वादे किए थे ,उसमें कितने पूरे हुए और कितने अधूरे बचे हैं इसके बारे में विस्तार पूर्वक जानने की भी जरूरत है। पंजाब सरकार द्वारा बताई गई उपलब्धियों के संबंध में विरोधी पक्ष अकाली दल और कांग्रेस ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया, यह सरकार नादानों की सरकार है, जिसे सरकार चलाने का कोई ढंग नहीं और सरकारी तंत्र के सुस्त होने की बात कही। ये बात आप को याद होगी कि अकाली भाजपा के 10 वर्ष के शासन काल और बाद में कांग्रेस के 5 वर्ष के शासन काल से तंग आकर लोगों ने बदलाव लाने की ठानी, लोगों को आम आदमी पार्टी से बहुत आशाएं थीं ,लोगों ने आम आदमी पार्टी को इसलिए ही चुना था कि न्याय का राज्य होगा, लोगों की आर्थिक मुश्किल कम होगी, भ्रष्टाचार मुक्त राज्य मिलेगा, परंतु तीन वर्ष बीत जाने के पश्चात लोगों को घोर निराशा ही देखने को मिल रही है। पंजाब के विधायक निरंकुश हो चुके हैं, कुछ किसानों की ट्रालियां चोरी कर रहे हैं, कुछ ट्रक यूनियन के प्रधानों के पद बेचते रहे, कुछ लोगों की प्रॉपर्टी पर कब्जा कर रहे हैं, कुछ गुंडागर्दी में लगे हुए हैं ,आज पंजाब में आम आदमी का अस्तित्व खोता जा रहा है । सरकार की आर्थिक स्थिति तो पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है, कर्ज लेकर कार्य चलाने पड़ रहे हैं, 3 करोड़ 15 लाख का कर्ज इस सूबे के सिर पर चढ़ गया है, जिसका बोझ सहन करना इसके लिए अति मुश्किल होता जा रहा है। क्योंकि सरकार की बड़ी आमदनी इस कर्ज का ब्याज अदा करने में जा रही है। सरकार कर्ज लेकर चल रहीं हैं, कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। पंजाब में बढ़ते नशे को रोकने के लिए पूर्व सरकारों की भांति यह सरकार भी बुरी तरह असफल रही है, 3 वर्ष पूरे होने के पश्चात नशा विरोधी युद्ध में केवल छोटे-मोटे नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है।

# दफ्तर का लंचबॉक्स युद्ध

**डॉ. सुरेश कुमार**

**सरकारी** दफ्तर में दो चीजें सबसे ज्यादा जरूरी होती हैं–एक फाइल और दूसरी चाय। अगर किसी का काम रुकवाना हो, तो फाइल गायब कर दो और अगर किसी का दिमाग बंद करवाना हो, तो चाय बंद कर दो। लेकिन कुछ महानुभावों ने इन दोनों के अलावा तीसरी चीज को भी अत्यंत आवश्यक बना दिया था–लंचबॉक्स। जब से ऑफिस बना था, तब से सरकारी कर्मचारी लंचबॉक्स के प्रति जितने समर्पित थे, उतने शायद देश के प्रति भी नहीं थे। दोपहर के ठीक बारह बजते ही एक अजीब सी खलबली मच जाती। टेबलों पर फाइलें धरी रह जातीं और हाथों में टिफिन बॉक्स झूलने लगते। बाबूजी हों या अफसर, सबका ध्यान बस इस बात पर रहता कि किसका टिफिन आज सबसे स्वादिष्ट है। जिन्हें काम करना आता था, वे टिफिन से दूर रहते और जिन्हें टिफिन खोलना आता था, उन्हें काम से दूर रखा जाता। आलम यह था कि लंचबॉक्स की यह अद्भुत परंपरा किसी गुप्त समाज की मीटिंग से कम नहीं थी। पिछले हफ्ते ऑफिस के शर्मा जी की पत्नी मायके गईं, तो उनकी हालत किसी बेरोजगार युवा से भी खराब हो गई। मजबूरी में उन्होंने कैंटीन का सहारा लिया, लेकिन वहाँ की दाल देखकर ऐसा लगा जैसे इसे बनाने वाले का सरकार से पुराना बैर रहा हो। अरे भाई, ये दाल बनाई है या किसी की आत्मा बुलाने के लिए मंत्रोच्चार किया है? शर्मा जी की आँखों में आँसू थे। लेकिन असली हंगामा तब हुआ जब वर्मा जी के टिफिन से महक उठी। सुगंध ऐसी कि अफसर से लेकर चपरासी तक सबकी आँखें चमक उठीं। ये तो वही खुशबू है जो आखिरी बार दादी के हाथों बने आलू के पराठों में आई थी! दफ्तर में एक मूक क्रांति हो चुकी थी। शर्मा जी, जो अभी तक मायूसी में थे, अचानक चीते जैसी फुर्ती से लपके। अरे वर्मा जी, थोड़ा स्वाद तो चखाओ! लेकिन वर्मा जी को अपनी पत्नी के हाथों बने भोजन पर किसी विश्व बैंक की तरह नियंत्रण था। टिफिन डिप्लोमेसी का खेल शुरू हो चुका था। कोई अपनी बीवी की रसोई कला का बखान कर रहा था। तो कोई मेरे घर का अचार, तुम्हारे घर

## न्यूज फ्लैश

### नैनियों ने डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। आरपीएस स्कूल में** कार्यरत केयरटेकर (नैनियों) ने सोमवार को स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। स्कूल से निकाले जाने के खिलाफ न्याय की गुहार लगाने सभी नौनियां जिला सचिवालय पहुंची। उनका आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने एक फरमान जारी कर उन सभी को सिर्फ इसलिए नौकरी से निकाल दिया, क्योंकि उन्होंने अपनी ड्यूटी का समय आधा घंटा कम करने की मांग की थी। नैनियों ने बताया कि उन्हें रोजाना सुबह साढ़े 5 बजे स्कूल पहुंचने का आदेश होता है। अगर वह 5 मिनट भी लेट होती हैं तो फाइन लगा दिया जाता है। दिनभर का काम बेहद थकाऊ होता है। पहले स्कूल की सफाई करवाते हैं, फिर बच्चों को लाने के लिए स्कूल बसों में भेजा जाता है, स्कूल लौटकर बच्चों की देखभाल की जाती है। दोपहर ढाई बजे बच्चों की छुट्टी होती है, लेकिन नैनियों को शाम 5 बजे तक स्कूल में रुकने के निर्देश दिए जाते हैं। नैनियों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन उनसे रविवार को भी काम करवा लेता है, लेकिन छुट्टी के दिन कोई वेतन नहीं मिलता। न ही एक्स्ट्रा टाइम का कोई पैसा दिया जाता है। जब भी कोई शिकायत करते हैं तो स्कूल प्रबंधन कहता है कि काम करना है तो करो, नहीं तो बाहर जाओ। नैनियों ने आरोप लगाया कि स्कूल में एक नैनी को ही सुपरवाइजर बना दिया गया है। वह बाकी के कर्मचारियों को प्रताड़ित करती है। यहां तक कि अपनी गैरहाजिरी को भी हाजिरी में बदल देती है, और दूसरों की हाजिरी काट देती है। कई नैनियां दूर-दराज के इलाकों से आती हैं। उन्होंने बताया कि अक्सर ट्रैफिक के कारण थोड़ी देर हो जाती है, लेकिन स्कूल में लेट होने पर कोई बहाना नहीं माना जाता। एक गलती पर भी तुरंत जुमार्ना लगा दिया जाता है। अगर कोई घंटी लगाना भूल जाए या किसी और काम में छोटी सी चूक हो जाए तो भी फाइन ठोक दिया जाता है।

### मारुति डिजायर और अर्टिगा में हुई टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में मुनक-हांसी रोड** पर सोमवार को एक सडक हादसा हो गया। यहां मारुति डिजायर और अर्टिगा कार की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गाडि?ां खेतों में जा घुसी। हादसे के बाद गाडि?ों के परखच्चे उड़ गए और उनके पाट्र्स खेतों में दूर-दूर तक बिखरे नजर आए। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत ज्यादा गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन मंगवाकर गाड़ि?ों को बाहर निकलवाया। पुलिस के अनुसार डिजायर कार को एक महिला चला रही थी, जो करनाल की रहने वाली है। टक्कर के बाद उसे मामूली चोटें आई हैं। वहीं अर्टिगा गाड़ी में दो युवक सवार थे, जिन्हें ज्यादा चोटें आई हैं। तीनों घायलों को तुरंत करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भेजा गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। हादसे के बाद डिजायर कार में सवार महिला के भाई ने बताया कि हादसा यू-टर्न के पास पेड़ों की वजह से हुआ। उन्होंने कहा कि यू-टर्न के बिल्कुल पास पेड़ लगे हुए हैं, जिससे सामने से आने वाली गाडि?ां नहीं दिखतीं। अगर यू-टर्न साफ होता और पेड़ बीच में नहीं आते तो हादसा टल सकता था। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पेड़ों को या तो हटाया जाए या उनकी छंटाई की जाए, ताकि दृश्यता बनी रहे। हादसे के बाद राहगीरों और आसपास के लोगों ने भी मौके पर पहुंचकर अपनी बात रखी। रवि, प्रमोद और अन्य राहगीरों ने बताया कि मुनक-हांसी रोड पर जहां यह यू-टर्न है, वहां पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर न कोई चेतावनी साइन बोर्ड है और न ही कोई स्पीड ब्रेकर। उन्होंने मांग की कि प्रशासन इस यू-टर्न पर ट्रैफिक साइन और चेतावनी बोर्ड लगवाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे टाले जा सकें। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थिति को संभालने के लिए एक क्रेन मंगाई गई और दोनों क्षतिग्रस्त गाडि?ों को खेत से बाहर निकाला गया। पुलिस ने दोनों गाडि?ों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# हकेवि ने विज्डम ऑफ माइंड के साथ किए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

## ध्यान और व्यावहारिक विज्ञान में अनुसंधान के लिए मिलकर करेंगे काम



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । हरियाणा केंद्रीय** विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ ने विज्डम ऑफ माइंड - इंस्टीट्यूट ऑफ माइंडफुलनेस एंड बिहेवियरल स्टडी, हिसार, हरियाणा के साथ सोमवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू का उद्देश्य ध्यान, मानसिक स्वास्थ्य और व्यावहारिक विज्ञान के क्षेत्रों में अनुसंधान, प्रशिक्षण और विकास को आगे बढ़ाने के लिए दोनों संस्थानों के बीच रणनीतिक साझेदारी स्थापित करना है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से एमओयू पर कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने तथा विज्डम ऑफ माइंड संस्थान की ओर से निदेशक डॉ. जितेंद्र कुमार ने हस्ताक्षर किए। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि समाज और मनोविज्ञान में बदलती चुनौतियों का सामना करने के लिए सहयोगात्मक शैक्षणिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी अंतरविषयक अनुसंधान, क्षमता निर्माण और आउटरीच कार्यक्रमों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने कहा कि यह समझौता एक सार्थक सहयोग की शुरूआत है, जो शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र को समृद्ध करेगा और समाज के मानसिक कल्याण में योगदान देगा।
विज्डम ऑफ माइंड संस्थान के निदेशक डॉ. जितेंद्र कुमार ने संस्थान की साक्ष्य-आधारित ध्यान प्रथाओं और व्यवहारिक अध्ययन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को उजागर किया। उन्होंने हकेवि के साथ मिलकर प्रभावशाली अनुसंधान कार्यक्रमों और प्रशिक्षण मॉड्यूल्स को डिजाइन करने की आवश्यकता पर जोर दिया।
विश्वविद्यालय में मानविकी और सामाजिक विज्ञान पीठ की अधिष्ठाता एवं मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. पायल कंवर चंदेल ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन शैक्षणिक गतिविधियों और व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बीच पुल बनाने का कार्य कर रहे हैं। यह हमारे विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को उन्नत अनुसंधान में शामिल होने, प्रशिक्षण कार्यशालाओं में प्रतिभागिता करने और संयुक्त परियोजनाओं में सहयोग करने के अवसर प्रदान करेगा।

## सरपंच ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री के मीडिया एडवाइजर को सौंपा मांग पत्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: केंद्रीय ऊर्जा मंत्री** मनोहर लाल के मीडिया एडवाइजर सुदेश कटारिया को गांव खिजरपुरा के सरपंच अनिल कुमार धन्ना ने मांग पत्र सौंपा। खिजरपुरा के सरपंच ने गांव में अंबेडकर भवन, कम्यूनिटी सेंटर, बीसी चौपाल और खेल स्टेडियम बनवाने की मांग की। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री के मीडिया एडवाइजर सुदेश कटारिया ने आश्वासन दिया कि ग्राम पंचायत से संबंधित मांग पत्र को हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार को भिजवाया जाएगा और उन्हें पूरा कराया जाएगा। सरपंच अनिल कुमार धन्ना ने मांग पत्र में मांग कि गांव अंबेडकर भवन बनाने की बेहद आश्यकता है, अंबेडकर भवन में डिजिटल लाईब्रेरी बनने से युवा भर्तियों की तैयारी आसानी से कर सकेंगे। इसके साथ ही उन्होंने गांव में बीसी चौपाल बनाने की मांग की। सरपंच ने केंद्रीय मंत्री के मीडिया एडवाइजर को अवगत कराया कि बीसी वर्ग के पास विवाह-शादी, धार्मिक कार्यक्रम और पारिवारिक आयोजनों के लिए कोई उपयुक्त स्थान नहीं है, यदि गांव में बीसी चौपाल बनेगी, तो बीसी वर्ग अपने आयोजन आसानी से कर सकेंगे, क्योंकि गांव में एक सामान्य चौपाल है, जिसके चलते हर वर्ग को अपने कार्यक्रमों के आयोजनों में परेशानी आती है। वहीं ग्राम पंचायत को महाग्राम योजना के अंतर्गत शामिल करके सीवरेज व मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने की मांग की। सरपंच अनिल कुमार ने बताया कि गांव खिजरपुरा की पिहोवा रोड से दूरी तीन किलोमीटर है।

### एनडीपीएस एक्ट के दो मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला पुलिस** की स्पेशल यूनिट असंध की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर गांव रंदोली से आरोपी मक्खन सिंह पुत्र करमचंद निवासी गांव रंदोली करनाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 11 ग्राम स्मैक बरामद की गई। इस संबंध में आज आरोपी को अदालत में पेश किया गया। इस मामले में आरोपी से गहनता से पूछताछ हेतु अग्रिम अनुसंधान जारी है। गुप्त सूचना के आधार पर गांव ढांचर से आरोपी सुखचैन सिंह पुत्र हुनर सिंह निवासी गांव ढांचर को गिरफ्तार किया गया।

## आरसेटी संस्थान पानीपत ने की नए सत्र की शुरूआत



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**जयप्रकाश नारायण पंजाब** नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिवाह पानीपत में हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ किया गया। पूजा अर्चना के दौरान संस्थान में हनुमान चालीसा , गायत्री मंत्र , सरस्वती वंदना विधिवत रूप से किया गया। इसके उपरांत पंडित अश्विनी शर्मा ने विधि विधान पूर्वक हवन पूजन करवाया। पूजा के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया इस दौरान संस्थान के निदेशक नीरज मंडल ने बताया कि नए सत्र का आगाज हवन पूजन के साथ और नए संकल्प एवं नए लक्ष्य के साथ किया गया है। इस वित्तीय वर्ष में 1050 बेरोजगार युवक युवतियों को कौशल प्रशिक्षण देने का रखा लक्ष्य रखा गया है जिसके तहत पहला बैच 25 प्रशिक्षुओं का रहेगा जिस में कपड़े के खिलौने बनाना सिखाया जायेगा। जिस के टीचर मैडम पुष्पा शर्मा रहै जो की हिमाचल से है । पंजाब नैशनल बैंक सिवाह के शाखा प्रबंधक गुलशन पुष्प , सहायक रोहित ने भी हवन में आहुति डाली। इस के साथ संस्थान के सहायक अनिल कुमार ने बताया की पिछले वित्तीय वर्ष में 708 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया है जिस में से 500 प्रशिक्षणार्थी अपना रोजगार कर रहे है , पानीपत में इस संस्थान की शुरूआत 09 सितम्बर 2010 को हुई थी जो की अभी तक 9328 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर चुका है जिस में से 5582 प्रशिक्षणार्थी अपना रोजगार करने में सफल हुए है। हवन के दौरान पंडित अश्विनी शर्मा, पंजाब नैशनल बैंक सिवाह के शाखा प्रबंधक गुलशन पुष्प , सहायक रोहित, संस्थान के निदेशक नीरज मंडल, संकाय रविंदर , संकाय नरेंद्र मलिक, सहायक अनिल मलिक , सहायक राजकुमार कादियान , अतिथि संकाय मैडम पुष्पा शर्मा ,अतिथि संकाय मैडम मंजू , एस्सेसर सूरज भान इंदोरा , जसमेर , सोनिया , प्रियंका व लगभग 25 प्रशिक्षणार्थियों हवन में अपनी आहुति डाली।

### गुरु नानक कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित



**सोनीपत: सोमवार को गुरु नानक** कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन एनएसएस व नेहरू युवा केंद्र सोनीपत के सहयोग द्वारा किया गया! इस शिविर में 43 यूनिट रक्त इक्कठा किया गया! रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि जेके हिन्दू हॉस्पिटल से सुरेश कालरा रहे! सुरेश कालरा ने कहा खूनदान एक उत्तम दान है जिसमें सभी को अपना योगदान डालना चाहिए! रक्तदान शिविर के लिए सानिध्य कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ अर्चना आर्य का रहा!रक्तदान शिविर की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र से जसबीर अहलावत ने की! उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से किसी का अमूल्य जीवन बचाया जा सकता है। रक्तदान सबसे बड़ा दान है। दान की गई रक्त की दो बूंद किसी का अमूल्य जीवन बचा सकती हैं। जसबीर अहलावत ने भी रक्तदान करके लोगों को रक्तदान के प्रति प्रोत्साहित किया! शिविर में रक्तदान करने वालों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। रक्तदान शिविर में मुख्य सहयोग विशाली त्यागी का रहा! इस शिविर में सतपाल राणा,ज्योति कुमारी, बबीता, शमशाद आदि ने रक्तदान किया।

## साइक्लोथॉन-2.0 : 16 अप्रैल को पहुंचेगी पुलिस लाईन परिसर में

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रमों की श्रृंखला में साइक्लोथॉन-2.0 - हम सबका सांझा सपना-नशा मुक्त हो हरियाणा अपना- टैगलाइन के साथ नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में पानीपत जिला की सक्रिय भागीदारी रहेगी। बुधवार, 16 अप्रैल को भारी संख्या में साइक्लोथॉन का स्वागत जिला में समालखा के रास्ते प्रवेश के दौरान किया जाएगा।
डीसी डाक्टर विरेदंर कुमार दहिया ने बताया कि नशे के खिलाफ मुहिम में प्रशासन के साथ ही आमजन की सहभागिता के साथ बेहतर प्रबंधन में साइक्लोथॉन को अगले जिला करनाल के लिए वीरवार, 17 अप्रैल को रवाना किया जाएगा।

**नशा मुक्ति अभियान में आहुति डालने वाली पंचायतें करेंगी विचार सांझे: डीसी**

डीसी डाक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने बताया कि बुधवार, 16 अप्रैल को पानीपत जिला में साइक्लोथॉन-2.0 हम सबका सांझा सपना-नशा मुक्त हो हरियाणा अपना संदेश के साथ प्रवेश करेगी। साइक्लोथॉन-2.0 को वीरवार 17अप्रैल को प्रातः 7 बजे पुलिस लाईन पानीपत से हरी झंडी दिखाकर अगले जिला के लिए रवाना किया जाएगा। डीसी ने बताया कि जहां-जहां साइकिल यात्रा का अल्प ठहराव गांव में होगा वहां आयोजित कार्यक्रमों में नशा मुक्ति अभियान में आहुति डालते हुए पूर्णरूप से नशा मुक्त हुए गांवों की पंचायतों के प्रतिनिधि अपने विचार साझा करेंगे। साथ ही ऐसे सरपंचों को सम्मानित भी किया जाएगा।

**साइक्लोथॉन-2.0 में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक पर करें क्लिक**

डीसी डाक्टर विरेदंर कुमार दहिया ने बताया कि साइक्लोथॉन-2.0 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जारी है। उन्होंने जिला वासियों से आह्वान किया कि वे हरियाणा उदय पोर्टल पर उपलब्ध (एचटीटीपीएस: उदयडॉटहरियाणाडॉटजीओवीडॉटइन्I/ एंटीड्रगसाईक्लोथॉन) के जरिये अपना रजिस्ट्रेशन करें। रजिस्ट्रेशन अनुरूप साइक्लोथॉन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र भी मिलेगा।

**मानस पोर्टल अथवा टोल फ्री नंबर 1933 पर करें रिपोर्ट: एसपी**

एसपी लोकेंद्र सिंह ने कहा कि किशोरावस्था में युवा शक्ति को नशे की लत से बचाने के लिए प्रशासन के साथ-साथ समाज के प्रबुद्ध नागरिक अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन करें।
जहां कहीं भी मादक पदार्थ बिक्री होने अथवा सेवन का पता चलता है तो उक्त जानकारी बारे मानस - राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन पोर्टल अथवा टोल फ्री नंबर 1933 पर रिपोर्ट की जा सकती है।

# पौधारोपण व हवनयज्ञ कर किया नए सत्र का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। राजकीय सीनियर** सेकेंडरी स्कूल ढाढ़ोत में सोमवार को हवन-यज्ञ व पौधारोपण कर नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। इस दौरान यज्ञ पुरोहित कैलाश शास्त्री ने पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ सम्पन करवाया। गणित प्रवक्ता सतन सिंह ने बताया कि सर्वप्रथम प्रातकालिन सभा का आयोजन कर हवन-यज्ञ का आयोजन किया। इस मौके पर शिक्षाविद् कैप्टन रामकुमार मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित थे। नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर आयोजित हवन पूजन में सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों ने आहुतियां दी और विद्या की देवी सरस्वती का वंदन किया। हवन का आरंभ विघ्नहर्ता श्री गणेश के पूजन से हुआ। इसके बाद सरस्वती पूजन कर मां शारदा से कामना की गई कि मां शारदा सबको सद्बुद्धि, विभिन्न कलाएं एवं मेघा दें। प्राचार्य अजीत कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष नए सत्र का आरंभ सरस्वती पूजा तथा हवन से करवाया जाता है, जिसका उद्देश्य बच्चों में आस्था तथा आत्मबल की स्थापना तथा सद्विचारों को जागृत करना है। हवन यज्ञ के उपरांत प्राचार्य अजीत सिंह ने उपस्थित ग्रामीणों को स्कूल की उपलब्धि बताते हुए उपस्थित अभिभावको को स्कूल में नए बच्चों का दाखिला करवाने के प्रति जागरूक किया तथा उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि बच्चों के र्स्वांगिण विकास में किसी प्रकार की कोई कोर कसर नहीं रहने दी जाएगी। हवन-यज्ञ के पश्चात सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर स्कूल प्रांगण व खेल ग्राउंड में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर उपस्थित विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

# महिला पुलिस ने विद्यार्थियों को गुड टच बैड टच की जानकारी दी



**जागरूक किया**

**सरल और स्पष्ट भाषा में गुड टच और बैड टच के बीच का अंतर समझाया, इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । कनीना के मॉडल** संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में महिला पुलिस की टीम द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गुड टच (अच्छा स्पर्श) और बैड टच (बुरा स्पर्श) के बारे में संवेदनशील बनाना और उन्हें किसी भी प्रकार के यौन शोषण से बचाव के लिए जागरूक करना था। महिला पुलिस निरीक्षक शारदा और उनकी टीम ने विद्यार्थियों के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने सरल और स्पष्ट भाषा में गुड टच और बैड टच के बीच का अंतर समझाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार का स्पर्श उन्हें सुरक्षित और आरामदायक महसूस कराता है और किस प्रकार का स्पर्श उन्हें असहज, डरावना या भ्रमित कर सकता है। टीम ने विद्यार्थियों को यह भी सिखाया कि यदि उन्हें कोई बैड टच महसूस होता है तो उन्हें क्या करना चाहिए। उन्होंने बताया की गुड टच बैड टच क्या होता है, अगर कोई गलत नीयत से छूता है तो उसे तुरंत टोकना चाइए। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि अगर कोई बैड गुड करता है तो अपने माता-पिता, शिक्षक या परिवार के किसी अन्य सदस्य को इसके बारे में बताना चाहिए।
टीम ने महिलाओं व बालिकाओं की सहायता के लिए पुलिस विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं व सहायता के बारे में भी अवगत करवाया।
महिला व बाल अपराधों को रोकने के लिए आवश्यक है कि बालिकाओं को इसके विरोध के लिए सचेत किया जाए तथा पुलिस की सहायता लेने के प्रति जागरूक किया जाए। टीम ने इस दौरान पॉक्सो एक्ट के तहत यौन अपराधों की विस्तृत परिभाषा के बारे में बताया गया। यह बताया गया कि बाल यौन शोषण बच्चों के किसी भी अंग को गलत तरीके से छूना, निजी अंगों पर टिप्पणी करना, गलत तस्वीर दिखाना तथा अन्य वैसे सभी प्रकार के शारीरिक संपर्क जिससे बच्चे असहज महसूस करें, बाल यौन शोषण की श्रेणी में आते हैं। विद्यार्थियों को बाल यौन शोषण की घटना की रिपोर्ट करने के प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया कि ऐसे घटनाओं की शिकायत करने में वे संकोच नहीं करें।

# ड्रग फ्री हरियाणा: साइक्लोथॉन-2.0 का जिले में भव्य स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। हरियाणा उदय** आउटरीच कार्यक्रम के तहत ड्रग फ्री हरियाणा बनाने के उद्देश्य से जिस साइक्लोथॉन-2.0 को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पांच अप्रैल को हिसार से रवाना किया था, वह साइकिल यात्रा तीन जिलों को नशा मुक्ति का संदेश देने के बाद सोमवार को जिला महेंद्रगढ़ में प्रवेश कर गई। "एक साइकिल यात्रा नशा मुक्ति के नाम" थीम पर आधारित साइक्लोथॉन-2.0 का बाघोत आगमन पर जिला प्रशासन के सहयोग से जन भागीदारी के साथ सभी साइकिलिस्ट का फूल मालाओं से जोरदार अभिनंदन किया गया। यहां पर महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव तथा उपायुक्त डॉ. विवेक भारती व एसपी पूजा वशिष्ठ ने स्वागत किया तथा युवाओं को नशामुक्ति का संदेश दिया। सभी ने लोटे में नमक डालकर नशा न करने की शपथ भी ली। इसके बाद ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथोन 2.0 सेहलंग, मालड़ा, माजरा कला, माजरा खुर्द, महेंद्रगढ़, नांगल सिरोही व हुडिना होते हुए नारनौल पहुंची। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि नशे की लत न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे समाज के लिए बड़ी परेशानी का कारण होती है। प्रदेश की सारी जनता मिलकर हरियाणा से नशे को खत्म करने का संकल्प ले चुकी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार जन जागरूकता अभियान, नशा मुक्ति व पुनर्वास और नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के लिए प्रतिबद्ध है। इस यात्रा के दौरान रूट पर पड़ने वाली सभी ग्राम पंचायत की ओर से साइकिलिस्ट के लिए जलपान आदि की व्यवस्था की गई। इसके लिए संबंधित बीडीपीओ को नोडल अधिकारी बनाया गया था। इसके अलावा पूरे रूट पर नागरिकों को जागरूक करने के लिए बड़े-बड़े फ्लैक्स बोर्ड लगाए गए थे। यात्रा के साथ प्रत्येक गांव से साइकिलिस्ट का काफिला जुड़ता गया। सभी गांव में विद्यार्थी नशे के खिलाफ जन जागरण अभियान में शामिल हुए तथा नशे के खिलाफ स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर कई मोटिवेशनल स्पीकर ने युवाओं को नशा न करने के प्रति जागरूक किया।

**हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर दें ड्रग पैडलिंग गतिविधियों की जानकारी**

डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि नशा तस्करों के खिलाफ स्पेशल टास्क फोर्स कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि टोल फ्री एंटी ड्रग हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर कोई भी नागरिक ड्रग पैडलिंग की गतिविधियों के बारे में सूचना दे सकता है। इसके अलावा मानस पोर्टल पर भी जानकारी दी जा सकती है।

# सरकारी खरीद एजेंसियों ने अब तक की 3629 मीट्रिक टन सरसों की खरीद: उत्तम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने बताया कि अनाज मंडी घरौंडा, असंध व इंद्री में सरसों की निरंतर खरीद की जा रही है। उपायुक्त ने किसानों एवं आढ़तियों की समस्याओं से सम्बंधित अधिकारियों को समाधान के सम्बन्ध में निर्देश दिए हैं कि मंडी में फसल बिक्री में कोई समस्या आड़े नहीं आने दें। उन्होंने किसानों से सरसों सुखाकर मंडी में लाने की अपील की, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई परेशानी न हो। मंडी में बिजली और पानी सहित सभी व्यवस्था बेहतर हों। आढ़तियों को बारदाने को लेकर सम्बंधित समस्या का अधिकारी उचित प्रबंध करें। खरीद कार्य के साथ-साथ उठान का कार्य भी सुचारू रूप से रहे, ताकि मंडी में खरीद कार्य निर्बाध रूप से चलता रहे। डीएफएससी अनिल कुमार ने बताया कि अब तक सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड व हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 3629 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा सरसों का 5950 रुपये प्रति क्विंटल सरकारी रेट निर्धारित किया गया है। कोई भी किसान मंडी में आकर अपनी फसल टोकन कटवाकर बेच सकता है।
उन्होंने बताया कि अब तक घरौंडा अनाज मंडी में 2308 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा की गई। इसी प्रकार इंद्री अनाज मंडी में 742 मीट्रिक टन सरसों तथा असंध अनाज मंडी में 579 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हैफेड द्वारा की गई।

## न्यूज फ्लैश

### घर से नकदी, आभूषण और लैपटॉप चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र के मालवीय नगर में घर से ताला तोड़कर हजारों रुपये की राशि, सोने-चांदी व लैपटॉप चोरी होने का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। मालवीय नगर निवासी कमल मेहरा ने बताया कि उनकी मां शुक्रवार को किसी काम से चंडीगढ़ गई थी। जाते वक्त वह ताले लगा गई थी। इसके बाद शनिवार को घर पर काम करने वाली महिला सोनी आई तो ताले टूटे मिले। उसने फोन कर मामले की जानकारी उनको दी। कमल का कहना है कि जब वह मौके पर पहुंचे तो घर के ताले टूटे मिले। सामान बिखरा पड़ा था। जांच की तो सोने का हार, कड़े, टॉप्स, अंगूठी, चोरी, नथनी, चांदी की पायजेब, 20 हजार रुपये की नकदी और एप्पल का लैपटॉप गायब था। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई राजेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जाएगी। जल्द चोरों का पता लगाकर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सत्संग में गई महिला चोरों ने घर से नकदी व आभूषण किए चोरी

**सोनीपत: मुरथल** थाना क्षेत्र में हुडा विभाग में तैनात कर्मचारी के घर से नकदी व आभूषण के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। कर्मचारी ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव ताजपुर निवासी राकेश ने बताया कि वह हुडा विभाग में सेक्टर-15 कार्यालय में तैनात है। घर पर उसकी पत्नी मौजूद थी। जो शनिवार की दोपहर गांव के मंदिर में चल रहे सत्संग में गई थी। करीब साढ़े तीन बजे वापस लौटी तो घर के ताले टूटे मिले। ऊपर के कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। जांच की तो लोहे के बक्से से सोने की की अंगूठी, सोने की कंठी, एक चांदी का सिक्का और 80 हजार रुपये गायब थे। उनको शक है कि चोरी की वारदात गांव के रहने वाले दिलावर ने की है। थाना मुरथल पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एसआई राजपाल ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जाएगी। वहीं, आरोपित को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### नशा मुक्त हरियाणा का संदेश देने के लिए निकाली साइकिल यात्रा

**सोनीपत: साईं** एनआरसी, सोनीपत ने हरियाणा राज्य पुलिस बल के सहयोग से संडेज ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत पुलिस आयुक्त कार्यालय, राई से हुई, जिसमें विशेष रूप से पुलिसकर्मियों और साईं अधिकारियों ने भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य नशा मुक्त हरियाणा की दिशा में जन-जागरूकता फैलाना, फिट इंडिया मिशन को प्रोत्साहन देना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना रहा। डीसीपी प्रवीना पी ने बताया कि पुलिस कर्मियों को नशा मुक्त हरियाणा और फिट इंडिया मिशन का संदेश साइकिल यात्रा को निकाल कर दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल समाज में बदलाव लाने की एक सशक्त शक्ति है और सभी को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। क्षेत्रीय निदेशक, साईं एनआरसी, डॉ. शिवम शर्मा ने 'फिट इंडिया मिशन' की जानकारी दी और साइक्लिंग को एक जीवनशैली के रूप में अपनाने का आग्रह किया।

# 10 नए सदस्यों के साथ ग्रहण समारोह में राम नवमी पर हुआ भव्य भजन

## महोत्सव की स्थापना कर रहे प्रांतीय अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने शाखा कार्यशाला के कार्यक्रम को लेकर भूरी भूरी प्रशंसा की

**महोत्सव**

▶▶ नई परियोजनाओं का दायित्व ग्रहण व 10 नए सत्रों का शपथ ग्रहण अवसर भी संपन्न हुआ



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरूक्षेत्र :** भारत विकास परिषद् कुरुक्षेत्र शाखा द्वारा ग्रहण समारोह एवं भजन संध्या का आयोजन गीता निकेतन मियामी विद्यालय परिसर में विद्या भारती सभागार में आयोजित समारोह की शुरूआत वंदे मातरम के गायन एवं मां सरस्वती , भारत माता एवं स्वामीजी के चित्रों के समागम दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि से हुई। दीप प्रज्वलन भारत विकास परिषद के मुख्य अतिथि डॉ. परमजीत पाहवा , क्षेत्रीय अध्यक्ष , प्रांतीय अध्यक्ष कपिल गुप्ता , सचिवालय शाखा के अध्यक्ष अतुल गोयल परिषद के अध्यक्ष पवन गुप्ता और नई मैत्रिय शाखा की अध्यक्ष ममता सचदेवा द्वारा किया गया । इस पर भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र शाखा का 2025-26 के लिए नई परियोजनाओं का दायित्व ग्रहण व 10 नए सत्रों का शपथ ग्रहण अवसर भी संपन्न हुआ। भारत विकास परिषद की ओर से कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में प्रांतीय अध्यक्ष कपिल गुप्ता , संयोजक के रूप में देनदार के रूप में अतुल गोयल ने भूमिका निभाई। अतुल गोयल द्वारा अपने पद की पवित्रता को बनाए रखने की शपथ दी गई, जिसमें विजयंत बिंदल को अध्यक्ष , बलजीत चावला को सचिव , मनोज सेतिया को विट सचिव , मानसी को महिला एवं बाल विकास समन्वय , विद्वत विचारधारा , डॉक्टर हरि प्रकाश शर्मा , अविद्या गुप्ता , स्वीसा घई को विशेष रूप से सेवा , संस्कार एवं संपर्क का दायित्व दिया गया। इस मौके पर अनुज कुमार ने पर्यावरण का दायित्व भी निभाया। महोत्सव की स्थापना कर रहे प्रांतीय अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने शाखा कार्यशाला के कार्यक्रम को लेकर भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि शाखा ने भारत विकास परिषद में अपना एक विशिष्ट स्थान बनाया है और इसके लिए उन्होंने वर्तमान शाखा अध्यक्ष पवन गुप्ता और उनकी पूरी टीम को साधुवाद दिया और नवनिर्वाचित टीम के अध्यक्ष श्री विजय बिंदल और सभी साहित्यिक संस्थाओं को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. परमजीत पाहवा ने कहा कि भारत विकास परिषद सेवा , संस्कार एवं देश में सामाजिक-सांस्कृतिक समाजसेवा एक स्वयंसेवी संस्था है। जो स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाते हुए समाज जीवन के सभी क्षेत्रों में भारत के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित हैं। परिषद के मूल सिद्धांत संपर्क , सहयोग , संस्कार , सेवा , समारोह पर आधारित वर्ष पर्यंत चलने वाले विविध कार्यक्रम के कारण आज परिषद की अपनी सेवा कार्य के लिए समाज में विशिष्ट पहचान बनी है। इसके साथ ही सदस्यों के अनुशासन और अनुशासनात्मक कार्यशैली परिषद् परिवार के विशिष्ट पद होते हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के सिद्धांत पर चल रही परिषद के सभी कार्यक्रमों में सबसे महत्वपूर्ण शपथ ग्रहण कार्यक्रम है जो सदस्य को देश एवं समाज के प्रति उत्तरदायित्व

# पार्षद राजेन्द्र को सैनी समाज में किया गया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र।** नगर परिषद वार्ड 12 के नवनिर्वाचित पार्षद राजेन्द्र कुमार को सैनी समाज में किया गया सम्मानित। सैनी समाज सभा के प्रधान गुरनाम सैनी व पूर्व सांसद गुरुदयाल सैनी ने राजेन्द्र सैनी को समाज की ओर से शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उज्वल भविष्य की कामना की।

समाज के नेताओं ने कहा कि राजेंद्र नगर के विकास में अहम भूमिका निभाएंगे। पार्षद राजेन्द्र कुमार ने कहा कि वे सैनी समाज द्वारा दिए गए सम्मान से अभिभूत हैं तथा समाज की

**सम्मान**

▶▶ गुरुदयाल सैनी ने राजेन्द्र सैनी को समाज की ओर से शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया

अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर गुरनाम सिंह पटाक माजरा, सतबीर सैनी, ब्रिज लाल सैनी, गुरनाम गजलाना, राजीव सैनी, हरनेक सैनी, प्रवीण सैनी, जसबीर सैनी व देसराज सैनी देवीदासपुर सहित समाज के कई नेता उपस्थित रहे।

# अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियारों सहित दो गिरफ्तार, अदालत में पेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: क्राइम** यूनिट ने अलग-अलग स्थानों से गश्त के दौरान दो युवकों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित जेसम उर्फ झाऊ व सलमान निवासी नांगल का है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। क्राइम यूनिट की टीम गश्त पर थी। टीम जब जीटी रोड पर मौजूद थी तो सूचना मिली कि गांव नांगल के पास एक युवक अवैध हथियार सहित मौजूद है। टीम ने वहां पहुंच कर निगरानी की तो वहां खड़े युवक की संदिग्ध गतिविधि देखकर टीम उसकी ओर बढ़ी तो वह भागने लगा। टीम न उसे पकड़ कर तलाशी ली तो उसके पास बैग में पिस्टल और कारतूस बरामद हुआ। आरोपित ने अपनी पहचान नांगल के रहने वाले जैसम उर्फ झाऊ के रूप में दी। वहीं, दूसरे मामले में क्राइम यूनिट ने वर्धमान सोसायटी के पास से नांगल गांव के सलमान को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से पिस्टल और कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नेपाली समुदाय के नवयुक्त चेयरमैन बने दीपक वोहरा

**जिम्मेदारी**

▶▶ दीपक और राधा शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा गया वही दूसरी ओर अंबाला कैंट से प्रेम केसी ने चुनाव लड़ा



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** नेपाली समुदाय द्वारा हरियाणा प्रदेश के चेयरमैन पद का चुनाव हिसार रोड़ स्थित सिंघावाला धर्मशाला में बैल्ट पेपर के द्वारा किया गया । जिसमें से अंबाला शहर से दीपक वोहरा और राधा शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा गया वही दूसरी ओर अंबाला कैंट से प्रेम केसी ने चुनाव लड़ा । चुनाव की गिनती चुनाव अधिकारी चमन लाल की अध्यक्षता में की गई । चुनाव का परिणाम शाम 4 बजे घोषित किया गया जिसमें नेपाली समुदाय द्वारा सेवा सुरक्षा सहयोग समिति (रजि.) नेपाली संस्था एवं स्थित अंबाला शहर जैन कॉलेज रोड हीरा नगर में पंचमुखी श्री पशुपतिनाथ मंदिर एव धर्मशाला के हरियाणा प्रदेश के नवयुक्त चेयरमैन दीपक वोहरा को हजारों समर्थकों ने फूल माला एव नोटो के हार पहनाकर दी बधाई । जनता जनार्धन ने दीपक वोहरा के भारी बहुमतों से विजयी हासिल करने पर अंबाला से भाजपा नेता संजय लाखड़ा के नेतृत्व में नेपाली समुदाय के लोगों ने भव्य रैली निकाल कर सबसे पहले वैष्णों माता मंदिर में माथा टेका चेयरमैन दीपक वोहरा ने कहा कि ये मेरी जीत नहीं ये मेरे सभी हरियाणा वासियों की जीत है । जिसके लिए नेपाली समुदाय के लोग बधाई के पात्र हैं । जिन्होंने मुझे अपना आदर्श सेवक बनाया जिसके लिए मैं प्रशासन से मिलकर चुनाव प्रचार में रखे गए सभी वादों को जल्द पूरा किया जाएगा । जल्द ही नेपाली संस्था के नए 11 पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी जिसमे मेरे साथ खड़े चुनाव प्रत्याशी राधा शर्मा और प्रेम केसी को दी जा सकती है बड़ी ज़िम्मेदारी । चुनाव अधिकारी चमन लाल एवं पूर्व में वाईस चेयरमैन कृष्ण लाल ने नवयुक्त चेयरमैन दीपक वोहरा को चुनाव आयोग की ओर से नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।

# रिटायर कर्मचारी संगठन हरियाणा 1968 जिला कुरुक्षेत्र की मासिक मीटिंग हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** आज रिटायर कर्मचारी संगठन हरियाणा 1968 जिला कार्यकारिणी की मासिक मीटिंग जिला वरि0 उप प्रधान सुरेंद्र बारवा की अध्यक्षता में नजदीक नया बस स्टैंड स्थानीय ताज पार्क में संपन्न हुई । मीटिंग का संचालन जिला सचिव बरखाराम जास्ट ने किया। मीटिंग में विशेष कर प्रांतीय वरिष्ठ उप प्रधान सरदार प्रेम सिंह बेरथली व राज्य उप महासचिव राजपाल गुंसर उपस्थित रहे । मीटिंग में संगठन से संबंधित सभी ब्लॉकों के प्रधान/सचिवों ने भाग लिया। बरखाराम जास्ट ने बताया कि दिनांक 30/3/2025 को महेंद्रगढ़ की यादव धर्मशाला में हुए त्रिवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन में सर्वसम्मति से सरदार प्रेम सिंह बेरथली को प्रांतीय वरिष्ठ उप प्रधान, श्री राजपाल गुंसर को प्रांतीय उप महासचिव नियुक्त किया गया है जो जिला संगठन के लिए अति गौरव का विषय है । दोनों प्रांतीय नेताओं का उपस्थित साथियों द्वारा फूल माला डालकर व तालियां बजाकर जोरदार स्वागत किया गया। नव चयनित दोनों प्रांतीय नेताओं द्वारा संगठन को बातचीत के लिए समय न देने के विरोध में हरियाणा सरकार के खिलाफ रोषपूर्वक नारेबाजी की । मीटिंग में रिटायर कर्मचारी साथियों की मांगों व समस्याओं पर विचार किया गया।



**बैठक**

▶▶ मीटिंग में विशेष कर प्रांतीय वरिष्ठ उप प्रधान सरदार प्रेम सिंह बेरथली व राज्य उप महासचिव रहे।

# डीएवी स्कूल में नए सत्र का हुआ शुभारंभ

**हवन**

▶▶ नए सत्र का शुभारंभ डी.ए.वी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल शहर के प्रांगण में जूनियर में हुआ



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** विद्यालय में हुआ नए सत्र का शुभारंभ डी.ए.वी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल,अंबाला शहर के प्रांगण में जूनियर व सीनियर विंग में नए सत्र का शुभ आरंभ हुआ। इस सत्र का आरंभ करते हुए विद्यालय में यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.आर. आर सूरी व मुख्य अतिथि शेनू अग्रवाल(सी.ए.)ने विद्यालय में आए नए छात्र-छात्राओं का पुष्प वर्षा कर व उनको तिलक लगाकर शुभ आशीष दिया व छात्रों को नियंत्रण प्रयास करते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने व प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। विद्यालय में कार्टून डोरेमोन ने बच्चों को टॉफियां वितरित की व उनका मनोरंजन किया

# गली से बोलेरो पिकअप गाड़ी चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र की इंडियन कॉलोनी में घर के बाहर गली में खड़ी गाड़ी के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गली नंबर-5 इंडियन कॉलोनी निवासी जय भगवान ने बताया कि वह मिशन चौक से चीनी के कट्टे खरीद कर लाया था। घर आने के बाद उन्होंने अपनी बोलेरो पिकअप गाड़ी को घर के बाहर गली में खड़ा कर दिया। रात लगभग एक बजे गाड़ी स्टार्ट होने की आवाज सुनी तो वो बाहर आए। जब तक वह कुछ कर पाते चोर गाड़ी लेकर भाग गए।

# बदलते हुए मौसम में इम्यून सिस्टम को मजबूत रखें

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** मेडिकल ऑफिसर, ऐडमिनिस्ट्रेटर एवं आरएसएसडीआई मेंबर डॉ. अनेजा ने बताया कि हर साल 7 अप्रैल को पूरी दुनिया में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को सेहत से जुड़े जरूरी मुद्दों और अधिकारों के बारे में बताना है। हर साल इस दिन के लिए एक खास थीम को चुना जाता है जिसपर लोगों को जागरूक किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 का विषय स्वस्थ शुरूआत, आशापूर्ण भविष्य माताओं और नवजात शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य गर्भावस्था



और जन्म के बाद उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल की आवश्यकता पर जोर देना है, ताकि टाली जा सकने वाली मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। हर जगह महिलाओं और परिवारों को उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल की आवश्यकता होती है जो उन्हें जन्म से पहले, जन्म के दौरान और जन्म के बाद शारीरिक और भावनात्मक रूप से सहायता प्रदान करे। स्वास्थ्य प्रणालियों को मातृ एवं नवजात शिशु के स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाली अनेक स्वास्थ्य समस्याओं के प्रबंधन के लिए विकसित होना चाहिए। इनमें न केवल प्रत्यक्ष प्रसूति संबंधी जटिलताएँ शामिल हैं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य स्थितियाँ, गैर-संचारी रोग और परिवार नियोजन भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, महिलाओं और परिवारों को ऐसे कानूनों और नीतियों द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए जो उनके स्वास्थ्य और अधिकारों की रक्षा करें। स्वास्थ्य ही जीवन का आधार है।अगर शरीर स्वस्थ नहीं रहेगा, तो कोई भी व्यक्ति अपनी क्षमताओं को पूरी तरह से नहीं पहचान सकता। इसलिए विश्व स्वास्थ्य दिवस का मुख्य उद्देश्य है: स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना झ लोगों को स्वास्थ्य के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली के लाभों के बारे में शिक्षित करना। रोगों की रोकथाम पर जोर देना झबीमारियों से बचने के उपायों को बढ़ावा देना।

**हेल्थ इज वेल्थ**

▶▶ हर साल इस दिन के लिए एक खास थीम को चुना जाता है जिसपर लोगों को जागरूक किया जाता है

# प्रतिबंधित दवाओं सहित दो गिरफ्तार, अदालत में किया पेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: क्राइम** यूनिट कुंडली की टीम ने कुंडली-गाजियाबाद-पलवल पेरिफेरल-वे के रास्ते लेकर आई जा रही प्रतिबंधित दवाओं का भंडाफोड़ कर कार सवार दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गांव भैरा बांकीपुर निवासी सोनू व अमित है। पुलिस ने उनके कब्जे से नशे में प्रयोग होने वाली कफ सिरप की 60 शीशी के साथ 24 पत्ते प्रतिबंधित गोलियां भी बरामद की है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। क्राइम यूनिट कुंडली में नियुक्त एएसआई सुरेश ने राई थाना पुलिस को बताया कि शनिवार शाम को बीसवां मील चौक से आगे गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि सोनू व अमित केजीपी के रास्ते नशे में प्रयोग होने वाली दवा लेकर आएंगे।

जिस पर पुलिस टीम ने तुरंत बढ़खालसा मोड़ पर नाकाबंदी कर दी। इसी बीच कार सवार दो युवक आए तो उन्हें रोक लिया गया। युवकों को नीचे उतारकर पूछताछ की तो उनकी पहचान सोनू व अमित के रूप में हुई। पुलिस ने उनके पास नशे में प्रयोग होने वाली गोलियां व कफ सीरप होने की आशंका जताई। उन्होंने अपनी तलाशी राजपत्रित अधिकारी के सामने देने की बात कही। जिस पर उपायुक्त कार्यालय में कॉल की गई। जिस पर ड्रग कंट्रोल ऑफिसर संदीप

**काबू**

▶▶ पेरिफेरल-वे के रास्ते लेकर आई जा रही प्रतिबंधित दवाओं का भंडाफोड़ कर कार सवार दो आरोपितों को गिरफ्तार किया

कुमार मौके पर पहुंचे। उनके आने के बाद रात करीब नौ बजे कार की तलाशी ली गई। कार के अंदर पिछली सीट पर रखी गत्ता पेटी से 60 कफ सिरप कोरेक्स बरामद की गई। जिसे प्रतिबंधित किया गया है। वहीं प्रतिबंधित 432 गोलियां भी बरामद की गई। पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। राई थाना में मुकदमा दर्ज किया गया।

**बागपत से लेकर आए थे दवा:** पुलिस की शुरूआती पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित प्रतिबंधित दवा को उत्तर प्रदेश के बागपत से लेकर आते थे। वहां से लेकर आने के बाद वह इसे अपने गांव व आसपास के क्षेत्र में लोगों को बेच देते थे। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। अदालत ने उन्हे तीन दिन के रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान उनसे पूछताछ की जाएगी। साथ ही पता लगाया जाएगा कि कब से प्रतिबंधित दवा बेच रहे थे।

**दोगुना रेट पर बेचते थे आरोपित:** पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित प्रतिबंधित कफ सिरप व गोलियों को दोगुना रेट तक बेचते थे। वह कफ सिरप की 100 एमएल की बोतल 150 रुपये में लेकर आने के बाद 250 से 300 रुपये में बेचते थे। वहीं कैप्सूल के डिब्बे पर 67 रुपये रेट था। उसे भी डेढ़ गुना से अधिक कीमत पर बेचते थे।

पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वह करीब डेढ़ साल से इस अवैध धंधे से जुड़े थे। वह आसपास के गांवों में नशा करने वालों को दवाई मुहैया करवाते थे। अब दवाइयों की खेप मेरठ से लेकर आए थे। आरोपितों से मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है। मेरठ में वह कहां से दवाई लेकर आए है। इसका पता लगाकर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# पंचायतें में तीसरी आंख का पहरा, अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए पंचायतों की पहल

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** शहरों में अपराध नियंत्रण के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की कवायद तो पुरानी है, मगर गांव में तकनीकी में भी चोरी सहित अन्य घटनाएं रोकने की पहल शुरू हो चुकी है। पंचायतों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यो को बढ़ाने व आपराधिक घटनाओं में कमी लाने के लिए तीसरी आंख से पहरा रखा जा रहा है। सोनीपत ब्लॉक में लगभग सीसीटीवी कैमरे लगवाने का कार्य 70 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। बता दें कि सोनीपत ब्लॉक में 45 पंचायतें है। जिनमें लगभग तीसरी आंख से नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाएं जा रहे है। मिली जानकारी के अनुसार बोहला, रोलद, मोहाना, भटगांव, जुआं-2 बाघड़ू, बड़वासनी, उल्देपुर, सांदल कलां, शहजादपुर, बैंयापुर, करेवड़ी सहित अन्य ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा चुके है। सीसीटीवी लगने से पूरे गांव की निगरानी तीसरी आंख से की जा रही है। पांच साल पहले से गांव में खुले में शौच जाने वालों की निगरानी व गांव में आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए ग्राम पंचायत व ग्रामीणों ने गांव के चौक-चौराहों, प्रवेश द्वार गलियों में सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। जिससे पूरे गांव की निगरानी की जा रही है। आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में पंचायतों की तरफ से सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य किया जा रहा है। लगभग पंचायतों में कार्यो को पूरा किया जा चुका है। अन्य पंचायतों में भी प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है। उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देशों पर ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यो को गति देने का काम किया जा रहा है।

**कवायद**

▶▶ बढ़ाने व आपराधिक घटनाओं में कमी लाने के लिए तीसरी आंख से पहरा रखा जा रहा

# सरकारी स्कूलों में अत्याधुनिक सुविधाएं, प्रवेश बढ़ाने में जुटे: सुभाष सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : सरकारी विद्यालयों** में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग ने सोमवार को गहन मंथन कर प्रभावी रणनीति तैयार की। राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के केशव सभागार में जिलाभर के स्कूल मुखियाओं के साथ खण्ड व जिलास्तर के शिक्षा विभाग के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक के बाद पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने प्रवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रचार हेतू शिक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभागार में चले मंथन में प्रवेश उत्सव, विद्या प्रवेश, क्लास रेडिनेस प्रोग्राम, एफएलएन व निपुण हरियाणा जैसे कार्यक्रमों पर भी गहन विचार विर्मश कर क्रियान्वयन की रणनीति बनाई गई। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि पिछले 10 सालों में भाजपा सरकारों ने प्रदेश में स्कूलों की दशा व दिशा में बड़ा बदलाव किया है। आज प्रदेश के सरकारी स्कूल इंटरनेट, स्मार्ट बोर्ड, कंप्यूटर आदि सुविधाओं से लैस हैं। छात्रों के टैबलेट हैं और स्मार्ट क्लास रूम हैं। उन्होने कहा कि प्रत्येक जिले में दर्जनों स्कूलों को मॉडल संस्कृति व पीएमश्री स्कूलों में परिवर्तित कर सीबीएससी से जोड़ा गया है। शिक्षा बजट में ऐतिहासिक बढ़ौतरी की गई है। उन्होंने कहा कि आज सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी सुपर 100 के माध्यम से आईआईटी जैसे संस्थानों में प्रवेश पा रहे है। इन तमाम सुविधाओं के बावजूद दाखिलों में कमी आना चिंता का विषय है, सभी अधिकारियों, अध्यापकों को समुदाय के साथ मिलकर मिशन मोड़ में काम करना होगा तभी प्रवेश उत्सव सफल कहा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा गांव-गांव भेजा जा रहा शिक्षा रथ लोगों में सरकारी विद्यालयों के प्रति जागृति लाएगा तथा दाखिले बढ़ाने में कारगर सिद्ध होगा। जिला शिक्षा अधिकारी सन्तोष शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए है कहा कि पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के प्रयास से जिले के अनेक स्कूलों की तस्वीर बदली है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने बताया कि ऐसे प्रयास किये जाएं अभिभावकों को स्कूल से जोडने में मदद करें। रंग-बिरंगे पोस्टर, झांकियाँ, स्वागत समारोह आदि के माध्यम से बच्चों को स्कूल से जोडने का प्रयास किया जाए तथा ग्राम स्तर पर रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम और जागरूकता अभियान चलाया जाए।



# मन की एकाग्रता को बनाए रखने के लिए अपनाएं योग: डा. सुदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र, : जिला** आयुर्वेद अधिकारी डा. सुदेश मलिक जाटियान ने बताया कि आयुष विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा जिला स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 के उपलक्ष्य में विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया जा रहा है। दिव्यागों, वृद्धों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए 4 विशेष योग शिविर के पहले दिन का शुभारंभ एलएनजेपी अस्पताल कुरुक्षेत्र एवं राजकीय मिडल स्कूल गांधी नगर, कुरुक्षेत्र में किया गया। ये शिविर 1 मई तक चलेगा। उन्होंने कहा कि विशेष योग शिविरों में गर्भवती महिलाओं को राजकीय मिडल स्कूल गांधी नगर, कुरुक्षेत्र में स्कूल के बच्चों को योग का अभ्यास करवाया गया। एलएनजेपी अस्पताल कुरुक्षेत्र में योग विशेषज्ञ मनजीत, आयुष योग सहायक दीक्षा व आयुष योग सहायक निशी द्वारा गर्भवती महिलाओं को अनुलोम विलोम, भ्रामरी, तितली आसन, वर्जासन पर्वतासन, ताड़ासन, डक वाक आदि का अभ्यास करवाया गया। गाधी नगर स्कूल कुरुक्षेत्र के प्रागंण में आयुष योग सहायक राजीव कुमार के द्वारा समस्त विद्यार्थियों को योग का अभ्यास करवाया गया। आदेश अस्पताल शाहाबाद, कुरुक्षेत्र में योग सहायक रोहताश, योग सहायक विरेन्द्र सिंह व योग सहायक रजत कम्बोज द्वारा गर्भवती महिलाओं को योग का अभ्यास करवाया गया। जिला आयुर्वेद अधिकारी ने बताया कि हमें योग को अपने जीवन के अन्दर अपनाना चाहिए।



## न्यूज फ्लैश

### शिक्षा हर ताले की चाबी: चौधरी धर्मवीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़ । राजकीय मॉडल** संस्कृति स्कूल महेंद्रगढ़ में सरस्वती प्रतिमा का अनावरण किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भिवानी महेंद्रगढ़ सांसद चौधरी धर्मवीर तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व शिक्षा मंत्री रामविलास शर्मा ने की विधायक कंवर सिंह यादव ने इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। शहर के जाने-माने समाजसेवी स्वर्गीय लाला विशन मेहता एवं उनकी धर्मपत्नी स्व. श्रीमती तारा मेहता की स्मृति में उनके पुत्र विजय कुमार मेहता,शिवरतन मेहता ,डॉक्टर अजय प्रकाश मेहता ने शिक्षा की देवी सरस्वती मां की प्रतिमा का निर्माण करवाया तथा विद्यालय में प्रतिमा की स्थापना की। सांसद चौधरी धर्मवीर ने शिक्षा के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ का मॉडल संस्कृति स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट केन्द्र है।इस विद्यालय में प्रतिमा स्थापित होना गर्व की बात है । विधायक कंवर सिंह यादव ने प्रतिमा स्थापित करने पर महता परिवार का धन्यवाद किया। विद्यालय प्राचार्य सुनील गोरा ने प्रतिमा स्थापित करने पर महता परिवार का तथा सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। इस विद्यालय स्टाफ एवं शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम ने अवैध देसी कट्टे के साथ एक आरोपित पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । पुलिस अधीक्षक ने** सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जों को अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिनके तहत कार्रवाई करते हुए सीआईए महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने थाना सतनाली क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपित कपिल वासी श्यामपुरा को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है, आरोपित से पुलिस ने एक अवैध देसी कट्टा बरामद किया है। आरोपित के खिलाफ थाना सतनाली में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपित को आज न्यायालय में पेश किया गया। सीआईए महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम गस्त के दौरान बस अड्डा जडवा पर मौजूद थी, टीम को गुप्त सूचना मिली कि कपिल वासी श्यामपुरा अवैध हथियार लिए हुए मोटर साईकल पर पावर हाऊस के साथ मे किसी के इंताजर मे खडा है, अगर तुरंत रैड कि जाए तो अवैध हथियार सहित काबू आ सकता है। सूचना पर टीम ने बतलाए हुए स्थान पर रेड की, जहां पर एक लड़का मोटर साईकल के साथ खडा दिखाई दिया, जिसको काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम कपिल वासी श्यामपुरा बतलाया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा मिला। पुलिस ने अवैध हथियार और बाइक को जब्त कर लिया और आरोपित के खिलाफ थाना सतनाली में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी बने प्रदीप रेढू

**पानीपत ( कमाल हुसैन ) अखिल भारत** हिंदू महासभा की तरफ से रविवार को सीनियर पत्रकार प्रदीप रेढू को प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। पटका पहनाकर प्रदीप रेढू को हिन्दू महासभा में शमिल किया गया।जिला अध्यक्ष गुरनाम सिंह को बनाया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरदीप राजवंश प्रान्त महामंत्री द्वारा की गयी। ही हिन्दू महासभा की तरफ से जिम्मेदारी मिलने पर प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप रेढू ने कहा महासभा से जुड़ना उनके लिए गर्व की बात है,उन्हें गर्व है कि वो महासभा से जुड़कर समाज हित मे हिन्दू हित मे कार्य करेंगे।उन्होंने कहा कि महासभा की तरफ से जो पद उन्हें दिया है उसकी गरिमा रखते हुए पूरी ईमानदारी और मेहनत से महासभा के लिए कार्य करेंगे।इस मौके पर अमित व्यास,राजीव जैन अभिमन्यु शर्मा,गुरनाम सिंह राकेश व महासभा के अन्य सदस्य मौजूद रहे ।

# रातों-रात जंगल काटे जाने का विरोध किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** मनजीत तिहाड़ा के नेतृत्व में रक्षक सेना के सदस्यों के द्वारा सुभाष चौक सोनीपत में हैदराबाद में रातों-रात जंगल काटे जाने पर विरोध प्रदर्शन किया गया और कहा गया कि हमारे सोनीपत में भी ककरोई से रोहट रोड के पास सरकार की 2000 पेड़ काटने की परियोजना है उसमे भी सरकार से अनुरोध किया गया है कि पेड़ों की सुरक्षा और बेजुबान जानवरों के जीवन के लिए परियोजना में बदलाव करने से अगर राहगीरों को 2 किलोमिटर घूमना भी पड़ जाए तो जनता तैयार है ' हैदराबाद में रातों-रात हुयी जंगल और बेजुबानो की त्रासदी के कारण रक्षक सेना के सभी सदस्यों में रोष है ' प्रदर्शन के माध्यम से संस्था के सदस्यों ने तेलंगाना सरकार को भी घेरा और विरोध प्रदर्शन किया ' रक्षक सेना प्रमुख मनजीत तिहाड़ा ने बताया कि रात के समय जंगल उजाड़ कर बेसहारा जीवों का आसरा वहाँ के शासन - प्रशासन ने छीन लिया है और पूरे भारत वर्ष में कोलाहल मच गया है और जिससे पर्यावरण संरक्षण करने वाले सभी संगठनों को इसके लिए आगे आना चाहिए और एन जी टी और संबधित कोर्ट में याचिका दायर करनी चाहिए ताकि प्रकृति में पेड़ों की सुरक्षा के साथ बेजुबान जीवों का आश्रय बना रहे ' रक्षक सेना के द्वारा बेजुबान जीवों से जुड़े मामले को संवेदनशील मानते हुए 5 सदस्यों को हैदराबाद भेजने का निर्णय लिया है और केंद्र सरकार से और न्यायालय से मांग की गयी है कि रात के समय चुपके से पेड़ों को काटने वालों, बेजुबानो का आसरा छीनने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और इस कांचा गाजीबोवली जंगल को सुरक्षित किया जाए ' रक्षक सेना से प्रमुख मनजीत तिहाड़ा, विनीत मोहाना, खुशवंत, सागर पांची, अंकित ककरोई, अंकित बजाना व,रोहित बिधलान, कुनाल जौरासी, सुधाकर दुबे, रितिक सोनीपत, साहिल मोई, संजय, राजेश, संजीत, अंकित जौली, विष्णु, साहिल बहालगढ, तरुण, आदित्य, रोहित, नितिन, प्रवीन, अमन, राजू, पवन, बीरू, राजेश, नरेश, साहिल उर्फ भोला आदि मौके पर मौजूद रहे।



# किसान ऊर्जा सुरक्षा एंव उत्थान महाभियान स्कीम का उठाएं लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज** यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की ओर से प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एंव उत्थान महाभियान स्कीम के तहत सोलर वाटर पम्पिंग सिस्टम के आनलाईन आवेदन सरलहरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर दिनांक 8 अप्रैल से 21 अप्रैल 2025 तक किये जाएगें, जो किसान अपने खेतों में 75 प्रतिशत अनुदान 3 एच.पी. से 10एच.पी. क्षमता तक के सोलर पंप स्थापित करवाना चाहते है वह किसान सरलहरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर आनलाईन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आनलाईन आवेदन करने के बाद जरूरी दस्तावेज जमाबन्दी/फर्द, परिवार पहचान पत्र, शपथ / वचन पत्र जमा किये गये लाभार्थी हिस्से का प्रमाण सर्वे के समय चयनित कपंनी को देने होंगे। आवेदक के नाम पहले ही से सोलर पंप कनेक्शन / बिजली आधारित पम्प न हो। जहां हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण के सर्वेक्षण के अनुसार उन गांवो में भूजल स्तर 100 फीट से नीचे चला गया है, सुक्ष्म सिंचाई प्रणाली को लगाना अनिवार्य होगा। इस वर्ष के लक्षित लाभार्थियों का चयन परिवार की वार्षिक आय व भूमि धारण (लैंड होल्डिंग) के आधार पर किया जाएगा।

# सरसों एवं गेहूं की फसल कटाई के पश्चात प्रयोगों का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**कृषि एवं किसान कल्याण** विभाग, पंचकूला के उपनिदेशक डॉ. प्रदीप गुलिया ने पानीपत खण्ड, समालखा उपमण्डल और बापौली खण्ड में सरसों एवं गेहूं की फसल के कटाई के अर्न्तगत चिन्हित प्लाटों का कटाई के पश्चात प्रयोगों का निरीक्षण किया गया। डॉ. प्रदीप गुलिया ने बताया कि फसल कटाई प्रयोग के तहत फसल की औसत पैदावार निकाली जाती है। इन प्रयोगों के माध्यम से फसल की उत्पादकता गुणवत्ता और कटाई के समय की स्टीक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कृषि उपनिदेशक डॉ. आत्माराम गोदारा ने बताया कि जिले में उच्च अधिकारियों द्वारा अपनी देखरेख में फसल कटाई प्रयोग का निरीक्षण किया जाता है ताकि सरकार को सही आकड़े प्रस्तुत किए जा सके। इन निरीक्षणें का उद्देश्य फसल कटाई आकड़ों की सटीकता को सुनिश्चित करना जो प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को सही मुआवजा प्रदान करने में सहायक होते हैं। निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग के सहायक सांख्यीकी अधिकारी हरबंश सिंह, विषय विशेषज्ञ एग्रो डॉ. अरविन्द, सांख्यीकी सहायक प्रदीप आर्य, ब्लॉक के खण्ड कृषि अधिकारी और बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि प्रगांक दिवेदी मौजूद रहे।

# कृषि विभाग ने किया सरसों एवं गेहूं की फसल कटाई के पश्चात प्रयोगों का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**कृषि एवं किसान कल्याण** विभाग, पंचकूला के उपनिदेशक डॉ. प्रदीप गुलिया ने , समालखा उपमण्डल और बापौली खण्ड में सरसों एवं गेहूं की फसल के कटाई के अर्न्तगत चिन्हित प्लाटों का कटाई के पश्चात प्रयोगों का निरीक्षण किया गया। डॉ. प्रदीप गुलिया ने बताया कि फसल कटाई प्रयोग के तहत फसल की औसत पैदावार निकाली जाती है। इन प्रयोगों के माध्यम से फसल की उत्पादकता गुणवत्ता और कटाई के समय की स्टीक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कृषि उपनिदेशक डॉ. आत्माराम गोदारा ने बताया कि जिले में उच्च अधिकारियों द्वारा अपनी देखरेख में फसल कटाई प्रयोग का निरीक्षण किया जाता है ताकि सरकार को सही आकड़े प्रस्तुत किए जा सके। इन निरीक्षणें का उद्देश्य फसल कटाई आकड़ों की सटीकता को सुनिश्चित करना जो प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को सही मुआवजा प्रदान करने में सहायक होते हैं।



# मंडियों में सरसों की आवक का कार्य जारी

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** जिले में सरसों की कटाई के बाद मण्डी में पहुंचने का कार्य अंतिम समय में पहुंच चुका है। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 29968.92 क्विंटल की आवक हो चुकी है व 28894.95 क्विंटल की खरीद की गई है। उपायुक्त ने बताया कि पानीपत मण्डी में 10741.22 क्विंटल की आवक हुई है व 10706 क्विंटल की खरीद हुई है। समालखा मण्डी में 7986.6 क्विंटल की आवक हुई है। 7573.85 क्विंटल की खरीद हुई है। मडलौडा मण्डी में 4301.1 क्विंटल की आवक हुई है।

# वातानुकूलित श्रीश्याम धर्मशाला का हुआ उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**चुलकाना धाम मे देश** विदेश से आने वाले श्रीश्याम बाबा के भक्तो के लिए अच्छी खबर है।श्रीश्याम बाबा सेवा मंडल ट्रस्ट द्वारा चुलकाना रोड पर 2450 गज मे निर्मित वातानुकूलित श्री श्याम धर्मशाला को रविवार को विधिवत उद्घाटन कर श्रीश्याम श्रद्धालुओ को समर्पित किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्यवीर गुप्ता ने बताया कि श्रीश्याम प्रेमियो के सहयोग से बनाई गई श्रीश्याम धर्मशाला मे आधुनिक सुविधाओ से लैस 32 कमरे, एक कीर्तन हाल व शानदार किचन की सुविधा दी गई है। चुलकाना धाम मे देश विदेश से आने वाले श्रीश्याम श्रद्धालु यहा मामूली चार्जेज देकर फाइव स्टार होटल जैसी सुविधाओ का आनंद ले सकेंगे। रविवार को श्रीश्याम धरमशाला का शुभांरभ हवन यज्ञ के साथ किया गया। धर्म परायण समाज सेवी लक्ष्मी नारायण गोयल की अध्यक्षता मे समारोह के मुख्य अतिथि दिल्ली निवासी जय प्रकाश मित्तल,रेखा मित्तल,पानीपत वासी सतपाल गुप्ता व संजय गर्ग ने संयुक्त रूप से फीता काटकर धरमशाला का उद्घाटन किया। इससे पहले सभी गणमान्य लोगो ने हवन यज्ञ मे आहुति डाली।उसके बाद श्रीश्याम बाबा का कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया।इस मौके पर दलीप अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, अमित अग्रवाल हैदराबाद, सजय कंसल दिल्ली, चन्द्रभान चंडीगढ़, नवल बसंल,नरेश जिंदल पानीपत, विजय सफीदों,प्रदीप बंसल,संदीप गुप्ता, रमेश मित्तल, पवन गुप्ता, नंदकिशोर सिंघल, राजेश, राहुल गर्ग व सावन मित्तल आदि मौजूद रहे। सभी ने भंडारे मे सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया।



गांव करहंस के पास जीटी रोड पर एक खेत के किनारे घास-फूस में आग लग गई। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड इंचार्ज जितेन्द्र बैनीवाल ने बताया कि समय रहते घास-फूस में लगी आग को काबू कर लिया गया। अन्यथा खेत में खड़ी गेहूं की फसल को भी नुकसान पहुंच सकता था। वहीं पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी।

# रक्तदान करके कमाये पुण्य: उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**स्थानीय आईबी महाविद्यालय** की लाईब्रेरी में सोमवार को युवा रैड क्रास, एनसीसी, एनएसएस व रैड रिबन क्लब द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों के लिए रक्त इक्कठा करना प्रमुख रूप से रहा। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने भाग लिया व कहा कि हमें रक्तदान करके पुण्य कमाना चाहिये । दूसरे लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करना चाहिये। रक्तदान से गम्भीर रूप से बिमार व घायल लोगों की जान बचाई जा सकती है। हमें रक्तदान करने से कभी भी कुरेज नहीं बरतना चाहिये। रक्तदान शिविर से अस्पतालों में रक्त की आपूर्ति सुनिश्चित होती व जरूरतमंद लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध हो जाता है। इस तरह के शिविर लोगों के लिए लाभदायी होते हैं। उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में आयरन की मात्रा कम होती है। नियमित रक्तदान से हृदय रोग को कम करने में भी मदद मिल सकती है। रक्तदान करने से शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। उपायुक्त ने इस नेक कार्य के लिए आयोजन समिति का आभार प्रकट किया व बधाई दी।

# आरोग्य भारतीय सोनीपत इकाई की मासिक बैठक हुई

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** आरोग्य भारतीय सोनीपत इकाई की मासिक सेक्टर 12 सोनीपत में बैठक हुई । जिसमें बैठक का मुख्य विषय "मेरा स्वास्थ्य है मेरा दायित्व" रहा । इस बैठक में प्रांत संगठन सचिव डॉ योगी यशपाल आर्य जी ने संगठन के विस्तार पर जानकारी दी।माननीय जिला संघचालक डॉक्टर मनोज राय जी ने कहा कि आरोग्य भारती का उद्देश्य हम स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ ग्राम, स्वस्थ राष्ट्र हैं।हम सभी का लक्ष्य स्वस्थ समाज का निर्माण करना हो तथा स्वस्थ भारत और समृद्ध भारत की संकल्पना को जमीनी स्तर पर साकार करके पुनः अपने भारत वर्ष को विश्व गुरु बना सकते हैं । एवं जिला के संरक्षक वैद्य महेंद्र वर्मा जी का भी सानिध्य प्राप्त हुआ । बैठक में जिला कार्यकरिणी की घोषणा की गई। जिसमें बतौर जिला अध्यक्ष के रूप में डॉ सुनील पवार जिला उपाध्यक्ष श्री देवेंद्र दहिया एडवोकेट गोहाना एवं श्री सुरेंद्र भारती जी के नाम की घोषणा हुई ।



# नागरिकों की समस्याओं का हो रहा मौके पर समाधान: एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**हरियाणा के मुख्यमंत्री के** कुशल मार्गदर्शन का प्रदेश की जनता को वर्तमान में अतुलनीय लाभ मिल रहा है। आम नागरिक की समस्याओं का मौके पर निदान हाने से नागरिकों में खुशी की लहर है। उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया के निर्देश पर जिला सचिवालय के सभागार में सोमवार को आयोजित किए गए जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम ब्रह्मप्रकाश ने कहा कि परमार्थ के लिए अधिकारी अपने आप को समर्पित करके जनसमस्याओं का कम से कम समय में समाधान कर रहे हैं। अधिकारियों के प्रभावी प्रयासों से नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान हो रहा है। सामाजिक कल्याण के लिए प्रशासन द्वारा इस दिशा में अभूतपुर्व कार्य किया जा रहा है। एसडीएम ने कहा कि एक आदर्श जिला बनाने के लिए जिले के लोगों को समस्याओं से मुक्त होना आवश्यक है। इसके लिए अधिकारी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए निगम के संयुक्त-आयुक्त डॉ. संजय व जिला परिषद सीईओ डॉ. किरण सिंह ने कहा कि पारदर्शी व जवाबदेही के साथ सभी अधिकारियों कार्य कर रहे हैं। समाधान शिविर में आ रही समस्याओं की भी उन्होंने समीक्षा की व अधिकारियों को और तीव्रता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागों अनुसार समस्याओं के निदान की स्थिति जानी। समाधान शिविर में क्रिड विभाग, पैंशन विभाग व पुलिस विभाग से सम्बंधित 32 समस्याएं विभिन्न लोगों द्वारा दी गई। एसडीएम ने सभी समस्याओं का तत्काल निदान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। समाधान शिविर में प्रार्थी सोनिया, प्रेरणा, ममता, कमलेश, नेहा, प्रिती, अंजली, हरिओम, साक्षी, बिन्दू, वंशिका, दीपांशु ने प्रशासन से उग्राखेड़ी स्टेडियम में हैण्डबाल कोच की नियुक्ति के लिए अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में कोच के अभाव में उनकी प्रतिभा प्रभावित हो रही है। एसडीएम ने डीएसओ को संज्ञान लेने के निर्देश दिए। प्रार्थी विकास ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया। एसडीएम ने संबंधित विभाग को जांच के निर्देश दिए। प्रार्थी रणधीर वासी छाजपुर ने गुम हुए लडके मनीष की जांच सीआईए पुलिस से करवाने का पत्र के माध्यम से अनुरोध किया। एसडीएम ने पुलिस विभाग को मामले की जांच के लिए निर्देश दिए। प्रार्थी मुकेश ने प्रशासन से अनुरोध किया कि वह गरीब व्यक्ति है। आय का कोई जरिया नही है।



# आदर्श नगर में रामनवमी पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के आदर्श नगर** इलाके में बड़े ही भव्य रूप में रामनवमी के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली गई। आपको बतादें कि इस शोभा यात्रा का आयोजन श्री राम मंदिर मजलिस पार्क ने किया। जिसमें बहुताय की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और कार्यक्रम की सराहना की।

**जनता ने की भगवान श्रीराम की पूजा:** शोभा यात्रा के दौरान क्षेत्र के लोगों ने प्रभु श्रीराम की आरती उतारी और प्रभु से प्रार्थना की कि प्रभु सभी के जीवन में खुशियां भरे।

**लोगों ने जगह-जगह शोभा यात्रा का किया स्वागत:** रामनवमी पर निकाली गई इस विशाल शोभा यात्रा का जगह-जगह जनता के द्वारा स्वागत किया गया। तो कई लोगों ने इस कार्यक्रम की सराहना भी की।

**प्रभु के भजनों पर झूमतें हुए नजर आये भक्त:** शोभा यात्रा के दौरान जहां एक ओर क्षेत्र के लोगों ने शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा की, वहीं शोभा यात्रा में भजनों पर कई भक्त जमकर नाचे।

**पिछले पांच दशक से हो रहा है यात्रा का आयोजन:** आपको बता दें की श्री राम मंदिर मजलिस पार्क पिछले 5 दशक से इस यात्रा का आयोजन करती आ रही। जिसमें इसी प्रकार से सैकड़ो की संख्या में परिवार शामिल होते है और साथ ही आदर्श नगर की तमाम सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं जगह-जगह इस यात्रा का भव्य स्वागत करती है। इस मौके पर बहुताय की संख्या में लोग मौजूद रहे।



**नरेश टंडन, प्रधान:** रामनवमी के उपलक्ष्य में आदर्श नगर क्षेत्र में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है। इस शोभा यात्रा से पूरा आदर्श नगर भक्तिमय हो गया है। मैं सभी को रामनवमी की बधाई देता हूं।



**सुनील खन्ना, महासचिव:** मैं मर्यादा पुरूषोतम प्रभु श्रीराम से प्रार्थना करता हूं कि प्रभु सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये। आज बड़े ही भव्य रूप में आदर्श नगर क्षेत्र में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है। मैं सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं देता हूं।




## मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री, दिल्ली रेखा गुप्ता के नेतृत्व में, सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य एवं परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली सरकार की वेबसाइट को नागरिकों के लिए अधिक सुगम और उपयोगी बनाने का निर्देश दिया है।

इस मौके पर दिल्ली सरकार के मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि, दिल्ली सरकार के प्रस्तावित एडवांस वेब पोर्टल के होम पेज पर पब्लिक सर्विस को और यूजर फ्रेंडली बनाया जाएगा।

## मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा ने चलाई मुहिम, अब बेटियों को शिक्षा, चिकित्सा और विवाह में मिलेगी मदद





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मॉडल टाउन** वैश्य अग्रवाल सभा कुछ नया करने के लिए दिल्ली में हमेशा ही जानी जाती है, इसी कड़ी में इस बार मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा की नवगठित महिला टीम ने लाडली बेटी सहायतार्थ अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत बेटियों को शिक्षा, चिकित्सा और विवाह में मदद मिलेगी।

आपको बातदें कि मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा द्वारा नवगठित महिला संगठन द्वारा विधायक अशोक गोयल देवराहा के निवास पर लाडली बेटी सहायतार्थ 100 गुल्लक बैंक सभी महिला सदस्यों को वितरित की गई। इस आयोजन हेतु मंजू अग्रवाल, मंजू जैन, मगन गोयल, मंजू गोयल, डॉ. श्रुति अग्रवाल, रेखा गर्ग, नीरू गोयल, संगीता गोयल का सहयोग मिला। आपको यह भी बतादें कि सभी महिलाओं ने इस योजना का भरपूर समर्थन किया और विश्वास भी दिलाया की इस कल्याणकारी योजना में सभी भरपूर सहयोग करेंगी ताकि गरीब कन्याओ की शिक्षा, चिकित्सा व उनकी विवाह-शादी में ये संस्था सहयोग कर सके। इस अभियान की विधायक अशोक गोयल देवराहा ने भी सराहना की। इस मौके पर मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के प्रधान प्रेम चन्द गुप्ता ने बताया कि मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा की ओर से यह दिल्ली में पहल की गई है। इससे बेटियों को शिक्षा, चिकित्सा और शादी में मदद मिलेगी। इस दौरान संगीता गोयल, अशोक गोयल देवराहा ने बहुत ही स्वादिस्ट जलपान करवाया, जिसके लिए सभा उनका हार्दिक धन्यवाद करती है।

# नरेला: रामनवमी पर विश्व हिंदू परिषद ने निकाली भव्य शोभायात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मयार्दा पुरुषोत्तम** भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद ने बाहरी दिल्ली के नरेला में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया। यह शोभायात्रा नरेला के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस आयोजन ने भक्ति, आस्था और एकता का एक अनुपम दृश्य प्रस्तुत किया।

शोभायात्रा की शुरूआत श्री रविदास नगर महात्रऋषि वाल्मीकि मंदिर से हुई, जहां विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भगवान राम की प्रतिमा को फूलों से सजी पालकी में विराजमान किया। ढोल-नगाड़ों की थाप और राम भक्ति से सराबोर भजनों की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते आगे बढ़े। शोभायात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं ने हाथों में भगवा झंडे लहराए, जबकि





कई युवाओं ने पारंपरिक परिधानों में तलवारबाजी और लाठी चलाने के करतब दिखाकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान बाल्मीकि समाज, जैन समाज, नरेला आदर्श रामलीला कमेटी से भगवान परशुराम, हमारी मेहनत फाउंडेशन से रानी झांसी भाई, मस्ताना मंडल पंजाबी कॉलोनी से खाटू बाबा की पालकी और सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब से भगवान राम की झांकी, भक्ति संगीत और पारंपरिक नृत्य शोभायात्रा के आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा के दौरान नरेला क्षेत्र की प्रमुख सामाजिक संस्था फेडरेशन ऑफ नरेला, गुरुद्वारा सिंह सभा, आरडब्ल्यूए नई बस्ती द्वारा शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और रामकुटी मंदिर द्वारा शोभायात्रा समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। नरेला के विभिन्न हिस्सों से गुजरती यह शोभायात्रा बवाना रोड़ पर स्थित श्रीराम कुटी श्रीराम मंदिर पर जाकर संपन्न हुई, जहां भगवान श्री राम का विशेष अभिषेक और आरती का आयोजन किया गया।

इस दौरान क्षेत्रवासियों ने अपने परिवारों के सुख-समृद्धि की कामना के साथ प्रभु श्री राम के चरणों में शीश नवाया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री अशोक गुप्ता ने बताया कि यह शोभायात्रा न केवल धार्मिक उत्सव का हिस्सा थी, बल्कि हिंदू संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के प्रति विश्व हिंदू परिषद की प्रतिबद्धता को भी दशार्ती है। इस तरह के आयोजन से समाज में धार्मिक जागरूकता और एकता का संदेश प्रसारित होता है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। विश्व हिंदू परिषद उत्तरी विभाग सहमंत्री मनोज बंसल ने कहा, रामनवमी का यह पर्व हम सभी के लिए प्रभु श्री राम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश देता है।

यह शोभायात्रा न केवल हमारी धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में एकता और सौहार्द को भी मजबूत करती है।

यात्रा का शुभारंभ श्रीरविदास नगर महात्रऋषि वाल्मीकि मंदिर से आरंभ होकर श्रीराम कुटी श्रीराम मंदिर बवाना रोड़ नरेला पर संपूर्ण हुई। यात्रा का शुभारंभ नारियल तोड़कर किया गया। इस अवसर पर विभाग कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ संजीव, प्रांत सहमंत्री विहिप अशोक गुप्ता, विभाग सहकार्यवाह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ दीपक, विभाग अध्यक्ष विहिप नरसिंह सहरावत, प्रांत सेवा प्रमुख विहिप तोता राम, विभाग मंत्री विहिप राजेश कुमार, विभाग सहमंत्री विहिप मनोज बंसल, प्रेम वशिष्ठ, अशोक बजाज, पंकज वार्ष्णेय, तरुण बंसल, कंदर्प गुप्ता, संजीव कुमार, प्रवीण गुप्ता, कुलदीप मान, सुमित कुमार, लतेश दहिया, अविनाश शंकर, देवेंद्र मान, रिया प्रभाकर, अजय कुमार, मंत्री, संदीप, मनदीप, सतेंद्र सहित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तथा विहिप से सैकड़ों कार्यकर्ता व नरेला की धार्मिक व समाजसेवी संस्थाओं में नरेला विकास संगठन से प्रधान हेमराज बंसल, महासचिव नौतन दास अरोड़ा, सुभाष रामलीला से प्रधान विष्णु दत्त शर्मा व धर्मपाल वर्मा, बाल्मीकि समाज से सुरेंद्र अमरोही व अशोक अमरोही, वरिष्ठ केसरी नागरिक क्लब से कमलेश, फेडरेशन ऑफ नरेला अध्यक्ष जोगिंदर दहिया, नरेला आदर्श रामलीला कमेटी से प्रधान राजेश खत्री, ब्रह्माकुमारी नरेला सेंटर से बीके बहन मोनिका, दीपक व निरंजन, जैन समाज से रमेश जैन व उनकी टीम, गुरुद्वारा सिंह सभा नरेला से प्रधान सरदार श्रवण सिंह व सरदार फतह सिंह, नई बस्ती आर डब्लू ए प्रधान विनोद बंसल, अग्रवाल सेवा संघ नरेला से राहुल सिंहल, भूपेश बंसल व राहुल ऐरन, राम मंदिर बवाना रोड से अनिल ठेकेदार व उनकी टीम, हमारी मेहनत फाउंडेशन से अध्यक्ष सुषमा गौतम व रामकिशोर गर्ग, मस्ताना मंडल से शालिका अग्रवाल, विवेक अग्रवाल कई लोग मौजूद रहे।

## किराड़ी क्षेत्र में नम आंखों से हुई माता रानी की विदाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: किराड़ी क्षेत्र** के रामलीला ग्राउंड में हिन्द स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित 23वाँ विशाल भव्य दुर्गा पूजा (चैत्री नवरात्र) और भगवती जागरण अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। नौ दिनों तक चला यह आयोजन पूरे क्षेत्र में भक्तिरस और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना रहा। पूरे आयोजन के सफल संचालन में हिन्द स्पोर्टिंग क्लब के प्रबंधक मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन के मुख्य कार्यकर्ताओं में पूर्व निगम पार्षद राम दयाल महतों व शंभू सिंह की विशेष भूमिका रही। जिन्होंने हर स्तर पर आयोजन को सफल बनाने में



सक्रिय भागीदारी निभाई। क्लब के अध्यक्ष संजय सिंह, कोषाध्यक्ष विजय सिंह और उपाध्यक्ष डॉ. आर. एन. मजूमदार एवं विजेन्द्र साह के नेतृत्व में तैयारियों को सधे हुए ढंग से अंजाम दिया गया। प्रमुख सदस्यों में नवेंद्र किशोर ठाकुर, शशि अनुपम राय, भारत भूषण राय, सत्यदेव गुप्ता, सुरेश पासवान, प्रदीप सिंह और अरविंद शर्मा का योगदान सराहनीय रहा। 5 अप्रैल की रात्रि को आयोजित भव्य भगवती जागरण इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें प्रसिद्ध भोजपुरी, मैथिली और हिंदी गायिकाएं सोनी साहनी एवं प्रीति प्रकाश ने अपनी भक्ति-स्वर लहरियों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जागरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और रात्रि भर भजन संकीर्तन का आनंद लिया। 6 अप्रैल को राम नवमी के पावन अवसर पर कन्या पूजन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों कन्याओं को विधिपूर्वक पूजित कर उन्हें भोजन व उपहार अर्पित किए गए। इस आयोजन का अंतिम दिन, 7 अप्रैल 2025, माता के विसर्जन के रूप में मनाया गया, जो बड़ी धूमधाम और शोभायात्रा के साथ किया जाएगा।

श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ मां दुर्गा की विदाई नम आंखों से किए और अगले वर्ष फिर भव्य आयोजन की कामना किए। इस पूरे आयोजन के मुख्य सलाहकार राम दयाल महतो रहे।

## महापुरुषों का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान: सत्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के प्रेस क्लब में राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक शेर सिंह राणा ने कहा कि जिस प्रकार से कुछ लोग जान बूझकर राणा सांगा का अपमान कर रहे है। उससे राजपूतों की भावनाओं को आहत हुआ है।

इतिहास गवाह है कि राणा सांगा ने 80 घाव सहकर बाबर जैसे आंक्रताओं से भारत की रक्षा की। जिस प्रकार से लोकतंत्र के नाम पर राणा सांगा का अपमान किया जा रहा है वह बर्दास्त के बाहर है। सरकार को ऐसे लोगों को दंडित करना चाहिए। राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री





से मांग करती है कि इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति के पास में ही एक ऐसी ज्योति सभी महापुरूषों की याद में भी होनी चाहिए। राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि जिस प्रकार से लोकतंत्र के नाम पर राणा सांगा का अपमान किया जा रहा है, वह बिल्कुल भी बर्दास्त नहीं किया जायेगा और सुमन सांसद को समाजवादी पार्टी से निष्काषित कर देना चाहिए और सांसद रामजी लाल सुमन को राज्यसभा सदस्य से भी बर्खास्त कर देना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि 'शाका' की प्रथम घटना 26 अगस्त सन्1303 में राजस्थान के चितौडगढ़ के किले में प्रारम्भ होकर 29 बार घटी, इसी तिथि यानि 26 अगस्त को "शाका दिवस" को अंतर्राष्ट्रीय शौय दिवस के रूप में दिल्ली में मनाया जायेगा। इस मौके पर राष्ट्रीय संयोजक शेर सिंह राणा, महासचिव युधिष्ठिर सिंह सालवान, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ठाकुर दुष्यंत सिंह, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सिसोदिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

# राया में आतिशबाजी से आसमान हुआ सतरंगी

**मेला आयोजित**

**बेसवा अखाड़ा रामादल और साहूकार अतरौली के मध्य रसिया दंगल का रोमांचक मुकाबला हुआ**






टीम एक्शन इंडिया
**मथुरा: राया** के गणेशबाग स्थित मनकामेश्वरी देवी मंदिर पर नवमी को राया का प्रसिद्ध आतिशबाजी मेला का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज क्षेत्रों से आये अतिशबाजो ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक पूरन प्रकाश और ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एड ने आतिशबाजी का रिमोट चलाकर किया। इस दौरान विधायक पूरन प्रकाश ने कहा कि मेला समाज मे शांति और सौहार्द का वातावरण रखने में मदद करते है। कमलकांत उपमन्यु ने कहा कि ब्रज के प्रमुख मेले परम्पराओं लोककला और संस्कृति विरासत को बढ़ावा देते है। मेला में आतिशबाज विनोद हाथरस , दुवे हाथरस , महेश सिरसागंज व अन्य अतिशबाजो ने अपनी आतिशबाजी का प्रदर्शन कर आसमान को सतरंगी कर दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों को मेला समिति के पदाधिकारियों द्वारा माता की चुनरी ओढ़कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

रात को बनबारी लाल बेसवा अखाड़ा रामादल और साहूकार अतरौली के मध्य रसिया दंगल का रोमांचक मुकाबला हुआ जिसमें विजयी टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा विकास खण्ड अधिकारी सतेंद्र सिंह भूपेश अग्रवाल नीरज अग्रवाल डॉ नरेंद्र सिंह रावत अभिषेक पाराशर ललितमोहन गुप्ता मनोज वार्ष्णेय कालीचरन अग्रवाल रामकुमार उपाध्यायरावत विकास चौधरी दीपक चौधरी, सचिन अग्रवाल पुनीत चौबे आदि मौजूद रहे।

# न्यायालय में मारपीट मामले में अधिवक्ताओं ने एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया



टीम एक्शन इंडिया
**झांसी: अपर** नगर मजिस्ट्रेट के न्यायालय में अधिवक्ताओं के बीच जमानत को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद एक कनिष्ठ अधिवक्ता ने वरिष्ठ अधिवक्ता के खिलाफ नवाबाद थाने में तहरीर दी थी। मामला बीते शनिवार का है जब अपर नगर मजिस्ट्रेट के न्यायालय में एक जमानत कराने को लेकर अधिवक्ताओं के बीच मारपीट हो गई थी। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद पीटे गए अधिवक्ता नितिन की तहरीर पर एडवोकेट रामकिशोर यादव, एडवोकेट रविंद्र कुमार और रामकिशोर यादव के अज्ञात जूनियर के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115 (2), 352 और 351 (3) में मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं एडवोकेट राम किशोर यादव ने सोमवार को नवाबाद थाने में दी तहरीर देते हुए बताया कि एडवोकेट नितिन शर्मा ने उनके जूनियर जगदेव अहिरवार को जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए गाली गलौज कर मारपीट की है। साथ ही एक अन्य जूनियर के साथ भी मारपीट कर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने नितिन शर्मा पुत्र अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351 (3) और एससी/एसटी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षा क्रांति के नाम पर पाखंड फैला रही है आप सरकार: अरविंद खन्ना

**चंडीगढ़: भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक अरविंद खन्ना ने कहा कि पंजाब की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की सरकार शिक्षा क्रांति के नाम पर पाखंड फैला रही है। आज यहां जारी एक बयान में खन्ना ने कहा कि सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए शिक्षा विभाग के शिक्षकों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को मजबूर कर रही है कि वे मंत्रियों की गतिविधियों को अपने सोशल मीडिया खातों पर साझा करें। उन्होंने कहा कि यह पहली बार हो रहा है कि सरकार दीवारों की मरम्मत या शौचालयों के उद्घाटन जैसे कार्यों को भी बड़ी उपलब्धि बताकर प्रचारित कर रही है। खन्ना ने शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह से सवाल किया कि अगर वे वास्तव में जनकल्याण के कार्य कर रहे हैं, तो फिर वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को सोशल मीडिया पर प्रचार के लिए मजबूर क्यों कर रहे हैं? खन्ना ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पंजाब का खजाना अपने आका अरविंद केजरीवाल के हितों की पूर्ति के लिए लुटा दिया है, जिसका जवाब जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में जरूर देगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली के असफल नेता अरविंद केजरीवाल को पंजाब का नायक बनाने का प्रयास कर रही है, जिसे पंजाब की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार भली-भांति जानती है कि उनके कार्यकाल में जनता की अपेक्षाएं पूरी नहीं हो सकीं, इसलिए अब यह सरकार सोशल मीडिया के जरिए लोगों को गुमराह करने की असफल कोशिश कर रही है।

### बोर्जेस ने लांच किये जैडपीआर एलमंड्स और सिंगल वैरायटी एक्स्ट्रा वर्जिन ओलिव आयल

**चंडीगढ़:** मेडिटेरेनियन फूड प्रोडक्ट्स का प्रतिष्ठित ब्रांड बोर्जेस इंडिया ने दो नये प्रीमियम प्रोडक्ट - जीरो पेस्टिसाईड रेजिडयू (जेडीपी) एलमंड्स और सिंगल वैरायटी एक्स्ट्रा वर्जिन ओलिव ऑयल पेश किये हैं। जैडपीआर एलमंड्स मार्केट में अपनी तरह की पहली पेशकश हैं जो कि स्पेन से लाये गये खास किस्म के बादाम है और अपने मीठे स्वाद के लिये प्रसिद्ध हैं। इन बादाम में पेस्टिसाईड के अवशेष प्रति किलोग्राम 0.01 मिलीग्राम या 0.01 पीपीएम है जिन्हें एक स्वतंत्र यूरोपियन लैब द्वारा प्रमाणित मानक है। ग्राहक इसकी पुष्टि पैक पर दिये गये एक क्यूआर कोड को स्कैन करके कर सकते हैं। बैच नंबर डालकर सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकते हैं। ये बादाम हल्के भुने और कुरकुरे है जोकि स्वादिष्ट होते हैं। यह प्रोडक्ट ब्लांइड रोस्टेड एलमंड्स और रोस्टेड एलमंड्स विद स्किन में उपलब्ध हैं और दोनों ग्लूटेन फ्री, हाई फाइबर और प्रोटीन युक्त हैं। कंपनी ने सिंगल वैरायटी एक्स्ट्रा वर्जिन ओलिव आयल पेश किये हैं। इनमें फ्रूटी एक्स्ट्रा वर्जिन ओलिव आयल और कैरेक्टर एक्स्ट्रा वर्जिन ओलिव आयल शामिल हैं। फ्रूटी एक्स्ट्रा वर्जिन ओलिव आयल सौ फीसदी अर्बीक्यूना ओलिव से बना है, जो अपने मीठे और फ्रूटी स्वाद के लिये मशहूर है। यह सलाद की ड्रेसिंग, कम आंच की कुकिंग, ग्रील, पास्ता और सूप के लिये उपयुक्त है। वहीं दूसरी ओर कैरेक्टर एक्स्ट्रा वर्जिन ओलिव आयल 100 फीसदी प्युकल ओलिव से बना है जो हल्का, खाने के लिये तीखे व तेज स्वाद वाला है। यह ग्रिल्ड मीट, सीफूड और रोस्टेड वेजिटेबल्स और सलाद की ड्रेसिंग के लिये उपयुक्त है। यह अनियन और गार्लिक सॉस के लिये भी अच्छा बेस है।

### उत्तर प्रदेश में छह मुख्य चिकित्साधिकारी का तबादला

**लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश में छह ?मुख्य चिकित्साधिकारी का तबादला हो गया है। सोमवार को हुए इन तबादलों में डॉ. राजेश झा को मुख्य चिकित्साधिकारी गोरखपुर, डॉ.संजय कुमार शैवाल को मुख्य चिकित्साधिकारी अम्बेडकर, डॉ. अनुपम प्रकाश भाष्कर को मुख्य चिकित्साधिकारी कुशीनगर, डॉ. संजीव वर्मन को मुख्य चिकित्साधिकारी बलिया, डॉ. भारत भूषण को मुख्य चिकित्साधिकारी सुल्तानपुर और डॉ. अनिल कुमार गुप्ता को मुख्य चिकित्साधिकारी देवरिया बनाया गया है।

### प्रयागराज: असलहों की तस्करी मामले में छात्र समेत तीन गिरफ्तार

**प्रयागराज**
**नैनी** कोतवाली एवं एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने सोमवार को असलहों की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को टोल प्लाजा अंडर पास से गिरफ्तार किया। टीम ने तस्करों के कब्जे से दस अवैध पिस्टल बरामद किया। गिरफ्तार सदस्यों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि में स्थित मुकुन्दपुर गांव निवासी नीरज मिश्रा पुत्र सत्यदेव मिश्रा, मिर्जापुर राम शिरोमणि दुबे, मेजा थाना क्षेत्र के दोहरिया गांव निवासी सत्य प्रकाश यादव पुत्र विजय नाथ यादव को गिरफ्तार किया गया है।

# एक हजार अभ्यर्थियों का अप्रेन्टिसशिप एवं अस्थाई पदों पर करेगा चयन




**आमंत्रित**

**कैम्पस ड्राइव के लिए सुबह दस बजे से संस्थान परिसर में अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया है**

टीम एक्शन इंडिया
**लखनऊ: लखनऊ** में अलीगंज स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 09 अप्रैल को टाटा मोटर्स लिमिटेड की ओर से कैम्पस ड्राइव का आयोजन होगा। टाटा मोटर्स करीब एक हजार अभ्यर्थियों का अप्रेन्टिसशिप एवं अस्थाई कामगार पदों पर चयन करेगा। कैम्पस ड्राइव के लिए सुबह दस बजे से संस्थान परिसर में अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राजकुमार यादव ने दी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राजकुमार यादव ने बताया कि टाटा मोटर्स के कैम्पस ड्राइव में दोनों महिला एवं पुरुष वर्ग के अभ्यर्थियों को आमंत्रित करते हुए बायोडाटा साथ में लाने के लिए कहा गया है। आई.टी.आई. उत्तीर्ण युवाओं के लिए एक सुनहरा मौका है। जिसमें सीधे उद्योग से जुड़ने और अपना भविष्य सुरक्षित करने का अवसर प्राप्त होगा। काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी एम.ए. खाँ ने बताया कि टाटा मोटर्स लिमिटेड अप्रेन्टिसशिप के साथ-साथ अस्थाई कामगार के रूप में कार्य करने के लिए अभ्यर्थियों के चयन के लिए शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल के साथ तकनीनी ज्ञान आवश्यक है। इसमें इलेक्ट्रिशियन, फिटर, मशीनिस्ट, मैकेनिक मोटर व्हीकल, पेंटर जनरल, टर्नर, वेल्डर, मैकेनिक डीजल इंजन, ऑटोमोटिव सीएनसी मशीनिंग टेक्नीशियन, सीएनसी प्रोग्रामर कम ऑपरेटर, टेक्नीशियन ऑटोमोटिव मैन्युफैक्चरिंग, मैकेनिक (सेंट्रल एयर कंडीशनिंग प्लांट, इंडस्ट्रियल कूलिंग एंड पैकेज एयर कंडीशनिंग), इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी सिस्टम मेंटिनेंस, इलेक्ट्रिक व्हीकल सर्विस लीड टेक्नीशियन, रेफ्रिजरेशन इक्विपमेंट मेंटिनेंस स्पेशलिस्ट, मैकेनिक (डोमेस्टिक, कमर्शियल रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग मशीन), मैकेनिक रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, मैकेनिक मैक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोटिव मैक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिक पावर इलेक्ट्रॉनिक्स (इनवर्टर, यूपीएस और ड्राइव्स की मेंटेनेंस), वायरमैन कंट्रोल पैनल इलेक्ट्रॉनिक्स तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट व्यवसायों में आई.टी.आई. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

# पूरे देश में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर में उत्तर प्रदेश को मिला अग्रणी स्थान

**डिजिटल**

**डिजिटल ट्रांजेक्शन हुए थे, वहीं 2024-25 में दिसम्बर तक आंकड़ा 1024.41 करोड़ तक पहुंच गया**

टीम एक्शन इंडिया
**लखनऊ: वित्त** विभाग से जारी आंकड़ों में उत्तर प्रदेश ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) में पूरे देश में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। 2017-18 में राज्य में 122.84 करोड़ डिजिटल ट्रांजेक्शन हुए थे, वहीं 2024-25 में दिसम्बर तक आंकड़ा 1024.41 करोड़ तक पहुंच गया है। डिजिटल लेनदेन में उत्तर प्रदेश के प्रथम स्थान पर पहुंचने में ज्यादातर ट्रांजेक्शन यूपीआई से हुए हैं। प्रदेश के वित्त विभाग ने इस कामयाबी पर विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने डिजिटल क्रांति को हर घर तक पहुंचाने का सपना सच कर दिखाया है। डिजिटल बैंकिंग को आसान बनाने के साथ-साथ गांवों तक हाई स्पीड इंटरनेट की सुविधा पहुंचाई गई है। लोगों को इसके फायदे समझाने के लिए जागरूकता अभियान चलाए गए हैं। वर्तमान आंकड़े को देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में 20,416 बैंक शाखाएं हैं जिससे चार लाख 932 बैंक मित्र और बीसी सखी भी जुड़े हैं। करीब 18,747 एटीएम संचालित हैं और चार लाख 40 हजार 95 बैंकिंग केंद्र काम कर रहे हैं। ये सुविधाएं शहरों से लेकर दूरदराज के गांवों तक लोगों की मदद कर रही हैं। बैंक मित्र और बीसी सखी जैसे कदमों से महिलाओं को भी रोजगार मिला है। ग्रामीण इलाकों में बैंकिंग आसान हुई है।

### ट्रक के नीचे कूदकर युवक ने की आत्महत्या, पुलिस शिनाख्त में जुटी

**झांसी: बबीना** थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक युवक ने ट्रक के नीचे कूदकर आत्महत्या कर ली। हादसा इतना वीभत्स हुआ कि युवक का शव सड़क पर ही चिपक गया। राहगीरों ने पुलिस और एम्बुलेंस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाने के साथ ही शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। अब घटना के 7 सेकेंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बीएचईएल चौकी के पास एक युवक सड़क किनारे पैदल चल रहा था। जैसे ही ट्रक पास में आया, युवक ने ट्रक के नीचे छलांग लगा दी। ट्रक के पहिए उसके ऊपर से गुजर गए।

# आर्डिनेंस फैक्ट्री को बम से उड़ाने की धमकी



**प्रवेश पर रोक**

**उधर सुरक्षा कारणों से फैक्ट्री परिसर में बाहरी लोगों का प्रवेश रोक दिया गया है**

टीम एक्शन इंडिया
**गाजियाबाद: उत्तर** प्रदेश के गाजियाबाद जिले के मुरादनगर स्थित आर्डिनेंस फैक्ट्री को बम से उड़ाने का ई-मेल मिला है। इसके बाद फैक्ट्री के साथ ही पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई। आनन-फानन में पूरे फैक्ट्री परिसर को खंगाला गया। पुलिस के मुताबिक फैक्ट्री के आधिकारिक मेल पर दोपहर एक बजे यह धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ। मेल में लिखा कि दोपहर दो बजे तक फैक्ट्री को बम से उड़ा दिया जाएगा। फैक्ट्री प्रशासन ने पुलिस कमिश्नर को इसकी सूचना दी। तुरंत ही सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) मसूरी व थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते की मदद से फैक्ट्री परिसर की गहन तलाशी शुरू कर दी। फैक्ट्री परिसर में कोने-कोने की जांच की गई। एसीपी लिपि नगाइच ने बताया कि आज, सोमवार को आर्डिनेन्स फैक्ट्री की मेल आईडी पर एक किसी अन्य मेल आईडी से धमकी भरा मेल प्राप्त हुआ है। इस संबंध में थाने की पुलिस टीम, साइबर सेल, बीडीएस टीम एवं अन्य टीमें साक्ष्य संकलन की कार्यवाही कर रही है, जैसे आईपी एड्रेस आदि संकलित किया जा रहा है। इसके बाद में थाना पुलिस द्वारा तहरीर प्राप्त कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। उधर सुरक्षा कारणों से फैक्ट्री परिसर में बाहरी लोगों का प्रवेश रोक दिया गया है।

# प्रयागराज: जुए के फड़ पर छापा, सात लाख 75 हजार नगदी बरामद



टीम एक्शन इंडिया
**प्रयागराज: अतरसुइया** थाना क्षेत्र की पुलिस टीम ने आपरेशन क्लीन के तहत सोमवार को संचालित हो रहे जुए के फड़ पर छापा मारकर संचालक समेत 8 जुआरियों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने फड़ से 7 लाख एवं 75 हजार नगदी तथा 23 गड्डी ताश के पत्ते और 12 मोबाइल बरामद किया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अभिजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार जुआरियों में अतरसुइया थाना क्षेत्र के हर्षवर्धन नगर मीरापुर निवासी दिलीप कुमार यादव उर्फ खड़क सिंह पुत्र स्वर्गीय मदनलाल यादव के घर की छत पर बनी झोपड़ी में किराया लेकर जुए का फड़ चलवा रहा था। करेली थाना क्षेत्र के सदियापुर निवासी रामबाबू निषाद उर्फ पप्पू निषाद पुत्र स्वर्गीय राजकुमार निषाद जुआ खेलने के लिए ग्राहक तैयार करके ले जाता था। इसी तरह अतरसुइया थाना क्षेत्र के रानीमण्डी दायराशाह गुलाम अली निवासी मुख्तार हैदर पुत्र इकबाल हैदर, मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र के ठाकुरदीन का हाता निवासी नवीन कुमार गुप्ता पुत्र अशोक कुमार, मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र के कटघर निवासी आलोक श्रीवास्तव पुत्र चन्द्रभान, करेली थाना क्षेत्र के सदियापुर निवासी आकाश निषाद पुत्र स्वर्गीय राजकुमार निषाद, खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के करबला निवासी राजेन्द्र कुमार पुत्र स्वर्गीय बेनी प्रसाद, धूमनगंज थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर मीरापट्टी निवासी विकास केसरवानी पुत्र स्वर्गीय नन्दलाल केसरवानी हैं। एडीसीपी ने बताया कि शहर में जुए एवं आनलाइन सट्टे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए आपरेशन क्लीन शुरू किया गया है। यह एक सामाजिक अपराध है। इसकी लत से कई परिवार बर्बाद हो रहे हैं। इसे रोकने के लिए लगातार अभियान जारी रहेगा। अभी हाल ही में धूमनगंज थाना क्षेत्र से आनलाइन सट्टा संचालित करने वाले गिरोह का खुलासा किया गया था।

# गबन मामले में इंस्पेक्टर व पुलिस कर्मी समेत तीन गिरफ्तार



**काबू**

**चंडीगढ़ पुलिस में तैनात एक इंस्पेक्टर और पुलिस कर्मियों समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया**

टीम एक्शन इंडिया
**बागपत: जिले की** बड़ौत पुलिस ने पांच करोड़ रुपये के गबन मामले में चंडीगढ़ पुलिस में तैनात एक इंस्पेक्टर और पुलिस कर्मियों समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। तीनों को सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इससे पूर्व भी पुलिस ने गबन मामले में दो आरोपित को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में पता चला कि चंडीगढ़ पुलिस की मदद से यह सारा षड्यंत्र रचा गया ?था। एसपी अर्पीत विजयवर्गीय ने बताया कि मेरठ की सीएमएस कंपनी बैंकों की रकम को एटीएम में डालने का काम करती है। इसके लिए कंपनी ने बड़ौत के गौरव और शामली जिले के रहने वाले रॉकी को जिम्मेदारी दी थी। कंपनी के प्रबंधक योगेंद्र सिंह ने बताया ?कि इन दोनों ने एटीएम में डालने के लिए मिले 5.26 करोड़ रुपये मशीन में नहीं डाले। कंपनी प्रबंधक ने कर्मचारियों पर कैश गबन का आरोप लगाते हुए बड़ौत कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। 24 एटीएम की वीडियोग्राफी से जांच की तो पांच करोड़ 26 लाख रुपये गबन का मामला सामने आया। इस शिकायत पर मामला दर्ज कर 25 मार्च को आरोपित गौरव व राकी को तमंचा मय कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि सारा खेल चंडीगढ़ पुलिस की सेटिंग से खेला गया। इसके बाद चंडीगढ़ में भी मुकदमा दर्ज कराया गया। प्रकरण में आरोपित चंडीगढ़ के एक इंस्पेक्टर, पुलिस कर्मी और जौहड़ी गांव निवासी मनीष को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। एसपी ने बताया कि चंडीगढ़ जेल में बंद गौरव, रॉकी, इंस्पेक्टर समेत छह आरोपियों को बी वारंट पर लाकर बागपत जेल में शिफ्ट किया गया था। न्यायालय से पांच दिन की रिमांड लेकर आरोपियों से पूछताछ की गयी। जिसमें मनीष की निशानदेही पर चंडीगढ़ से 50 हजार रुपये बरामद किये गए हैं। जबकि पुलिस ने रॉकी के खेत में गड्ढा खोदकर छुपाए गए 5 करोड़ रुपये से भरा बैग बरामद कर लिया। वहीं, गौरव के आरिफपुर खड़खड़ी गांव में भूसे के कमरे में गड्ढा खोदकर दबाए गए 99 लाख की रकम को भी बरामद कर लिए गए हैं।

# अनोखी लट्ठ पूजा को देख हैरान हुए श्रद्धालु

**पूजा की**

**हाथों में लाठी ,डंडा, फरसा, बल्लम, ध्वजा द्वारा शौर्य प्रदर्शन करते हुए लट्ठ पूजा की।**

टीम एक्शन इंडिया
**मथुरा।** चैत्र नवरात्रि में मथुरा के नरी सेमरी स्थित देवी माता मंदिर पर दस दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। रामनवमी को दोपहर बाद नवमी तिथि को मंदिर में विराजमान देवी मां की यदुवंश जादौन समाज के हजारों लोगों ने मंदिर पहुंच कर डीजे, बाजे, घोड़ा ,घोड़ी व हाथों में लाठी ,डंडा, फरसा, बल्लम, ध्वजा द्वारा शौर्य प्रदर्शन करते हुए लट्ठ पूजा की। अनोखी लाट पूजा को देख श्रद्धालु अचम्भित रह गए, वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा, मेला प्रभारी अमित चौहान,केडी चौकी इंचार्ज महेंद्र सिंह भदौरिया व प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैद रहे। मां की उपासना पारंपरिक तरीके से की जाती है, मथुरा के सेमरी देवी मंदिर की अनोखी परंपरा है, जिसे देखकर आप भी आश्चर्यचकित हो जाएंगे यहां पर यदुवंशी जादौन समाज के द्वारा लाठियां वर्षा कर देवी मां को प्रसन्न किया जाता है ,यह शौर्य प्रदर्शन किया जाता है, रविवार को नरी, सांखी, अलवाई, रहेड़ा गांव के हजारों लोगों ने रस्म निभाई। ऐसी मान्यता है कि रामनवमी के दिन सिसोदिया और यदुवंशी जादौन ठाकुरों के बीच देवी मां की प्रतिमा को ले जाने को लेकर भीषण संघर्ष हुआ था, देवी मैया के आशीर्वाद से यदुवंशी समाज ने सिसोदिया समाज को हरा दिया।

फास्ट न्यूज

## भूस्खलन: एआई से सटीकता के साथ पूर्वानुमान संभव

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: भूस्खलन की विभीषिका को ध्यान में रखते हुए जर्मनी के लिबनिज सेंटर फॉर एग्रीकल्चरल लैंडस्केप रिसर्च (जेडएएलएफ) के वैज्ञानिकों ने अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ मिलकर एक नया एआई आधारित ढांचा (मॉडल) तैयार किया है। मॉडल लगभग 95.6 फीसदी सटीकता के साथ भूस्खलन की भविष्यवाणी कर सकता है। इसमें छह अलग-अलग मशीन लर्निंग एल्गोरिदम शामिल हैं जो मिलकर पूर्वानुमान की गुणवत्ता को और बेहतर बनाते हैं। इसे मौसम के पूर्वानुमान की तरह समझा जा सकता है, जहां पुराने आंकड़ों और संकेतों के आधार पर आने वाले खतरों का अनुमान लगाया जाता है। यह ढांचा मशीन लर्निंग तकनीकों का उपयोग करते हुए भूस्खलन की आशंका वाले क्षेत्रों का अत्यंत सटीक पूर्वानुमान लगाने में सक्षम है। वैज्ञानिक पत्रिका साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित शोध के अनुसार यह प्रणाली आंकड़ों का विश्लेषण कर जोखिम वाले इलाकों को पहचानती है और उनका विस्तृत मानचित्र तैयार करती है।

शोधकर्ताओं ने भारत के पश्चिम बंगाल के उप-हिमालयी क्षेत्र में इस तकनीक का परीक्षण किया। इस तरह करता है काम : यह प्रणाली बड़े पैमाने पर पर्यावरणीय आंकड़ों जैसे वर्षा की तीव्रता, मिट्टी की प्रकृति, इलाके की ढलान, सड़क निर्माण या पेड़ों की कटाई जैसी मानवीय गतिविधियों का विश्लेषण करती है। मॉडल अतीत में हुए भूस्खलनों और उनमें मौजूद समानताओं के आधार पर संभावित खतरों की पहचान करता है। पूर्वानुमान की प्रक्रिया तीन चरण में पूरी होती है। इसमें बेस मॉडल का प्रशिक्षण, मेटा-फीचर्स का निर्माण व मेटा क्लासिफायर का प्रशिक्षण शामिल है।

## जिले में पटवारियों के हल्कों का किया जायेगा रेण्डमाईजेशन

इन्दौर: इंदौर जिले में सभी पटवारियों के हल्कों का रेण्डमाईजेशन किया जायेगा। इससे सभी पटवारियों को नये हल्के मिलेंगे। यह रेण्डमाईजेशन एनआईसी के विशेष पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा। साथ ही जिले में समग्र आईडी के ईकेवायसी के कार्य को भी तेजी देते हुए शीघ्र पूरा किया जायेगा। यह जानकारी सोमवार को यहाँ कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई समय सीमा के पत्रों की निराकरण (टीएल) की बैठक में दी गई।

अपर कलेक्टर राजेंद्र रघुवंशी, रोशन राय तथा निशा डामोर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मोदी ने देश में नई खेल संस्कृति को दिया बढ़ावा: सीएम

## प्रथम अखिल भारतीय पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर 2024-2025 के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

खेलकूद

▶▶ धर्म के जितने भी साधन हैं, उसकी पूर्ति एक स्वस्थ शरीर से ही की जा सकती है: सीएम योगी



टीम एक्शन इंडिया

लखनऊ: प्राचीन काल से ही खेलकूद की गतिविधियां भारत के जीवन का हिस्सा रही हैं। ऐसे में भारतीय मनीषियों ने भी कहा है कि धर्म के जितने भी साधन हैं, उसकी पूर्ति एक स्वस्थ शरीर से ही की जा सकती है। स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ मस्तिष्क निवास कर सकता है। अगर आप सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करना चाहते हैं तो हमें स्वस्थ भारत चाहिए। इसके लिए खेलकूद की गतिविधियों को हर स्तर पर प्रोत्साहित करने के दिशा में प्रयास होने चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एक नई खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया है। खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट के साथ देश में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के माध्यम से प्रत्येक जनपद में साई के केंद्र इस बात के उदाहरण हैं। इन सभी कार्यक्रमों को ध्यान में रख करके ही देश में ऑल इंडिया पुलिस के टूर्नामेंट के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की श्रृंखला प्रारंभ हुई है। यह अत्यंत प्रसन्नता का क्षण है कि आज से अगले 5 दिनों तक ऑल इंडिया पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर- 2025 का आयोजन उत्तर प्रदेश की राजधानी में होने जा रहा है। इसमें देशभर के केंद्रीय बलों और विभिन्न राज्यों के पुलिसबलों से जुड़े हुई 75 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता में 1,341 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। इसमें 336 महिला खिलाड़ी भी हिस्सेदार बनने जा रही हैं। इस आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश का चुनाव करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त करता हूं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रथम अखिल भारतीय पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर 2024-2025 के उद्घाटन समारोह में कहीं।

### खिलाड़ियों को भी प्रदान की जा रही प्रोत्साहन राशि

सीएम ने कहा कि ओलंपिक में प्रतिभाग करने वाले प्रदेश के खिलाड़ी को 10 लाख रुपए, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ, वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्रतिभा के लिए 5-5 लाख रुपए प्रदान किये जा रहे हैं। वहीं विभिन्न प्रतियोगिताओं में मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के माध्यम से पुलिस विभाग में सीधी नियुक्ति दी जा रही है। सरकार ने हॉकी खिलाड़ी ललित कुमार उपाध्याय को पुलिस उपाधीक्षक, क्रिकेट खिलाड़ी दीप्ति शर्मा, एथलेटिक खिलाड़ी पारुल चौधरी, शूटिंग के खिलाड़ी अखिल स्वर्ण और कबड्डी खिलाड़ी अर्जुन देशवाल को डिप्टी एसपी का पद प्रदान किया गया है। जूडो खिलाड़ी विजय कुमार यादव, कुश्ती खिलाड़ी दिव्या काकरान को नायब तहसीलदार, टेनिस खिलाड़ी अर्जुन सिंह को यात्री कर अधिकारी और एथलीट खिलाड़ी प्राची, खिलाड़ी पुनीत कुमार को जिला युवा कल्याण और प्रादेशिक दल अधिकारी के रूप में नियुक्ति प्रदान की गयी है।

**एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करेगी हैंडबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहली बार किसी प्रतियोगिता में 75 से अधिक टीमें और 1,341 खिलाड़ी एक साथ प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रदेश की राजधानी में देश भर से पूर्वोत्तर के सुदूर मणिपुर से लेकर करके केरल और तमिलनाडु की टीम, जम्मू कश्मीर से लेकर करके तेलंगाना की टीम, वेस्ट बंगाल की टीमें आयोजन का हिस्सा बन करके इसे नई ऊंचाई पर पहुंचाएंगी। प्रतियोगिता एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार कर रही हैं।

## आसाराम को 30 जून तक मिली अंतरिम जमानत

टीम एक्शन इंडिया



जोधपुर: नाबालिग से यौन शोषण के मामले में जोधपुर सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत को 30 जून तक के लिए बढ़ा दिया है।

सोमवार को राजस्थान हाईकोर्ट की डबल बेंच ने इस मामले में सुनवाई की। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की बेंच में आसाराम के अधिवक्ता और सरकारी पक्ष की दलीलें सुनी गईं। आसाराम के वकील निशांत बोडा ने इलाज पूरा करने के लिए जमानत बढ़ाने की अपील की और यह भी कहा कि आसाराम ने किसी शर्त का उल्लंघन नहीं किया है।

**सरेंडर के बाद अस्पताल में भर्ती**

गौरतलब है कि अंतरिम जमानत की अवधि खत्म होने के बाद आसाराम ने 1 अप्रैल को दोपहर 1:30 बजे जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर किया था। लेकिन करीब 10 घंटे बाद रात 11:30 बजे उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट ने भी इलाज के आधार पर उन्हें तीन महीने की अंतरिम जमानत दी थी। उसी फैसले को आधार बनाकर राजस्थान हाईकोर्ट में अर्जेंट सुनवाई की मांग की गई थी।

जमानत

▶▶ उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को हाईकोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत को 30 जून तक के लिए बढ़ा दी

## 'मोदी सरकार ने देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को आईसीयू में पहुंचाया'



टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि, देश की स्वास्थ्य व्यवस्था आईसीयू में है और केंद्र ने पिछले पांच सालों में स्वास्थ्य मंत्रालय का बजट 42 फीसदी घटाया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बदहाल करने का आरोप लगाया है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक 2 मिनट 8 सेकेंड का वीडियो पोस्ट किया है। इसके साथ कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा, विश्व स्वास्थ्य दिवस पर ये जानना जरूरी है कि आखिर किस तरह मोदी सरकार ने देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को आईसीयू में पहुंचाया है।

**खरगे ने एक्स वीडियो पोस्ट कर कसा तंज**

इस वीडियो की शुरुआत में लिखा गया है, 'दवाई, इलाज पर महंगाई की भाजपाई गोली।' इस वीडियो में मल्लिकार्जुन खरगे दावा किया है कि महंगे इलाज और कम सरकारी खर्च के आंकड़े सरकार के काम की गवाही दे रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष की तरफ से पोस्ट किए गए वीडियो में दावा किया गया है कि, 5 साल से देश की चिकित्सा मुद्रास्फीति 14% रही, जिससे इलाज कराने का खर्च अधिक बढ़ गया। इस अप्रैल से 900 जरूरी दवाइयों के दाम बढ़े हैं।

निशाना साधा

▶▶ स्वास्थ्य व्यवस्था आईसीयू में है और केंद्र ने पिछले पांच सालों में स्वास्थ्य मंत्रालय का बजट 42 फीसदी घटाया

## हमारी टीम में अब गरीब, पिछड़े, अति पिछड़े: राहुल गांधी

टीम एक्शन इंडिया

पटना: जो अबतक राष्ट्रीय जनता दल के कोर वोटर थे, कांग्रेस उसपर लक्ष कर रही है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यह बात घुमाकर लेकिन साफ-साफ कह दी है। राहुल गांधी ने बिहार में कांग्रेस पार्टी की भूमिका बताते हुए सोमवार को कहा कि गरीब, कमजोर, ईबीसी, ओबीसी, दलित और सामान्य लोगों को जोड़कर इज्जत देकर आगे बढ़ाना ही कांग्रेस पार्टी का काम है। कांग्रेस को पहले जो काम करना चाहिए था, जिस मजबूती से काम करना चाहिए था। वह हमने नहीं किया। हम अपनी गलती से समझे हैं। और, हम बिना रुके पूरी शक्ति के साथ बिहार के कमजोर और गरीब लोगों को लेकर एकसाथ आगे बढ़ेंगे।



**हमारी टीम में अब गरीब, पिछड़े, अति पिछड़े**

राहुल गांधी ने कहा कि कुछ दिन पहले हमने अपने जिला अध्यक्षों का चुनाव किया। मैं यह नहीं कहूंगा कि यह एक बड़ा कदम है। लेकिन, यह जरूरी कदम है। पहले हमारे जिलाध्यक्षों की लिस्ट में दो तिहाई सवर्ण थे। अब हमारी सूची में पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग के लोग हैं। मैंने बिहार की टीम को साफ बता दिया है कि आपका काम बिहार के गरीबों का नेतृत्व करना है। आपको गरीबों, दलितों को आगे बढ़ाना है।

पदयात्रा

▶▶ गरीब, कमजोर, ईबीसी, ओबीसी, दलित को जोड़कर इज्जत देकर आगे बढ़ाना ही कांग्रेस का काम है

## 'सपा सांसद रामजी के साथ कोई घटना होती है तो उसके जिम्मेदार योगी होंगे'

टीम एक्शन इंडिया

लखनऊ: सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सपा सांसद रामजी लाल सुमन के साथ अगर कोई बुरी घटना होती है तो इसके जिम्मेदार खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे क्योंकि वो ही ऐसे संगठनों के साथ खड़े हैं जो सपा सांसद को धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी योजनाओं की नाकामियां छिपाने के लिए सांप्रदायिक रास्ता अपना रही है। समस्याओं से लोगों का ध्यान हटाने के लिए सांप्रदायिकता को फैलाया जा रहा है।

## कांग्रेस का अधिवेशन आज से अहमदाबाद में

टीम एक्शन इंडिया

अहमदाबाद: अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के गुजरात के अहमदाबाद में आठ अप्रैल से शुरू होने जा रहे दो दिवसीय अधिवेशन में विदेश नीति, शिक्षा और निजी क्षेत्र में आरक्षण के कार्यान्वयन पर फोकस होगा। अधिवेश की टैग लाइन, 'न्यायपथ: संकल्प, समर्पण, संघर्ष' रखी गई है। इस दौरान पार्टी बूथ से विचारधारा तक की चुनौतियों पर मंथन करेगी कांग्रेस। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि कई अहम मुद्दे हैं जिन पर कांग्रेस का रुख तय किया जाएगा। विदेश नीति, शिक्षा, निजी क्षेत्र में आरक्षण का क्रियान्वयन, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की रक्षा, महंगाई और विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। अधिवेशन के लिए मसौदा समिति सात अप्रैल को अहमदाबाद में अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप देने के लिए बैठक करेगी। यह रिपोर्ट कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंपी जाएगी। अधिवेशन में राजनीतिक और आर्थिक प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान कांग्रेस एससी/एसटी/ओबीसी के लिए मौजूदा आरक्षण की रक्षा पर जोर देगी।

## शहीदों के परिवारों से मिले अमित शाह

टीम एक्शन इंडिया

कठुआ: गृह मंत्री अमित शाह ने आज कठुआ जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास स्थित बीएसएफ पोस्ट का दौरा किया। इस दौरान, उन्होंने बीएसएफ के जवानों की सराहना की और उनके कठिन हालात में देश की सीमाओं को बचाने के उनके प्रयासों को सराहा। गृहमंत्री ने कहा कि बीएसएफ के जवानों द्वारा सीमाओं की रक्षा में संघर्ष की कोई तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने जवानों की साहस और समर्पण की प्रशंसा की और उनके योगदान का उच्चतम सम्मान दिया। जिले में भारत-पाक सीमा पर अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया और कहा कि सरकार सीमा सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए नई तकनीकों का उपयोग करेगी। उनका कहना था कि विशेष रूप से भूमिगत सीमा पार सुरंगों को खोजने के लिए तकनीकी उपायों को लागू करना चाहिए। शाह ने कहा कि सीमा सुरक्षा बलों को इन नई तकनीकों से अधिक कुशलता से काम करने का मौका मिलेगा। राजभवन में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन ग्यारह शहीदों के परिवारों से मुलाकात की।



सराहना की

▶▶ बीएसएफ पोस्ट का दौरा किया। इस दौरान, उन्होंने बीएसएफ के जवानों की सराहना की







गर्मी का प्रकोप: दिल्ली में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना

## उ. भारत में गर्मी का कहर, 21 शहरों में पारा 42 डिग्री से ऊपर

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: राष्ट्रीय राजधानी समेत उत्तर से लेकर मध्य और पूर्वी भारत में गर्मी का कहर शुरू हो गया है। पांच राज्यों के 21 शहरों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया। राजस्थान के बाड़मेर में पारा 45.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो अप्रैल के पहले सप्ताह में अब तक का सबसे अधिक तापमान है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तापमान 38.2 डिग्री रहा, लेकिन मौसम विभाग ने बुधवार तक लू चलने की चेतावनी दी है और यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और यहां तक कि ओडिशा के शहरों में भी लोगों को झुलसा देने वाली गर्मी का सामना करना पड़ेगा। अप्रैल के पहले सप्ताह में लगभग हर शहर में 3 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि देखी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक हवा की गति में कमी ने गर्मी के बढ़ने में अहम भूमिका निभाई है, खासकर दिल्ली में। विभाग की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि सुबह के समय हवा की गति 8-10 किमी प्रति घंटे रहती है, दोपहर तक यह कम होकर 4-6 किमी प्रति घंटे तक आ जाती है और फिर शाम तक गति कुछ बढ़ती तो है, लेकिन 8 किमी प्रति घंटे से कम ही रहती है। मौसम विभाग ने अगले 4 से 5 दिनों तक दिल्ली के अलावा हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, राजस्थान, उत्तर भारत और मध्य प्रदेश के मैदानी इलाकों में लू जैसी स्थिति की चेतावनी दी है। इस दौरान दिल्ली में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

